हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित




Page 11 खेल

**चेन्नई की आईपीएल में 103 रन से सबसे बड़ी जीत, संजू ने रोहित की बराबरी की, सीएसके...**



Page 09 देश

**हिमाचल भवनों में कमरे महंगे, फिलहाल पुरानी दरें ही रहेंगी लागू; लेकिन कब तक?**


शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 25 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 143 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,40,200 | ₹ 2,59,900 |





## आज का इतिहास

**2010 : भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह नए लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर (एलयूएच) ख़रीदने की प्रक्रिया शुरू की।**

**2010 : हिंदुओं के स्कूल में 80 स्कूली लड़कियों ने भाग लिया था, उन्हें जहर दिया गया था।**

## न्यूज बाइट्स

### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग तेज

**नई दिल्ली (ए.)।** विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर राज्यसभा में औपचारिक पहल की है। विपक्ष के 73 सांसदों ने राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) का नोटिस सौंपा है, जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की गई है। यह नोटिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने प्रस्तुत किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही दाखिल किया गया है।

### तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरीः पटना हाई कोर्ट

**पटना (नि.सं.)।** पटना हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि आपसी सहमति से तलाक पाने के लिए पति-पत्नी का कम-से-कम एक वर्ष तक अलग रहना अनिवार्य है। अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(बी) के तहत यह शर्त पूरी किए बिना तलाक की डिक्री नहीं दी जा सकती। न्यायाधीश नानी तागिया और आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने "कुमारी वागीशा बनाम कुमार संगम" मामले में यह निर्णय सुनाते हुए परिवार न्यायालय, शिवहर के आदेश को सही ठहराया और अपील खारिज कर दी। मामले में पति-पत्नी ने आपसी सहमति से तलाक के लिए संयुक्त याचिका दायर की थी, लेकिन फैमिली कोर्ट ने इसे इस आधार पर खारिज कर दिया कि दोनों एक वर्ष की अनिवार्य अवधि तक अलग नहीं रहे थे।

### बिहार में अब निजी कामों के लिए भी बुक होंगी सरकारी बसें

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में आम लोगों के लिए एक नई सुविधा शुरू की गई है, जिसके तहत अब सरकारी बसों को निजी कार्यों के लिए भी बुक किया जा सकेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए बसों की बुकिंग और किराया संरचना तय कर दी है। अब तक निगम की बसें मुख्य रूप से सरकारी कार्यों, विभागीय कार्यक्रमों और स्कूलों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए ही उपयोग में लाई जाती थीं, लेकिन अब शादी-विवाह, पारिवारिक समारोह, धार्मिक यात्राओं और अन्य निजी आयोजनों के लिए भी आम नागरिक इन बसों को बुक कर सकेंगे। इस कदम से जहां लोगों को सस्ती और भरोसेमंद परिवहन सुविधा मिलेगी, वहीं निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है।

विश्वास मत में पास हुई सम्राट सरकार, सदन में तीखी नोकझोंक, तेजस्वी यादव ने राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का उठाया मुद्दा

# सम्राट चौधरी का विश्वास मत प्रस्ताव पास

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जहां सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा में फ्लोर टेस्ट ध्वनिमत से पास कर लिया। स्पीकर प्रेम कुमार ने नई सरकार को बधाई देते हुए बहुमत साबित होने की घोषणा की। इसके साथ ही सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली।

बहुमत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता किसी की बपौती नहीं होती और लोकतंत्र में हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने अपने राजनीतिक संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि यदि लालू प्रसाद यादव के समय उन पर अत्याचार नहीं हुआ होता, तो शायद वे आज मुख्यमंत्री नहीं बन पाते। साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि नीतीश कुमार की इच्छा थी कि वे बिहार के मुख्यमंत्री बनें। मुख्यमंत्री ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पिछले 20 वर्षों में बिहार में सुशासन स्थापित हुआ है और किसानों व महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए का लक्ष्य बिहार को समृद्ध बनाना है और इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। वहीं, विश्वास मत पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने नीतीश कुमार की राजनीतिक भूमिका को खत्म कर दिया है।

तेजस्वी यादव ने राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसी भी सरकार को विकास के लिए स्थिरता जरूरी होती है, लेकिन बिहार में पिछले पांच वर्षों में पांच सरकारें बन चुकी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर बार-बार ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हो रही है और क्या वर्तमान सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर पाएगी। सदन में हुई इस बहस ने साफ कर दिया कि आने वाले समय में बिहार की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप और तेज होने वाले हैं, जबकि जनता की नजर अब नई सरकार के कामकाज और स्थिरता पर टिकी रहेगी।



### विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पास

नारी वंदन विधेयक को संसद में पारित नहीं होने देने के लिए कांग्रेस, राजद समेत विपक्षी दलों के खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है। जदयू के नेता और उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने यह प्रस्ताव पेश किया था, जिसे विपक्ष के वाकआउट के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### 11 नए टाउनशिप को मंजूरी

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी कैबिनेट की पहली बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों पर चर्चा करते हुए बताया कि राज्य में 11 नए टाउनशिप विकसित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन टाउनशिप के नामकरण में बिहार की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को विशेष महत्व दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल शहरी विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य राज्य की पहचान और गौरवशाली इतिहास को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों का चयन किया गया है, वहां की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्व और क्षेत्रीय विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए नाम तय किए गए हैं।

## सरकारी स्कूलों को बनाएंगे इतना बेहतर कि अफसर खुद कराएंगें एडमिशन : सीएम

• स्कॉर्पियो का एयरबैग खुलने से गंभीर जानहानि टली।

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधानसभा में विश्वासमत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का स्पष्ट खाका पेश करते हुए प्रशासनिक सुधार, शिक्षा और कानून-व्यवस्था को केंद्र में रखा। अपने संबोधन में उन्होंने संकेत दिया कि सरकार अब केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब प्रखंड, अंचल और थाना स्तर तक की गतिविधियों की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) से की जाएगी। उनका मानना है कि इससे जवाबदेही बढ़ेगी और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री का बयान सबसे अधिक चर्चा में रहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी अधिकारी या मंत्री को अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, लेकिन सरकार ऐसी गुणवत्ता विकसित करेगी कि वे स्वयं सरकारी स्कूलों को बेहतर विकल्प मानें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा हो कि हर वर्ग का भरोसा इन संस्थानों पर बढ़े और लोग स्वेच्छा से अपने बच्चों का नामांकन वहां कराएं। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में शिक्षा का बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया, बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति हुई और अब अगला चरण इस व्यवस्था को और प्रभावी बनाना है। कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए राहत बढ़ाते हुए उन्होंने 8 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया। इसमें 4 लाख रुपये बीमा कंपनी और 4 लाख रुपये राज्य सरकार की ओर से दिए जाएंगे। विधानसभा सत्र की एक उल्लेखनीय बात यह भी रही कि करीब दो दशक बाद सदन में नीतीश कुमार नजर नहीं आए। वे अब राज्यसभा के सदस्य बन चुके हैं। उनके साथ-साथ नितिन नवीन की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही। कुल मिलाकर, विश्वासमत के दौरान दिए गए इस भाषण के जरिए मुख्यमंत्री ने यह संदेश देने की कोशिश की कि उनकी सरकार प्रशासनिक कसावट, बेहतर शिक्षा व्यवस्था और मजबूत कानून-व्यवस्था के साथ विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राघव चड्ढा समेत राज्यसभा के सात सांसदों ने थामा कमल



**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश की राजनीति में शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला, जब आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पार्टी से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का दामन थाम लिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है जब हाल ही में उन्हें राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया था, जिसे राजनीतिक हलकों में पहले से चल रही अंदरूनी खींचतान का संकेत माना जा रहा था। मीडिया से बातचीत के दौरान चड्ढा ने अपने फैसले को लेकर भावुक प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी को अपने "खून-पसीने से सींचा" और अपनी जवानी के 15 साल संगठन को मजबूत करने में लगाए, लेकिन अब पार्टी अपने मूल सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से पूरी तरह भटक चुकी है। उनके इस बयान को पार्टी नेतृत्व पर सीधा हमला माना जा रहा है। चड्ढा ने आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि वह "गलत पार्टी में सही आदमी" बनकर रह गए थे। उनके इस बयान से यह स्पष्ट संकेत मिला कि वह लंबे समय से पार्टी की नीतियों और निर्णयों से असहमत थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बयान न केवल उनके इस्तीफे को जायज ठहराने की कोशिश है, बल्कि आने वाले समय में उनके नए राजनीतिक रुख का भी संकेत देता है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच पहले से ही तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा रही है। ऐसे में चड्ढा का यह कदम दोनों दलों के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश लेकर आया है। इस घटनाक्रम के बाद सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

### राज्यसभा में बढ़ी भाजपा की ताकत

दरअसल संविधान की 10वीं अनुसूची में बनाए गए नियमों के तहत किसी पार्टी के सदन के दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ दूसरी पार्टी में विलय की स्थिति में दलबदल निरोधी कानून लागू नहीं होता है। सात सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद राज्यसभा में आप के केवल तीन सांसद रह जाएंगे। वहीं भाजपा के सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो जाएगी।

# बिहार में आज से बदलेगा मौसम, भीषण गर्मी के बीच आंधी-बारिश की चेतावनी

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच राहत भरी खबर आई है। मौसम विभाग ने आज से राज्य में मौसम बदलने के आसार जताए हैं। अगले 4-5 दिनों तक राज्य भर में आंधी और बारिश का दौर शुरू होने वाला है। मौसम पलटने से तापमान में भी तेजी से गिरावट आएगी। हालांकि, अगले 48 घंटों तक दक्षिण बिहार के जिलों में लोगों को हीटवेव से दो-चार होना पड़ सकता है। पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को जारी पूर्वानुमान में बताया है कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। अगले 24 घंटे में राज्य के मौसम में परिवर्तन के आसार हैं। शनिवार को सीमांचल और नेपाल से सटे उत्तर बिहार के जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। इसके बाद रविवार को समूचे उत्तर बिहार में बारिश संबंधी गतिविधियां बढ़ेंगी। 27 अप्रैल से राजधानी पटना और दक्षिण बिहार में भी आंधी, बारिश और वज्रपात का असर देखने को मिल सकता है। शनिवार को बिहार में दो तरह का मौसम देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में मेघगर्जन, वज्रपात, आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है। इसी दिन दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी है। गयाजी, नवादा, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जिले में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसके बाद 27 और 28 अप्रैल को पूरे बिहार में मौसम खराब रहने की आशंका रहेगी। सोमवार को पटना, भागलपुर, गयाजी, नालंदा, कैमूर समेत दक्षिण बिहार के जिलों में भी तेज हवाओं के साथ बरसात हो सकती है। इससे तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

### 26 को 13 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट

रविवार को उत्तर बिहार के अधिकतर जिलों में आंधी और बारिश का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिम चंपारण में बरसात, आंधी और आकाशीय बिजली गिरने का येलो अलर्ट है।

## एक ही परिवार के तीन लोगों की गंगा में डूबने से हुई मौत

**भागलपुर (नि.सं.)।** भागलपुर जिले के रंगरा प्रखंड स्थित विषहरी गंगा घाट पर शुक्रवार को गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया, जहां एक ही परिवार के तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य मुंडन संस्कार के लिए घाट पहुंचे थे, लेकिन यह खुशी का अवसर अचानक मातम में बदल गया। मृतकों की पहचान मधेपुरा जिले के भटगामा निवासी कुमोद यादव के पुत्र गौरव कुमार, पुत्री साक्षी कुमारी और उनकी बहन मौनी कुमारी के रूप में हुई है। गौरव और साक्षी सगे भाई-बहन थे, जबकि मौनी कुमारी उनकी बुआ थीं। एक साथ तीन मौतों ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गंगा स्नान के दौरान तीनों अचानक गहरे पानी में चले गए और तेज धारा में बहने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन नदी की तेज धारा के सामने सभी कोशिशें विफल साबित हुईं।

18.98 लाख परिवारों ने पूरी की प्रक्रिया

# बिहार में स्व–गणना अभियान को मिली रफ्तार, 20 लाख से अधिक परिवार जुड़े

• भियान का उद्देश्य डेटा संग्रहण को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाना

**निज संवाददाता | पटना**

भारत की जनगणना 2027 के तहत बिहार में 17 अप्रैल से शुरू हुए स्व–गणना अभियान को शुरुआती दिनों में ही व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। राज्यभर में बड़ी संख्या में लोग इस प्रक्रिया से जुड़ रहे हैं, जिससे डिजिटल और स्वैच्छिक भागीदारी को मजबूती मिल रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक राज्य में कुल 20 लाख 19 हजार 950 परिवार स्व–गणना अभियान से जुड़ चुके हैं। इनमें से 18 लाख 98 हजार 139 परिवारों ने अपनी गणना प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि 1 लाख 21 हजार 811 परिवारों ने स्व–गणना की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक और सहभागी बनाना है। स्व–गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर रहे हैं, जिससे डेटा संग्रहण में तेजी के साथ-साथ त्रुटियों में भी कमी आने की उम्मीद है। राज्य में इस अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक परिवार इसमें भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। अधिकारियों का मानना है कि यदि इसी गति से सहभागिता जारी रही, तो आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और तेजी से बढ़ेगा, जो जनगणना 2027 को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।




सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

## संदेश

माता जानकी के प्राकट्य दिवस 'जानकी नवमी' के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

माँ जानकी भारतीय नारी के सर्वोच्च आदर्श का प्रतीक हैं तथा त्याग, तपस्या, संयम, धैर्य, स्नेह और करुणा की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने जीवन की विविध चुनौतियों, संघर्षों एवं क्लेशों का अदम्य साहस के साथ सामना करते हुए अपने सभी कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और समर्पण से किया। उनकी सत्यनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता और पवित्रता हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मेरी कामना है कि जगत जननी माँ सीता हमारे जीवन को सद्गुणों से आलोकित करें तथा सबको सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 001585 (Governor Secretariat)D. 2026-27



BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना कार्य को लेकर प्रगणकको का प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न

**नारदीगंज( नवादा)**। आगामी दो मई से प्रगणकों के माध्यम से मकान सूचीकरण आनलाइन प्रक्रिया को लेकर भारत की जनगणना कार्य में लगे कर्मियों का तीन दिवसीय छठे व सप्तम बैच का प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक के रुप में मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार के अलावा प्रशिक्षक राकेश कुमार, रविरंजन कुमार और पंकज कुमार के माध्यम से प्रशिक्षण सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी जनगणना कर्मियों को क्षेत्र में जाने की तैयारियां, मिलने और बात करने के तौर तरीकों,आने वाले समस्याओं के बारें में जानकारी दी गई। साथ ही उन सभी समस्याओं को समाधान करने के तरीकों को भी बताया गया। उसके बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों औऱ पर्यवेक्षकों को समूहों में बांटकर डेमो भी कराया गया। मौके पर प्रखंड नाजिर संटू कुमार के अलावा जनगणना कर्मियों में जावेद अकरम,राजेश कुमार, श्लोक कुमार समेत अन्य भाग लिए।

### नारायणपुर में 24 घंटे का अखंड रामधुनि का आयोजन



रामधुनी में शामिल श्रद्धालु

**नरहट (नवादा)**। शुक्रवार को नरहट प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में बाबा झुनकी के शिष्य त्यागी जी के सौजन्य से 24 घंटे का अखंड रामधुनि का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन गांव के सभी ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण भक्ति-भाव से शामिल होकर रामधुनि में भाग ले रहे हैं। पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर अयोध्या शरण (समाजसेवी एवं जदयू के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य) सहित मुकेश कुमार, सियारामशरण, वीरेंद्र कुमार, रजनीकांत, शंकर कुमार (वार्ड प्रतिनिधि), उमेश सिंह, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, पंकज, सुरेंद्र सिंह एवं भूषण सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

### 'बदलाव की नींव परिवार-समाज के रास्ते राष्ट्र तक पहुंचती हैं'

**नालंदा**। 'किसी भी बड़े बदलाव की नींव व्यक्तिगत सुधार से शुरू होकर परिवार और समाज के रास्ते राष्ट्र तक पहुंचती है। भारत जैसे प्राचीन राष्ट्र का आधार केवल राजनीति या भाषा नहीं, बल्कि यहां की शाश्वत संस्कृति और आत्मीयता है।' बिहार शरीफ के नगर भवन में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य वक्ता मुकुल कानेटकर ने ये बातें कही। कानेटकर ने सामाजिक समरसता और एकात्मता पर बल देते हुए परिवार के भीतर संवाद बढ़ाने और नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक नेतृत्व और समुदाय के प्रतिनिधियों को साझा मंच प्रदान कर "पंच परिवर्तन" की अवधारणा पर मंथन करना और राष्ट्रहित में एक सकारात्मक दिशा निर्धारित करना था। संगोष्ठी में कला, शिक्षा, चिकित्सा, विधि और व्यवसाय जगत की नामचीन हस्तियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं और मोटिवेशनल स्पीकर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कानेटकर ने पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी के महत्व को रेखांकित करते हुए जल संरक्षण, वृक्षारोपण और प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली को अपनाने के तीन सूत्रों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का अर्थ केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी भाषा, भोजन, भूषा और संपूर्ण जीवन पद्धति में भारतीयता का झलकना अनिवार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआरपीएफ (आरक्षित प्रशिक्षण केंद्र, राजगीर) के उप कमांडेंट नरेश सिंह चौधरी ने की, जबकि मंच पर जिला संघचालक बृज बिहारी, विभाग सह संघचालक अशोक कुमार और संयोजक डॉ. विजय कर्ण की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगोष्ठी के उत्तरार्ध में आयोजित 40 मिनट के संवाद सत्र ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया, जहाँ उपस्थित बुद्धिजीवियों ने अपने अनुभव और जिज्ञासाएं साझा कीं। कार्यक्रम के समापन पर मंतोष जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जिसके बाद सभी अतिथियों ने स्वदेशी साहित्य केंद्र का अवलोकन किया। इस अवसर पर क्षेत्र कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह, सह क्षेत्र कार्यवाह विनेश प्रसाद, प्रांत प्रचारक उमेश जी सहित संघ के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




### पूर्व विधायक पप्पू खान पर कानून का शिकंजा, जूट फैक्ट्री की जमीन पर कब्जे का मामला

**नालंदा**। नालंदा जिले के रसूखदार नेता और पूर्व विधायक नौसादुन नवी उर्फ पप्पू खान, उनकी पत्नी आफरीन सुल्ताना के खिलाफ कानून का शिकंजा कस गया है। जालसाजी और जमीन हड़पने के गंभीर मामले में कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। जिसके बाद, बिहार शरीफ(सदर 2) के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार को चार थानों की पुलिस ने पूर्व विधायक के आवास पर छापेमारी की। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही पति-पत्नी घर छोड़कर फरार हो गए। यह पूरा विवाद भागन बीघा स्थित एक जूट फैक्ट्री की जमीन से जुड़ा है। पीड़ित ललन कुमार के अनुसार, जमीन बनारसी साव का था। जिन्होंने खतियानी किसानों और वर्तमान सांसद के एक रिश्तेदार से जमीन खरीदकर बैंक ऋण के माध्यम से जूट फैक्ट्री स्थापित की थी। बैंक ऋण न चुका पाने के कारण जब मामला नीलामी तक पहुंचा, तो हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ललन कुमार ने बैंक का कर्ज चुकता कर इस जमीन पर अपना अधिकार प्राप्त किया। फैक्ट्री शुरू करने के लिए लाखों रुपए निवेश किए। आरोप है कि पूर्व विधायक पप्पू खान ने सत्ता और रसूख के बल पर एक फर्जी व्यक्ति को खड़ा किया। जाली दस्तावेजों के आधार पर जमीन की हेराफेरी की। जांच में यह बात सामने आई कि बिना पैन नंबर और बिना वास्तविक आधार कार्ड के, गलत चौहद्दी और कम कीमत दिखाकर जमीन का निबंधन आफरीन सुल्ताना के नाम करा लिया गया। शुरुआत में बेना थाना पुलिस ने इस मामले में ढुलमुल रवैया अपनाते हुए इसे दीवानी मामला (Civil Case) बताकर 'फाइनल रिपोर्ट' लगा दी थी। इसके बाद भी ललन कुमार ने हार नहीं मानी। मामला जब पुलिस महानिरीक्षक और बाद में पुलिस महानिदेशक तक पहुंचा, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। DGP के हस्तक्षेप और नालंदा एसपी को मिले निर्देशों के बाद मामले को री-ओपन किया गया। 12 बिंदुओं पर हुई गहन जांच में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता भी उजागर हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन अंचल अधिकारी (CO) मनोज दुबे और रहूई अंचल के एक मृत कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा जिला पदाधिकारी नालंदा द्वारा की गई है। छापेमारी के बाद क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि पप्पू खां ने इसी प्रकार एक दलित (रविदास जाति) परिवार की जमीन पर भी कब्जा जमाया है। हालांकि, ललन कुमार की कानूनी लड़ाई ने क्षेत्र के अन्य पीड़ितों में भी न्याय की उम्मीद जगा दी है। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। बहुत जल्द उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं त्वरित निष्पादन हेतु दिए गए निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का उद्देश्य राज्य के नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उन्हें सरल, सहज एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में सुविधा प्रदान करने हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 11 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई में थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम चांदपुर की बबीता कुमारी द्वारा रास्ता अवरुद्ध करने, ग्राम खोजपुरा के सनी कुमार द्वारा विद्यालय में नामांकन कराने, थाना सिरदला अंतर्गत ग्राम तारण के उमेश प्रसाद गुप्ता द्वारा धान अधिप्राप्ति की राशि नहीं मिलने तथा थाना रोह अंतर्गत ग्राम मोरमा के राजेन्द्र प्रसाद द्वारा रास्ता अवरुद्ध किए जाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं।

प्रभारी जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

### जाजपुर में पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने संभाली कमान, बीमार बकरियों का किया गया जीवन रक्षक उपचार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली के हरदिया पंचायत स्थित जाजपुर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब भारी संख्या में बकरियां अचानक एक अज्ञात बीमारी की चपेट में आ गईं, जिससे न केवल पशुपालकों में भय का माहौल व्याप्त हो गया बल्कि कई बेजुबानों की जान पर भी बन आई। हरदिया पंचायत के मुखिया प्रत्याशी रहे दिलीप साव के द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, बकरियों में पतले दस्त यानी डायरिया और नाक से स्राव के साथ-साथ सर्दी-खांसी के गंभीर लक्षण देखे जा रहे थे, जिसके कारण कुछ पशुओं की मृत्यु भी हो गई और कई अन्य मरणासन्न स्थिति में पहुंच गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडलीय पशु चिकित्सालय के भ्रमणशील पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेषु कुमार ने अविलंब संज्ञान लिया और उनके कुशल निर्देशन में मोबाइल वेटरनरी यूनिट की टीम को तत्काल प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। शुक्रवार को गांव पहुंची इस विशेषज्ञ टीम में पशु चिकित्सक डॉ. बिपिन बिहारी प्रसाद, पैराकेट पप्पू कुमार और सहायक विद्यासागर कुमार शामिल थे, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर बीमार बकरियों का गहन निरीक्षण किया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि पशुओं में वायरल संक्रमण का प्रकोप है, जिसके बाद युद्धस्तर पर राहत कार्य शुरू किया गया। मोबाइल वेटरनरी वैन के माध्यम से गांव में ही कैंप लगाकर कुल 37 बीमार बकरियों का उपचार किया गया, जिसमें उनके शारीरिक भार के अनुसार 1 मिली से 3 मिली तक इनरोफ्लोक्सासिन, मेलोक्सिकैम+पैरासिटामोल और फेनिरमाइन मेलिएट जैसे जीवन रक्षक इंजेक्शन दिए गए। लगभग 15 प्रभावित पशुपालकों के पशुओं को यह चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई और चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि उपचार की इस प्रक्रिया को कल भी दोहराया जाएगा ताकि संक्रमण को पूरी तरह जड़ से खत्म किया जा सके। विभाग की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से जहां ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, वहीं पशुपालकों ने संकट की इस घड़ी में मिले सहयोग के लिए मुखिया प्रत्याशी और चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# 09 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर तैयारी तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग से आगामी दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

इसी क्रम में दिनांक 24.04.2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा के प्रतिनिधि, श्रम अधीक्षक के प्रतिनिधि, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, जिला खनन पदाधिकारी तथा दूरभाष विभाग, नवादा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने, लंबित सुलहनीय वादों के अधिकाधिक निष्पादन तथा आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। सचिव महोदय ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी विभागाध्यक्षों से लगातार विचार-विमर्श किया जा रहा है। साथ ही जिले के सभी थानाध्यक्षों को शत-प्रतिशत नोटिस तामिला कराने का निर्देश जारी किया गया है तथा नोटिस संबंधित थानों के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। बैठक में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों से भी आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी से खनन मामलों, वन विभाग के प्रतिनिधि से वन वाद, श्रम विभाग के प्रतिनिधि से श्रम वाद, विद्युत विभाग से बिजली बिल संबंधी मामलों तथा दूरभाष विभाग से टेलीफोन वादों के निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बताया गया कि इस बार अधिक से अधिक सुलहनीय वादों का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार न्यायालय के पीठ लिपिक एवं कार्यालय लिपिकों को पक्षकारों पर नोटिस निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही सहयोग के लिए पारा विधिक स्वयंसेवकों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

# उत्पाद बलों ने देशी-विदेशी शराब के साथ रजौली के दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया

## दो बाइक भी जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों का सघन पहरा बिहार शराबबंदी के बाद से लगातार है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में उत्पाद बल भ्रमणशील रहकर एवं मानवीय गुप्त सूचनाओं पर कार्रवाई करते आ रहे हैं। उत्पाद बलों ने हरदिया डैम के पास से 74 बोतल विदेशी शराब लदे एक बाइक को जब्त करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया,तो दूसरी ओर बरेव मोड़ के समीप से 75 लीटर शराब लदे बाइक को जब्त करते हुए एक नाबालिग को हिरासत में लिया।

उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आनेवाली वाहनों की सघन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बिशुनपुर गांव से विदेशी शराब की खेप हरदिया डैम के जंगली रास्तों से रजौली में आने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार को उत्पाद बलों के साथ भेजा गया। उत्पाद बलों को देखकर शराब धंधेबाज बाइक को सड़क पर पटक कर भागने लगा,जिसे उत्पाद बलों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव निवासी मनोज सिंह के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। कुंदन अपने बाइक जेएच09एएम 8992 पर दो प्लास्टिक के झोले में लगभग 74 बोतल विभिन्न कंपनियों के शराब की खेप लेकर जा रहा था।

वहीं दूसरी ओर विभागीय कार्यों से उत्पाद बल जब नवादा आ रहे थे,तो बरेव मोड़ के समीप एक संदिग्ध बाइक सावर को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में बाइक संख्या बीआर27एम6839 पर लदे प्लास्टिक के बोरे से 75 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही रजौली थाना क्षेत्र के एक विधि निरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया।

उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जब्त शराब एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस मौके पर उत्पाद एएसआई मो. साबिर के अलावे गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# शेखपुरा संगत में श्रद्धा और सेवा के साथ मनाया गया मानव एकता दिवस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




प्रवचन करते मुखी महात्मा

**नरहट (नवादा)**। संत निरंकारी मिशन के सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार शुक्रवार को ब्रांच छोटा शेखपुरा में सत्संग आयोजित कर मानव एकता दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच मुखी विनोद गुप्ता ने की। सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि मानव एकता दिवस हर वर्ष 24 अप्रैल को संत निरंकारी मिशन द्वारा शहीद बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस आपसी भाईचारे, शांति और निस्वार्थ सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान जैसे सेवा कार्यों का विशेष महत्व है, जो बाबा जी के संदेश "रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहे" को साकार करते हैं।

वक्ताओं ने 24 अप्रैल 1980 को मानवता के लिए बाबा गुरबचन सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। सत्संग के अंत में सभी संत बहनों द्वारा घर से लाया गया लंगर प्रसाद एक साथ बैठकर ग्रहण किया गया, जिसके माध्यम से मिलवर्तन और आपसी एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना बताया गया। सत्संग के अंत में श्रद्धालुओं ने मानव सेवा और सामाजिक एकता के लिए संकल्प भी लिया। सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं भक्तों ने प्रवचन एवं भजन का आनन्द लिया। इस अवसर पर सेवादल संचालक डॉ रामचन्द्र प्रसाद, बाल्मीकि जी, रामवृक्ष जी, हरि जी, आनंदी जी, कपिल जी समेत काफी संख्या में मिशन से जुड़े श्रद्धालु मौजूद थे।

### संतुलित उर्वरक उपयोग को लेकर चला जिले के विभिन्न गांवों में चला जागरूकता अभियान



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग,कृषि मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार उर्वरकों के असंतुलित एवं अत्यधिक प्रयोग से उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र एवं आत्मा के संयुक्त तत्वाधान में नवादा जिले के विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांवों में 13 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग,एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन,जैव उर्वरक,कार्बनिक खाद तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देते हुए किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी गई। किसानों को फसलवार अनुशंसित उर्वरक मात्रा एवं संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाकर फसल उत्पादन बढ़ाने के तरीकों की जानकारी भी प्रदान की गई।

# कौआकोल में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

♦ ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल नवादा के बैनर तले प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर अवस्थित राजेंद्र भवन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों को पंचायती राज व्यवस्था के महत्व, ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका तथा स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है, जो गांव स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार, रजत रंजन,फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन एवं पिंटू पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रजौली के मनहर में बासी मिठाई ने मासूमों को सुलाया अस्पताल के बेड पर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली स्थित मनहर गांव में एक मांगलिक उत्सव के बाद का उल्लास उस वक्त मातम जैसी दहशत में बदल गया, जब शादी के जश्न की बची हुई मिठाइयां बच्चों के लिए 'मीठा जहर' साबित हुईं। 20 तारीख को ओंकार सिंह के घर से उठी शहनाइयों की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि तीन दिन बाद बासी हो चुके पकवानों ने गांव की गलियों में चीख-पुकार मचा दी।जैसे ही इन मिठाइयों का वितरण हुआ, देखते ही देखते मासूमों की तबीयत बिगड़ने लगी और गांव का हर दूसरा घर अपने लाडले को गोद में उठाकर अस्पताल की ओर भागता नजर आया।

आधी रात के करीब 12 बजे जब पूरा इलाका गहरी नींद में था, तब रजौली अनुमंडल अस्पताल में बदहवास परिजनों की भीड़ और बच्चों की कराह ने सन्नाटे को चीर दिया। पेट में मरोड़, लगातार होती उल्टियां और बेहोशी जैसी हालत में पहुंचे नीरज कुमार, पलक कुमारी, शीला देवी, अमृता कुमारी, आरोही कुमारी, रिमझिम कुमारी, आयुष कुमार, अंशिका कुमारी और ऋषिका कुमारी और उनके दर्जनों साथियों को देख डॉक्टरों ने तुरंत मोर्चा संभाला। डॉ. सूरज कुमार की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए प्राथमिक उपचार शुरू किया, जिससे गनीमत यह रही कि किसी भी बच्चे की जान पर नहीं बनी और सभी को खतरे से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, अस्पताल के बेड पर लेटे इन मासूमों के चेहरों की पीलाहट उस लापरवाही की गवाही दे रही थी, जो 'प्रसाद' समझकर बांटी गई बासी मिठाई के रूप में सामने आई।यह घटना केवल एक फूड पॉइजनिंग का मामला नहीं है, बल्कि उस सामाजिक नासमझी पर भी करारा प्रहार है जहां लोग अक्सर दिखावे या बर्बादी रोकने के नाम पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर बैठते हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में तीन दिन पुराना पकवान किसी हथियार से कम घातक नहीं होता, जिसका खामियाजा इन मासूमों को भुगतना पड़ा। फिलहाल प्रशासन और डॉक्टरों ने सख्त चेतावनी जारी की है कि उत्सव की चमक में खान-पान की शुद्धता को न भूलें, वरना चंद मिनटों की लापरवाही किसी हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को ताउम्र के दर्द में बदल सकती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हथियारबंद बदमाशों की घर में घुसने की कोशिश नाकाम, परिजनों के जागने पर मौके से फरार

**गयाजी।** गयाजी के मधुसूदन कॉलोनी रोड नंबर 3 में हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में चोरी का प्रयास किया। घर के सदस्यों के जागने और शोर मचाने पर सभी मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना विष्णुपद थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात करीब 12:50 बजे तीन से चार की संख्या में बदमाश विनोद कुमार के मकान की छत पर चढ़ गए। सभी के पास हथियार भी थे। घर में प्रवेश कर चोरी करने की फिराक में थे, लेकिन इसी दौरान परिवार के सदस्यों की नींद खुल गई। शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों के जुटने से पहले भाग निकले। पूरे मोहल्ले में भय और असुरक्षा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से इलाके में चोरी और आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। क्षेत्र में पुलिस गश्ती की व्यवस्था कमजोर है, जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे। सीसीटीवी फुटेज में चोरों को सुनियोजित तरीके से घर में घुसने का प्रयास करते साफ देखा जा सकता है। हालांकि अभी तक किसी की पहचान नहीं हुई है। इस संबंध में विष्णुपद थानाध्यक्ष का कहना है कि मधुसूदन कॉलोनी में एक घर में चोरों की कोशिश हुई है। कान मालिक ने लिखित आवेदन दिया है। सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया गया है। जांच की जा रही है, पहचान होने के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

### 5 लाख के 30 चोरी के मोबाइल जब्तःमोटरसाइकिल सहित फर्जी बिल बरामद, आरोपी घर छोड़ कर फरार

**गयाजी।** गया रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी की ओर से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत एक सफलता मिली है। गुरुवार को हुई संयुक्त कार्रवाई में पुलिस टीम ने लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के 30 चोरी के मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और फर्जी बिल बरामद किए हैं। हालांकि, इस मामले का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई पटना जिले के मसौढ़ी निवासी 20 सालके रौशन कुमार की शिकायत के बाद शुरू हुई। रौशन कुमार ने जीआरपी थाना गया में शिकायत दर्ज कराई थी कि गया रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ने उन्हें 16,000 रुपये में वीवो कंपनी का मोबाइल बेचा था। बाद में मोबाइल में खराबी आने पर जब वे उसे सर्विस सेंटर ले गए, तो पता चला कि मोबाइल चोरी का है और उसके साथ दिया गया बिल भी पूरी तरह फर्जी था। इस शिकायत के आधार पर जीआरपी गया ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 115/26 दर्ज किया। इसके बाद जीआरपी, आरपीएफ पोस्ट, अपराध शाखा और सीपीडीएस टीम के अधिकारियों को मिलाकर एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने बुनियादगंज थाना क्षेत्र स्थित आरोपी गौतम कुमार के घर पर छापेमारी की। आरोपी मौके पर नहीं मिला, लेकिन उसकी मां और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कुल 30 मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें 20 सही हालत में थे और 10 क्षतिग्रस्त थे। इसके अलावा, एक हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और कई खाली बिल भी मिले, जिनका उपयोग फर्जी बिक्री के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने सभी बरामद सामान को जब्त कर लिया है और मामले की जांच तेज कर दी है। आरपीएफ थाना अध्यक्ष बनारसी यादव ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह का हिस्सा हो सकता है, जो रेलवे स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों को सस्ते दाम पर मोबाइल बेचकर ठगी करता था। फरार आरोपी की तलाश जारी है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और टिकट कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गया और शेरघाटी रेलवे क्षेत्रों में विशेष छापेमारी एवं सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य टिकटों की अवैध बिक्री, दलालों की गतिविधियों और अन्य गैरकानूनी कार्यों पर रोक लगाना था। अभियान के तहत सहायक उप निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला ने अपने दल के साथ शेरघाटी बुकिंग काउंटर पर छापेमारी की। उन्होंने काउंटर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की भी गहन जांच की। यात्रियों से पूछताछ की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि कहीं कोई अवैध टिकट बिक्री या दलाली तो नहीं हो रही है। जांच के दौरान सब कुछ सामान्य पाया गया और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई। इसी तरह उप निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ की एक अन्य टीम ने गया रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर सघन जांच अभियान चलाया। टीम ने टिकट वितरण प्रणाली, काउंटर संचालन और यात्रियों की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अलावा स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान न तो कोई टिकट कालाबाजारी का मामला सामने आया और न ही किसी प्रकार की अवैध गतिविधि की पुष्टि हुई। दोनों ही स्थानों पर स्थिति पूरी तरह सामान्य पाई गई।

### मगध यूनिवर्सिटी में पहली बार मेगा एलुमनी मीट

**गयाजी।** मगध यूनिवर्सिटी में पहली बार 25 अप्रैल को मेगा एलुमनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन करेंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई है। लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। हर स्तर पर कोर टीम की ओर से प्लानिंग हो रही है। कुलपति प्रो. एसपी शाही ने बताया कि यह सिर्फ मिलन नहीं, बल्कि यूनिवर्सिटी के भविष्य को नई दिशा देने का मंच होगा। देश-विदेश में काम कर रहे पुराने छात्र इसमें शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, पूर्व मंत्री डॉ. अशोक चौधरी और विधान परिषद सदस्य डॉ. नवल किशोर यादव के आने की संभावना है। इससे आयोजन का दायरा और बड़ा हो गया है। पहली बार इतने बड़े पैमाने पर पूर्ववर्ती छात्रों को एक मंच पर लाया जा रहा है। एलुमनी मीट का मकसद सिर्फ पुराने दिनों को याद करना नहीं है। पूर्व छात्रों के अनुभव और सुझाव से यूनिवर्सिटी को आगे बढ़ाने की योजना है। रिसर्च, इनोवेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर भी चर्चा होगी। यूनिवर्सिटी के पुराने गौरव को वापस लाने की कोशिश तेज की जाएगी। कुलसचिव डॉ. मंगलम ने बताया कि तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मेहमानों के ठहरने, सुरक्षा और स्वागत के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। हर स्तर पर मॉनिटरिंग हो रही है। संयोजक प्रो. निभा सिंह ने बताया कि एलुमनाई मीट में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। पूर्व छात्र अपने अनुभव साझा करेंगे। सम्मान समारोह रखा गया है। नेटवर्किंग से पुराने रिश्ते फिर मजबूत होंगे। वहीं, सीसीडीसी प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि इसका सीधा फायदा छात्रों को मिलेगा।

# गयाजी में 5 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले 3 बदमाश अरेस्ट

## डायग्नोस्टिक के मालिक से मांगे थे रुपए, जान से मारने की दी थी धमकी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी के रामपुर थाना पुलिस ने रंगदारी के एक मामले में कार्रवाई की है। मोबाइल फोन से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग कर दहशत फैलाने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद हुआ है। बरामद सिम कार्ड से बदमाशों ने रंगदारी मांगी थी। यही नहीं पकड़े गए तीनों बदमाशों ने इमामगंज के ज्वेलर्स के मालिक से इसी महीने 20 लाख की रंगदारी की मांग की थी। इस बात की पुष्टि सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने मीडिया के सामने की।

**पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थीः** सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि 15 अप्रैल 2026 को वादी कुंदन कुमार श्रीवास्तव ने लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया था कि उसके मोबाइल पर कॉल कर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। शिकायत मिलते ही रामपुर थाना में कांड संख्या 221/28 दर्ज किया गया। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई। टीम का नेतृत्व डीएसपी नगर-02 कर रहे थे। इसमें रामपुर, इमामगंज थाना और तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मी शामिल किए गए। जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ कि जिस नंबर से 5 करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी, उसी नंबर से इमामगंज के एक ज्वेलर्स से 20 लाख रुपये की मांग भी की गई थी। इस मामले में इमामगंज थाना में पहले से कांड संख्या 114/25 दर्ज था। इसके बाद पुलिस ने दोनों मामलों को जोड़कर कार्रवाई तेज कर दी।

सबसे पहले पुलिस ने शेरघाटी थाना क्षेत्र के अनत बिगहा चीताबकला गांव से सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अहम जानकारी दी। उसने बताया कि घटना में इस्तेमाल मोबाइल और सिम उसने विकास कुमार को दिया था। इसके बाद पुलिस ने गुलजार बिगहा में छापेमारी की और विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से सिम कार्ड बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि मोबाइल उसने संजीत कुमार को दिया था।

**घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामदः** फिर पुलिस ने इमामगंज बाजार के एक किराए के मकान में छापा मारा। वहां से संजीत कुमार को दबोचा गया। उसके पास से घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। इनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी चल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस नेटवर्क के बाकी सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गयाजी पुलिस ने 107 गुम मोबाइल खोजे, लोगों को 4 लाख की संपत्ति लौटाई

### कहा- सीआईआर पोर्टल पर मोबाइल की दें सूचना



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी पुलिस ने जिलेभर से गुम हुए 107 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को एसएसपी सुशील कुमार ने वापस सौंप दिए। लाखों की संपत्ति मिलने के बाद लोगों के चेहरे खिल उठे। एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुम मोबाइल के मामलों को गंभीरता से लिया गया। सभी थाना और ओपी क्षेत्रों को अलर्ट किया गया। इसके बाद DIU और टेक्निकल टीम की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम लगातार काम कर रही थी और हर केस की मॉनिटरिंग की जा रही थी।

**मोबाइल फोन को ट्रैक कियाः** जांच के दौरान CEIR पोर्टल की मदद ली गई। इसी के जरिए मोबाइल फोन को ट्रैक किया गया। पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी और तकनीकी विश्लेषण के बाद कुल 107 स्मार्टफोन बरामद किए। इनकी कीमत करीब 34 लाख रुपये आंकी गई है।

मोबाइल मिलने के बाद उन्हें उनके असली मालिकों को बुलाकर सौंपा दिया गया। कई लोग ऐसे थे जिन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि उनका फोन वापस मिलेगा। फोन हाथ में मिलते ही लोगों के चेहरे पर खुशी साफ दिखी। कई लोगों ने पुलिस टीम को धन्यवाद भी दिया। कहा कि उम्मीद खो चुके थे लेकिन गया पुलिस ने इस मामले में दिल जीत लिया। एसएसपी ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान आगे भी जारी रहेगा। गुम या चोरी हुए मोबाइल को वापस दिलाने के लिए पुलिस लगातार काम करती रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत थाना में शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही CEIR पोर्टल पर भी जानकारी जरूर डालें। इससे मोबाइल को ट्रैक करना आसान होता है।

## महिला की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप, कहा- दबंग जबरन पक्का निर्माण कर रहे

### जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** गया के खरखुरा क्षेत्र में एक महिला ने अपनी खरीदी हुई जमीन पर अवैध कब्जे और पक्का निर्माण का आरोप लगाया है। पीड़िता बेबी देवी ने इस संबंध में जिलाधिकारी के जनता दरबार में न्याय की गुहार लगाई है। बेबी देवी के अनुसार, उन्होंने खरखुरा इलाके में विधिवत रूप से जमीन खरीदी थी। उनका आरोप है कि अंकज कुमार और रिंकी गुप्ता नामक व्यक्तियों ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर पक्का निर्माण काम शुरू कर दिया है। महिला ने बताया कि जब उन्होंने अवैध निर्माण का विरोध किया, तो आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। बेबी देवी ने इस मामले में भूमाफियाओं और आपराधिक तत्वों की संलिप्तता का भी आरोप लगाया है।

**प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांगः** पीड़िता ने पहले स्थानीय स्तर पर भी शिकायत करने का प्रयास किया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी के जनता दरबार में लिखित आवेदन देकर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। अपने आवेदन में बेबी देवी ने मांग की है कि उनकी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को तुरंत रोका जाए। उन्होंने कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की है।

इस संबंध में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि आज जनता दरबार में कई आवेदन आए हैं, जिसमें महिला का आवेदन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है, क्योंकि यह भूमि विवाद से जुड़ा हुआ है। यह मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिले में जमीन विवाद और अवैध कब्जे की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं।

## 30 लाख के जेवरात-8 लाख कैश जब्त, पटना में व्यवसायी के घर पर की थी चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** राजधानी पटना और उसके आसपास के जिलों में चोरी की वारदातों से दहशत फैलाने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने करीब 30 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 7 लाख 97 हजार रुपये की भारी-भरकम नगदी बरामद की है। यह संयुक्त कार्रवाई पटना के पाटलिपुत्र और एसकेपुरी थाना पुलिस की ओर से नालन्दा के सोहसराय थाना पुलिस के सहयोग से की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी सूचना के आधार पर आशा नगर के मौलानगर मोहल्ले में छापेमारी कर आरोपी को उसके ठिकाने से दबोच लिया, जिसकी पहचान मोहम्मद कलीम के बेटे मोहम्मद परवेज के रूप में हुई है।

पकड़ा गया आरोपी बेहद शातिर किस्म का है और वह योजनाबद्ध तरीके से केवल संपन्न घरों, विशेषकर डॉक्टरों और बड़े व्यवसायियों को अपना निशाना बनाता था। सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि हाल के दिनों में आरोपी ने एसकेपुरी थाना क्षेत्र स्थित महावीर संस्थान में कार्यरत केरल के एक डॉक्टर के घर में घुसकर जेवरात और नगदी पर हाथ साफ किया था।

इसके अलावा, उसने पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के एक पॉश अपार्टमेंट में रहने वाले व्यवसायी के घर से करीब 11 लाख रुपये नगद की बड़ी चोरी को अंजाम दिया था। इन घटनाओं के बाद पटना पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी, जबकि वह पुलिस को चकमा देने के लिए कोलकाता फरार हो गया था।

**बदमाशों से पूछताछ कर रही है पुलिसः** पुलिस ने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए आरोपी की लोकेशन ट्रैक की और जैसे ही उसके वापस लौटने की सूचना मिली, घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। इस सफल छापेमारी दल का नेतृत्व एसकेपुरी थानाध्यक्ष जितेंद्र राणा, पाटलिपुत्र थाना के दारोगा अर्जुन मंडल और टुनटुन चौधरी ने किया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गिरोह में अन्य कौन लोग शामिल हैं और उसने अब तक और कितनी जगहों पर इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया है। इस गिरफ्तारी को पटना पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे इलाके में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## बिहार पुलिस में 30 हजार से अधिक बेटियां तैनात

### श्रवण कुमार बोले- नीतीश के संकल्पों को नई ऊंचाई देगी एनडीए सरकार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** बिहार विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान एनडीए सरकार के विश्वास मत पर चर्चा करते हुए जदयू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल को राज्य के पुनर्जन्म का काल बताया। जेडीयू के विधायक दल के नेता और पूर्व मंत्री श्रवण कुमार ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार ने अपमान के दौर को पीछे छोड़कर स्वाभिमान की एक नई गाथा लिखी है। उन्होंने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए याद दिलाया कि साल 2005 से पहले बिहार की पहचान 'अपहरण उद्योग', 'चारा घोटाला' और 'जंगलराज' के रूप में होती थी। अंतरराष्ट्रीय मीडिया और बीबीसी जैसी संस्थाओं में राज्य की छवि बेहद धूमिल थी, लेकिन नीतीश कुमार के संकल्पों ने 'बिहारी' शब्द को अपमान के बजाय गौरव का प्रतीक बना दिया है। जदयू नेता ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार को देश का पथ-प्रदर्शक बताते हुए कहा कि राज्य ने इस दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि बिहार देश का पहला ऐसा राज्य बना,जिसने त्रिस्तरीय पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सत्ता के केंद्र में बिठाया।

**बिहार पुलिस में 30 हजार से अधिक बेटियां तैनातः** सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था का ही परिणाम है कि आज बिहार पुलिस में 30 हजार से अधिक बेटियां तैनात हैं, जो पूरे देश के लिए एक अद्वितीय मिसाल है। इसके अलावा जीविका दीदियों के माध्यम से राज्य में सामाजिक और आर्थिक क्रांति आई है, जिसमें 11 लाख 88 हजार स्वयं सहायता समूहों ने डेढ़ करोड़ परिवारों को सीधे तौर पर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। ग्रामीण परिदृश्य में आए बदलावों की चर्चा करते हुए उन्होंने 'सात निश्चय' योजना को मील का पत्थर करार दिया। श्रवण कुमार ने कहा कि जब यह योजना शुरू हुई थी, तब विरोधियों ने इसके बजट और सफलता पर सवाल खड़े किए थे, लेकिन सरकार ने महात्मा गांधी, डॉ. लोहिया और बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को धरातल पर उतारते हुए दलित बस्तियों से विकास की शुरुआत की। सदन के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पूर्ण समर्थन सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार को हासिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान एनडीए सरकार मुख्यमंत्री के संकल्पों को पूरा करते हुए बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## एलपीजी-पेट्रोल की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों और वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान जिले में ईंधन की किसी भी प्रकार की कमी की खबरों का खंडन करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन और तेल कंपनियां आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तत्पर हैं। समीक्षा में पाया गया कि आईओसीएल और बीपीसीएल के सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं, जबकि एचपीसीएल के जिन तीन पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति बाधित थी, वहां भी पर्याप्त तेल उपलब्ध कराकर उन्हें सुचारू कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने तेल कंपनियों के सेल्स अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान में विवाहों के सीजन के कारण ईंधन की मांग बढ़ी है। मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखें और स्टॉक में पांच से दस प्रतिशत अतिरिक्त तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि विधि-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न न हो। रसोई गैस की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को निरंतर एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने गैस बैकलॉग को 4.1 से घटाकर 3 के भीतर लाने का कड़ा निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया है। इसके साथ ही, जिले में वैकल्पिक और सुरक्षित ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए उन्होंने जानकारी दी कि बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर और सिलाव के कई वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है।

जिलाधिकारी ने इन क्षेत्रों के निवासियों से अनिवार्य रूप से पीएनजी कनेक्शन लेने की अपील की है, ताकि एलपीजी सिलिंडर पर निर्भरता कम की जा सके और उपभोक्ताओं को निरंतर गैस की आपूर्ति मिलती रहे। उन्होंने प्रशासन की ओर से निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछे 30 दिन से अधिक का समय हो गया है, वहां विशेष निरीक्षण कर कनेक्शन की स्थिति का जायजा लिया जाए।

ईंधन के वितरण में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने आम जनता से पैनिक न होने का अनुरोध किया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि पेट्रोल-डीजल या रसोई गैस की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू सिलिंडरों के व्यावसायिक उपयोग में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों या संस्थानों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना देने के लिए जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष का संचालन किया जा रहा है, जिसका टोल-फ्री नंबर 06112-233168 जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने लोगों से आह्वान किया है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध भंडारण या कालाबाजारी की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत इस नंबर पर सूचित करें ताकि दोषियों पर नकेल कसी जा सके।

# गयाजी के अल्पसंख्यक कॉलेज की नई बिल्डिंग की बुनियाद रखी, हेड मास्टर ने किया शिलान्यास, कहा- ये बिहार का इकलौता माइनॉरिटी कॉलेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**गयाजी।** गयाजी के अल्पसंख्यक तालीमी इदारे मिर्जा ग़ालिब कॉलेज में तरक़्क़ी का नया सफर शुरू हो गया है। सालों पुरानी जर्जर इमारत को डिमॉलिश कर दिया गया। उसी जगह शुक्रवार को नई, आलीशान और मॉडर्न बिल्डिंग की बुनियाद रखी गई। इस अहम मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल, शासी निकाय के सदर प्रोफेसर हफ़िज़ूर रहमान व सचिव शबी आरफीन शमशी ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम के बाद पूरे कैंपस में खुशी का माहौल दिखा। कॉलेज इंतेजामिया का कहना है कि यह सिर्फ इमारत नहीं, बल्कि आने वाले कल की मजबूत बुनियाद है। नई बिल्डिंग में तालीम के तमाम आधुनिक साधन मुहैया कराए जाएंगे। स्मार्ट क्लास, बेहतर क्लासरूम और टेक्निकल सुविधाएं छात्रों को मिलेंगी। इससे पढ़ाई का माहौल और बेहतर होगा। प्रबंधन ने बताया कि मिर्जा ग़ालिब कॉलेज की बुनियाद 1969 में रखी गई थी। शहर के मशहूर शिक्षाविदों और समाज के जिम्मेदार लोगों की कोशिशों से यह इदारा खड़ा हुआ। शुरुआती दौर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन कॉलेज ने हर मुश्किल को पार करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई। आज यह मगध विश्वविद्यालय के बेहतरीन कॉलेजों में शुमार है।

**बिहार का इकलौता माइनॉरिटी कॉलेज :** कॉलेज में 18 स्नातक और 18 स्नातकोत्तर कोर्स चल रहे हैं। खास बात यह है कि यह बिहार का इकलौता माइनॉरिटी कॉलेज है, जहां तमाम विषयों में पीजी की पढ़ाई होती है। करीब 10 हजार छात्र-छात्राएं यहां तालीम हासिल कर रहे हैं। कॉलेज के स्टूडेंट्स लगातार यूनिवर्सिटी में टॉपर बनते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में कॉलेज ने तेज़ी से तरक़्क़ी की है। 2018 में मगध विश्वविद्यालय के करीब 2.87 एकड़ जमीन खरीदी गई। NAAC से ग्रेड-B की मान्यता मिली। 2022 में नया वोकेशनल भवन तैयार हुआ। पूरा सिस्टम कैशलेस किया गया। डिजिटल लाइब्रेरी और मॉडर्न लैब भी स्थापित की गई।

कॉलेज में 60 क्लासरूम और 7 स्मार्ट क्लास मौजूद हैं। 25 हजार से ज्यादा किताबों से लैस डिजिटल लाइब्रेरी छात्रों के लिए उपलब्ध है। वोकेशनल और स्किल बेस्ड कोर्स पर खास तवज्जो दी जा रही है। ताकि छात्रों को रोजगार के बेहतर मौके मिल सकें। कॉलेज इंतेजामिया का कहना है कि नई बिल्डिंग बनने से इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत होगा। डिजिटल कैंपस का ख्वाब भी जल्द पूरा होगा। इस मौके पर अल्लामा गालिब की कालेज कैम्पस में एक अदना सा भी स्टैच्यू नहीं होने से जुड़े सवाल के जवाब में प्रबंधन ने कहा कि पूर्व में हमारे पास जगह नहीं थी। लेकिन अब हमें जगह मिली है। निश्चित तौर पर देश की हसीन शख़्सियत मिर्जा गालिब का स्टैच्यू होगा। क्योंकि कालेज ही उनके नाम से है। इंतेजामिया को उम्मीद है कि यह नया कदम कॉलेज को कामयाबी की नई बुलंदियों तक ले जाएगा। नई इमारत को उसी दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध मिट्ट खनन कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को खनन विभाग ने किया जब्त

**राजपुर**। राजपुर नोखा रोड में पडरिया बजार से आगे बीडीओ राजपुर रविराज द्वारा विगत गुरूवार को अवैध मिट्टी खनन करके ले जा रहे दो ट्रैक्टर को रोककर पुछताछ करते हुए बघैला पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया. जिसके बाद खनन विभाग ने जांच करके दोनों ट्रैक्टर को जब्त करते हुए लाखों रूपया का फाईन करते हुए बघैला थाना के जिम्में कर दिया गया. बीडीओ ने बताया कि ट्रैक्टर चालक गलत इंस्ट्रक्शन देते हुए उन्हें टहलाया और जेसीबी मशीन को मौके से भगाने में सफल हो गया.थानाध्यक्ष करण कुमार ने बताया कि बघैला थाना में ट्रैक्टर को जब्त करके रखा गया है.

### मारपीट कांड में चार आरोपी गिरफ्तार,पुलिस ने भेजा जेल

**बिक्रमगंज /रोहतास** : थाना क्षेत्र में मारपीट के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमोढ़ी निवासी मारपीट मामले में दर्ज बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 285/26 में अभियुक्त सुनील कुमार सिंह,संजय कुमार सिंह एवं सौरभ सिंह को गिरफ्तार किया गया । वहीं दूसरे पक्ष से दर्ज कांड संख्या 286/ 26 में दिलीप सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी चारों अभियुक्तों से आवश्यक पूछताछ एवं जांच की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है ।

### पोक्सो एक्ट का फरार अभियुक्त दिनारा से गिरफ्तार,कुदरा पुलिस को सौंपा गया

**दिनारा /रोहतास** : दिनारा पुलिस ने पोक्सो एक्ट के एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित थाना की पुलिस को सौंप दिया । जानकारी के अनुसार कैमूर जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घटांव निवासी राजकुमार राम के पुत्र रंजन कुमार को दिनारा से गिरफ्तार किया गया ।दिनारा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त दिनारा में छुपकर रह रहा था । गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को कुदरा थाना की पुलिस को विधिसम्मत कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया ।

### मारपीट मामले में दिनारा पुलिस की कार्रवाई,दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**दिनारा /रोहतास** : दिनारा थाना की पुलिस ने मारपीट के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़का लाठ निवासी प्रेमचंद सिंह उर्फ तूफानी सिंह एवं पवन कुमार के विरुद्ध मारपीट मामले में कांड दर्ज किया गया था ।थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच के दौरान दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । आवश्यक पूछताछ एवं जांच की प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे ।

### बलिहार में 72 पीस किंगफिशर बियर के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार,बाइक व मोबाइल जब्त

**सूर्यपुरा /रोहतास** : सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलिहार में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 72 पीस किंगफिशर बियर के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया । जब्त बियर की कुल मात्रा 36 लीटर बताई जा रही है । थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्लैटिना बाइक से बियर लेकर जा रहे मुन्ना कुमार सिंह पिता गोपाल प्रसाद सिंह निवासी बलिहार को गिरफ्तार किया । पूछताछ में पता चला कि उक्त बियर की डिलीवरी बलिहार निवासी विनय कुमार पिता संजय कुमार गुप्ता को दी जानी थी । पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विनय कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया । मौके से पुलिस ने दोनों कारोबारियों के दो मोबाइल फोन एवं एक प्लैटिना बाइक को जब्त कर लिया ।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों कारोबारियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है । साथ ही अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहने की बात कही गई ।

### गिरने के कगार पर 11 केवी पोल, औराई गांव में बड़ा हादसा होने का खतरा

**संझौली (रोहतास)**: रोहतास जिले के संझौली प्रखंड अंतर्गत औराई गांव में 11 केवी बिजली का पोल गिरने के कगार पर पहुंच गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार संझौली बिजली विभाग के जेई को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जर्जर स्थिति में खड़ा यह पोल कभी भी धराशायी हो सकता है। चिंताजनक बात यह है कि पोल के ठीक बगल में एक शिव मंदिर स्थित है, जहां बड़ी संख्या में बच्चे रोजाना खेलते हैं और ग्रामीणों का आना-जाना भी लगा रहता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस पोल को ठीक नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

### जनता दरबार में सख्त दिखे एसपीः फरियादियों की सुनी समस्याएं, तुरंत कार्रवाई के निर्देश



**डेहरी (रोहतास)**। जिले में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने पुलिस कार्यालय, डेहरी में जनता दरबार लगाया, जहां बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। एसपी रोशन कुमार ने एक-एक कर सभी लोगों की बातें गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही स्पष्ट व कड़े निर्देश दिए। खासकर भूमि और बिल्डिंग से जुड़े विवादों पर उन्होंने विशेष ध्यान देते हुए निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जनता दरबार के दौरान एसपी का सख्त रुख देखने को मिला। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध निपटारा किया जाएगा।इस पहल से आम लोगों में भरोसा बढ़ा है और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

### सड़क दुर्घटना में एक हीं परिवार के चार लोग हुए जख्मी



**राजपुर**। राजपुर नोखा रोड में पडरिया के नजदीक दो बाईक के आमने सामने की टक्कर में एक परिवार के चार लोग जख्मी हो गये.सड़क पर बेहोश स्थिति देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी.घटनास्थल पर पहुंच पुलिस ने सभी को एम्बुलेंस से उपचार के लिए राजपुर पीएचसी लाया.जहां चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज करते हुए सभी को कन्ट्रोल किया. बेहोश हुए दो लोगों को होश आ गया.स्वास्थ्य के चिकित्सक डाक्टर राकेश कुमार ने बताया की सभी लोग खतरे से बाहर हैं. दुर्घटना में जख्मी इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र के कटार गांव निवासी सुरेश सिंह के बेटा सहेन्द्र सिंह ने बताया कि वे एक टीवी मैकेनिक हैं जो डुमराव में परिवार के साथ रहकर काम करते हैं.वे शादी में शामिल होने अपने दो बेटी व पत्नी को बाईक पर बिठाकर गांव जा रहे थे.तभी राजपुर की तरफ से आ रहे एक बाईक पर आ रहे दो लडको ने धक्का मार दिया और वे तथा उनकी बेटी मौके पर हीं बेहोश हो गई.

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास की आज की प्रस्तावित बैठक

## अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी के आवास पर हुई संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**सासाराम / रोहतास**। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास की आज की प्रस्तावित बैठक अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी की अध्यक्षता में उनके आवास पर संपन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव संतोष मिश्रा ने किया। बैठक में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा इस दौरान महासभा के विभिन्न सहयोगियों द्वारा किए गए सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग की सराहना की गई । महासभा के कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय द्वारा कुल आय एवं व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया जिसकी उपस्थित सदस्यों ने काफी सराहना की ।बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए जिसमें मदन मोहन तिवारी शीतलपुर वर्तमान पता महावीर स्थान को जिला उपाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त सच्चिदानंद दुबे को मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। जिला महासचिव द्वारा यह भी प्रस्ताव रखा गया कि प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक जिला कमिटी के साथ करने के लिए जल्द ही एक तिथी निर्धारित की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सक्रिय कार्यकारिणी की 51 सदस्य कमेटी बनाने की प्रक्रिया जारी है जिसमें 31 लोगों की सहभागिता पूर्ण कर ली गई है।

आने वाले कुछ ही दिनों में शेष लोगों की भी सहभागिता सुनिश्चित हो जाएगी ।सदस्यता अभियान बढ़ाने संबंधी दायित्व परशुराम तिवारी एवं रितेश तिवारी शीतलपुर के संयुक्त सहयोग से संपन्न किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महासभा भवन के ऊपरी तले का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दिया जाएगा इसके लिए मदन मोहन तिवारी से आग्रह किया गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। विनोद तिवारी ने नीचे नवनिर्मित दो कमरों में प्लाई का दरवाजा लगवाने हेतु सहयोग देने का प्रस्ताव किया इसे ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया गया ।बैठक में प्रधान संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र पाण्डेय ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ उमाकांत चतुर्वेदी , वित्त सचिव पी पी मिश्रा , शशिकांत चौबे , सुनील तिवारी , श्रीराम तिवारी , पत्रकार डॉ जितेंद्र कुमार तिवारी , अभिनव नीरज , हरिओम तिवारी , वैभव विशाल ,अरविंद कुमार मिश्रा , अखिलेश तिवारी ,शशिकांत चौबे, सच्चिदानंद दुबे , अमित उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने अपने विचार दिए। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई ।

## जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़

# 47 मामलों की सुनवाई कर त्वरित निष्पादन का निर्देश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास** : 'सबका सम्मान,जीवन आसान' तहत बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय के सभागार भवन में शुक्रवार को एसडीएम प्रभात कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया । जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों व गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया । जनता दरबार के दौरान कुल 47 मामलों की सुनवाई की गई,जिसमें भूमि विवाद से जुड़े 15 मामले,राशन कार्ड से संबंधित 25 मामले तथा अन्य 07 मामलों पर विस्तार से विचार किया गया ।एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया । इस दौरान एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि जनता दरबार सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है,जिसका उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान करना है । उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा,ताकि लोगों को राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें ।उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा करें और लंबित मामलों का शीघ्र समाधान कर आमजनों का विश्वास बनाए रखें ।

# 6 मवेशियों की दर्दनाक मौत, 22 दिन तक बंद घर में भूख-प्यास से तड़पे बेजुबान

## घर में बंद आधा दर्जन मवेशियों की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नासरीगंज, रोहतास**। रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के पडुरी गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां हत्या के एक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और परिजनों के फरार होने के बाद घर में बंद दो गाय, दो भैंस और दो बकरियों की 22 दिनों तक भूख-प्यास से तड़पकर मौत हो गई। दरअसल 1 अप्रैल को जमीनी विवाद में भांजे ने अपने मामा पडुरी निवासी बैद्यनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने नामजद आरोपी मंजू देवी और रणजीत मौआर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। कार्रवाई के बाद घर में बंधे छह मवेशी वहीं कैद रह गए और किसी ने उनकी सुध नहीं ली। शुक्रवार को जब घर से शव सड़ने की तेज बदबू आने लगी तब ग्रामीणों ने पुलिस व मीडिया को सूचना दी, जिसके बाद नासरीगंज थाना पुलिस ने जेसीबी की मदद से घर की चारदीवारी के अंदर ही गड्ढा खोदकर सभी मृत पशुओं को दफना दिया। इस गंभीर लापरवाही पर सवाल करने पर थानाध्यक्ष ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि "मुझे इसकी जानकारी नहीं है और यह मेरा विभाग नहीं है", जिससे पूरे सिस्टम की संवेदनहीनता उजागर हुई है। ग्रामीणों का सवाल है कि गिरफ्तारी के समय घर की जांच कर बेजुबानों को क्यों नहीं निकाला गया और 22 दिनों तक इन पशुओं की जिम्मेदारी किसकी थी, क्योंकि इंसानों की रंजिश का खामियाजा छह बेजुबानों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

# चर्चित बजरंगी हत्याकांड में न्यायः अदालत ने दोषियों को सुनाई सजा





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। जिले के धौडाँड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीपुर गांव में हुए चर्चित बजरंगी हत्याकांड में अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। धौडाँड़ थाना कांड संख्या 148/24 से जुड़े इस मामले में एडीजे-2 की अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों को दोषी पाया। यह मामला क्षेत्र में काफी चर्चित रहा था और मृतक के परिजन लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस संबंध में

### पुलिस की पैरवी रंग लाई

धौडाँड़ थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में मजबूत साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए गए, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। वहीं अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने भी कहा कि इस निर्णय से अपराधियों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है और आगे भी इस तरह के मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।अदालत के फैसले के बाद पीड़ित परिवार में संतोष का माहौल है, वहीं पूरे क्षेत्र में न्याय मिलने की चर्चा हो रही है।

# देर रात सड़क दुर्घटना ने शिक्षक की मौत




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)**। जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र से है जहां सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई वही बेटी और पत्नी घायल हो गईं

घटना की पुष्टि करते हुए आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर रात 12 बजे थाना क्षेत्र के पडूहार गांव के समीप मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही चार चक्का वाहन हुंडई BR 92 X 3708 बिजली पोल में टक्कर मार दी मौके पर ही ड्राइवर की मौत हो गई।ड्राइव कर रहे व्यक्ति की पहचान अजय सिंह उम्र 49 वर्ष पिता स्व नरेश राय के रूप में हुई वे गाया जी से अपने पढ़ाई कर रहे बेटी खुशी कुमारी और पत्नि रिना देवी के साथ घर अकोढी गोला ( बराढी ) लौट रहे थे तभी यह घटना आयर कोठा थाना क्षेत्र ने हुई।बताया जाता है कि अजय कुमार डालमिया नगर स्थित इंटर कॉलेज में शिक्षक थे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया वहीं चार चक्का वाहन को जप्त कर थाने लाई है।

# रिश्वतखोरी पर बड़ा एक्शनः सहकारिता प्रसार पदाधिकारी 10 हजार लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)** राजपुर प्रखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहकारिता प्रसार पदाधिकारी जनार्दन कुमार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी पदाधिकारी ने राजपुर के पैक्स अध्यक्ष से स्टॉक सत्यापन के नाम पर 10 हजार रुपये की घूस की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। तय योजना के तहत जैसे ही आरोपी ने घूस की रकम ली, टीम ने मौके पर ही दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को निगरानी टीम अपने साथ ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। निगरानी विभाग अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रहा है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कहीं इस मामले में और लोग भी शामिल तो नहीं हैं। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय प्रशासनिक दफ्तरों में हलचल तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और आम जनता को राहत मिलेगी।

# करूप बाजार में भीषण आगः लाखों के लकड़ी और पुआल नष्ट

## दमकल की मशक्कत के बावजूद सब खाक





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास**। थाना क्षेत्र के करूप बाजार पर गुरुवार देर शाम भीषण आग लगने से एक फर्नीचर दुकान के बगल रखे लकड़ी के गट्ठर राख हो गया। दुकानदार मुकेश शर्मा के फर्नीचर स्टोर के बगल में रखे लकड़ी के गट्ठर और मवेशियों का चारा पुआल जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि 11,000 केवी की बिजली लाइन में पक्षी के टकराने से चिंगारी गिरी, जिसने पहले पुआल को भड़काया और फिर आग ने तांडव मचा दिया। मानिक परासी गांव निवासी लक्ष्मण शर्मा के पुत्र मुकेश शर्मा कई वर्षों से करूप बाजार पर फर्नीचर का कारोबार चला रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि तीन माह पहले एक बगीचे से दो गाड़ी लकड़ी खरीदी गई थी, जो अब पूरी तरह जल चुकी है। आग की शुरुआत पुआल के ढेर से हुई, जो तेजी से लकड़ी के मोटे-मोटे गट्ठरों तक फैल गई। आसपास के लोग और दुकानदार ने तत्काल काराकाट थाने को सूचना दी। मौके पर दमकलकर्मी पहुंचे और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ खाक हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम प्रभात कुमार और थाना प्रभारी एसआई रफीक बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया और राहत की व्यवस्था सुनिश्चित की। जानकारी में आज शुक्रवार को मुकेश शर्मा ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका सटीक कारण स्पष्ट नहीं, लेकिन ग्रामीणों का अनुमान बिजली लाइन से चिंगारी का है। इस हादसे से बाजार में दहशत फैल गई। प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

# ताराचंडी के पास NH-19 पर हादसाः ट्रक की टक्कर में चालक की मौत, खलासी घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम में नेशनल हाईवे-19 पर, बाईपास रोड स्थित ताराचंडी के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए और केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में ट्रक संख्या UP 24 BT 3368 के चालक शमशाद हुसैन (पिता- दाबर हुसैन), निवासी नया गांव, थाना सीतारगंज, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक पर सवार खलासी कमल कुमार (पिता- वीरपाल), निवासी औरंगाबाद माली पोठ, थाना बेनावर, जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। इस संबंध में धौडाँड़ थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। वहीं अपर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार भी घटनास्थल पर मौजूद रहे और राहत एवं बचाव कार्य में जुटे रहे। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

**भागलपुर।** भागलपुर में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार पिता, मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। श्राद्ध कर्म से वापस घर लौट रहे थे। घटना बाईपास थाना क्षेत्र की है। मृतका दुर्गी कुमारी(6) मधुसूदनपुर के मनियारपुर गांव की रहने वाली थी। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल पिता छतीश सिंह, मां सुगंधा देवी और भाई मन कुमार को अस्पताल में एडमिट कराया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया।

**घर वापस लौटते समय हादसाः** मृतका के चाचा बृजेश कुमार ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य तरछा गांव में एक रिश्तेदार के यहां श्राद्ध कर्म में शामिल होने गए थे। मृत्यु भोज में शामिल होने के बाद सभी लोग वापस अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए।

**आवेदन के आधार पर की जाएगी कार्रवाईः** थानाध्यक्ष सुमन राय ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। एक बच्ची की मौत हुई है। अभी तक परिवार की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

### तिलकामांझी में लगी आग, 3 दुकानें, 2 घर व टोटो राख

**भागलपुर।** तिलकामांझी जेल रोड पर स्थित यूको बैंक के बगल में गुरुवार की रात करीब 10:15 बजे भीषण आग लग गई। इस अगलगी में तीन दुकानें, दो घर और एक टोटो पूरी तरह जलकर राख हो गए। आरती देवी का किराना दुकान खाक हो गया। मुर्शीद के बेटे राजा का (पंक्चर दुकान) और अर्जुन चौधरी, गीता देवी के घर जल गए। आग लगते ही मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने फायर ब्रगेड को सूचना दी। करीब 25 मिनट बाद 10:40 बजे चार दमकल की टीम पहुंची और 50 मिनट बाद आग पर काबू पाया। अग्निपीड़ितों ने शरारती तत्वों पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कुछ युवक रोजाना पास की दुकान की छत पर बैठकर गांजा, शराब और सिगरेट पीते थे। वे दुकानदारों से माचिस और नाश्ते की मांग करते थे। मना करने पर पहले भी दुकान जलाने की धमकी दे चुके थे। घटना के समय वे लोग मौजूद थे। उन्होंने ही आग लगाई है। आग लगने की सूचना पर पुलिस भी पहुंची। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आरती देवी ने बताया कि वह किराना दुकान चलाती हैं। उनके पति शंकर यादव टोटो चलाते हैं। आग लगने से दोनों की आजीविका के साधन खत्म हो गए हैं। पीड़िता गीता देवी ने बताया कि उनकी नतिनी काजल की शादी मई में होनी है, लेकिन अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### जमीन के लिए जीविका दीदी को मार डाला

**भागलपुर।** एक बीघा जमीन के लिए ससुरालवालों ने जीविका दीदी को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला। उसके सिर व आंख पर गहरे जख्म के निशान हैं। हत्या करने के बाद शव को घर से एक किलोमीटर दूर मक्के के खेत में फेंक दिया। इसके बाद ससुराल के ज्यादातर सदस्य घर से फरार हो गए, जबकि सास को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। यह घटना शाहकुंड के सरहा गांव में गुरुवार सुबह करीब 6:00 बजे की है। मृतका किरण देवी (35) स्व. जनार्दन यादव की प|ी थी। गांव के ही एक रिश्तेदार ने घटना की सूचना महिला के पिता नेपाली महाराणा को दी।

### सभी वर्गों की भागीदारी के साथ ही महिला आरक्षण कानून लागू होः माले

**भागलपुर।** भाकपा (माले) नेत्री कॉमरेड ऊषा शर्मा के 5वीं स्मृति दिवस पर गुरुवार को सुरखीकल स्थित यूनियन कार्यालय में संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कॉ. उषा शर्मा के फोटो पर पुष्प अर्पित और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अध्यक्षता कर रहे ऐक्टू के जिला सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं पर हमले में वृद्धि हुई है। महिलाओं पर जुल्म, अत्याचार करने वालों को यह सरकार संरक्षण देती है। माले के जिला सचिव महेश प्रसाद यादव ने कहा कि 2023 में ही महिला आरक्षण बिल पास हो जाने के बावजूद मोदी सरकार इसे लागू नहीं कर रही है और विपक्ष पर झूठे तोहमत लगाने की नौटंकी कर रही है। भाकपा-माले ने मांग की है कि सभी वर्गों की भागीदारी की गारंटी के साथ महिला आरक्षण कानून अविलंब लागू किया जाय। ऐपवा जिला सचिव रेणु देवी ने कहा कि महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, अन्याय के खिलाफ महिलाओं को एकजुट होना होगा। मौके पर माले के पूर्व जिला सचिव बिंदेश्वरी मंडल, कहलगांव प्रखंड सचिव रणधीर यादव, ऐक्टू जिला उपाध्यक्ष अरुणाभ शेखर, पुरुषोत्तम दास, सिकंदर तांती, फागुन मंडल, आशुतोष यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### अवैध बैनर-पोस्टरों को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक आज

**भागलपुर।** शहर की सुंदरता बिगाड़ने वाले अवैध होल्डिंग्स, बैनर और पोस्टरों पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त ने शहर के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों, जिनमें भाजपा, कांग्रेस, जदयू, राजद और आप शामिल हैं, के अध्यक्षों व सचिवों को पत्र जारी किया है। इस मुद्दे पर चर्चा को लेकर 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे निगम सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। नगर आयुक्त ने सभी दलों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है ताकि शहर को विरूपण से बचाने के लिए ठोस नीति बनाई जा सके। बैठक में उप नगर आयुक्त और नगर प्रबंधक भी मौजूद रहेंगे।

### गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर हस्ताक्षर अभियान

**अररिया।** भारत में गौ हत्या पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने और गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा की मांग को लेकर शुक्रवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत नरपतगंज प्रखंड के बबुवान पंचायत में कैंप लगाकर गौ भक्तों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया गया l कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे घूरना बजरंग दल के अरुण मुखिया ने कहा भारत के समस्त विद्वान संतों के सानिध्य एवं असीम कृपा से गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा एवं गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को लेकर पूरे देश भर में गौ माता के भक्तों के बीच जागरूकता अभियान चलाई जा रही है।आज लगभग तीन सौ लोगों ने गौ माता के समर्थन में हस्ताक्षर किया l उन्होंने कहा अररिया जिला में 27 अप्रैल और 27 जुलाई को सम्मान दिवस मनाया जाएगा। जिसमें अररिया जिले से समस्त गौ प्रेमी अपने अनुमंडल अधिकारी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपेंगे।

# राष्ट्रभक्त भामाशाह जयंती पर उमड़ेगा जनसैलाब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बेगूसराय।** मेवाड़ की आन-बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान दानवीर राष्ट्रभक्त भामाशाह की जयंती इस साल बेगूसराय में ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी। 26 अप्रैल को जिला तैलिक साहु सभा के देखरेख में जयंती सह सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है। आज प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी आयोजन समिति ने दी। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह 9 बजे जीडी कॉलेज से एक विशाल शोभायात्रा के साथ होगी। यह शोभायात्रा कर्पूरी स्थान चौक, मारवाड़ी मोहल्ला होते हुए भामाशाह चौक पहुंचेगी। जहां भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद शोभायात्रा दिनकर भवन में सभा में तब्दील हो जाएगी। मुख्य समारोह दिन के 12:30 बजे से शुरू होगा। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, प्रेम शंकर, राजेन्द्र राजा, आदि ने बताया कि आज के दौर में जब लोग अपनी छोटी सी संपत्ति के लिए विवाद करते हैं। लेकिन भामाशाह का त्याग एक मिसाल है।

**20 हजार स्वर्ण मुद्राएं भेंट की थीः** 23 अप्रैल 1547 को राजस्थान के अलवर में जन्मे भामाशाह ने उस वक्त महाराणा प्रताप का साथ दिया, जब मेवाड़ का राजकोष खाली हो चुका था। उन्होंने अपनी दानवीर प्रवृत्ति का परिचय देते हुए महाराणा प्रताप को 25 लाख रुपये और 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं भेंट की थी। इससे 25 हजार सैनिकों का खर्च 12 साल तक उठाया जा सकता था। इसी सहयोग के बल पर महाराणा प्रताप ने फिर सैन्य शक्ति संगठित की और मुगलों के खिलाफ स्वाभिमान की जंग जारी रखी। जिला तैलिक साहु सभा ने इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की है। यह आयोजन केवल एक जयंती नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, मान-सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एक संकल्प है। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। समाज के युवाओं, माताओं और बहनों को बड़ी संख्या में जुटने की अपील की जा रही है। समारोह में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे।

# महिलाओं को फ्री सिलाई, ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूको आरसेटी (UCO RSETI) 27 अप्रैल 2026 से निःशुल्क सिलाई और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इच्छुक अभ्यर्थी यूको आरसेटी, बाराहाट (एफसीआई गोदाम के पास, प्रखंड परिसर) पहुंचकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

**आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिएः** प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास अनिवार्य है। अभ्यर्थी का बांका जिले का निवासी होना भी आवश्यक है। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे।

**प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगाः** यूको आरसेटी प्रशिक्षण अवधि के दौरान निःशुल्क आवास (हॉस्टल) और भोजन की सुविधा प्रदान करेगा।

# सात गैस एजेंसियों पर छापेमारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू, पारदर्शी और प्रभावी बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय कदम उठा रहा है। वर्तमान में जिले में कुल 11,324 गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन की सख्ती के तहत आज जिले की 07 गैस एजेंसियों पर छापेमारी की गई। इन छापों के दौरान वितरण व्यवस्था, स्टॉक की उपलब्धता और समय पर आपूर्ति की स्थिति की जांच की गई। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर यह पूरी व्यवस्था उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है।

**गैस वितरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किएः** जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक पंचायत के पंचायत सरकार भवन एवं पंचायत भवनों में गैस वितरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में नगर पंचायत और नगर परिषद के अंतर्गत तीन-तीन वार्डों का क्लस्टर बनाकर कंट्रोल रूम संचालित किए जा रहे हैं। इन कंट्रोल रूमों के माध्यम से उपभोक्ताओं को आसानी से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटारे के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है। 17 मार्च से 24 अप्रैल 2026 तक कुल 506 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 435 का समाधान कर दिया गया है। शेष 71 लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित गैस एजेंसियों के एरिया मैनेजर को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति व्यवस्था भी सुनिश्चितः** जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे गैस संबंधी किसी भी समस्या पर तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही, तेल एवं प्राकृतिक गैस की उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति व्यवस्था भी सुनिश्चित कर दी गई है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि गैस की किल्लत की कोई अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम जिले के आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए परेशान न हो।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा संख्याः एलआरसी_आरएसपी_आईसीएफ-हाइब्रिड_एनएमजीएचएसआर, दिनांकः 23.04.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** आईसीएफ और हाइब्रिड कोचों का ऑटोमोबाइल्स कैरियर कम ब्रेक वैन कोचों में बदली। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 7,33,21,140.60। **बयाना राशिः** ₹ 14,66,400। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 08.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे। वेबसाइट का विवरण जहाँ संशोधनी-1 सहित निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**। (MISC-25/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**अररिया।** फारबिसगंज के श्री रानी सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

### यौन शोषण- मारपीट मामले में आरोपी अरेस्ट

**अररिया।** अररिया महिला थाना पुलिस ने यौन शोषण, मारपीट और गाली-गलौज के गंभीर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अररिया के जोकीहाट प्रखंड के उदा गांव, वार्ड संख्या 11 निवासी 55 वर्षीय मोहम्मद आबिद के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय मोहम्मद जुम्मन का बेटा है। पीड़िता ने दर्ज कराई थी शिकायतः पुलिस के अनुसार, महिला थाना में दर्ज कांड संख्या 16/26 के तहत मोहम्मद आबिद पर पीड़िता के साथ यौन शोषण करने, मारपीट करने और गाली-गलौज करने का आरोप है। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उनका यौन शोषण करने का प्रयास किया, साथ ही मारपीट कर घायल किया और गाली-गलौज की।

**मालदा टाउन-आनंद विहार (टी)-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन**

ग्रीष्मकालीन मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03435/03436 मालदा टाउन-आनंद विहार (टी)-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव, यात्रा के दिन तथा गठन के अनुसार चलाई जाएगी :-

| मालदा टाउन-आनंद विहार (टी) | | | 03435 03436 | आनंद विहार(टी)-मालदा टाउन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| सोम | - | 09.30 | ↓ मालदा टाउन | 22.30 | - | बुध |
| | 11.26 | 11.28 | साहिबगंज | 19.37 | 19.39 | |
| | 12.42 | 12.52 | भागलपुर | 18.10 | 18.20 | |
| | 13.50 | 13.55 | जमालपुर जं. | 16.13 | 16.18 | |
| | 18.15 | 18.20 | गया जं. | 11.40 | 11.45 | |
| मंगल | 01.50 | 01.55 | प्रयागराज जं. | 03.00 | 03.05 | |
| | 13.40 | - | आनंद विहार (टी) ↑ | - | 14.50 | मंगल |

ऊपर उल्लेखित स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, पिरपैंती, कहलगाँव, सुल्तानगंज, अभयपुर, किऊल जंक्शन, शेखपुरा, वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गोविंदपुरी एवं टुण्डला जंक्शन स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां/दिन: मालदा टाउन से - 03435** दिनांक 04.05. 11.05, 18.05, 25.05.2026, 01.06, 08.06, 15.06, 22.06 एवं 29.06.2026 (सोमवार) तथा **आनंद विहार (टी) से - 03436** दिनांक 05.05, 12.05, 19.05, 26.05.2026, 02.06, 09.06, 16.06, 23.06 एवं 30.06.2026 (मंगलवार) = प्रत्येक 9 ट्रिप। **गठनः** वातानुकूलित 2-टीयर- 2, वातानुकूलित 3-टीयर - 6, शयनयान श्रेणी - 7, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 4, एलएसएलआरडी- 1, पावर कार - 1 = 21 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
**पूर्व रेलवे**

# 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका में 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी डिटेल में जानकारी दी। इस लोक अदालत का मुख्य लक्ष्य विभिन्न विभागों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों का तुरंत और आसानी से निपटारा करना है। प्रधान जिला जज ने बताया कि यह इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत है। इसमें बिजली बिल, टेलीफोन बिल, वाहन चालान, बैंकिंग संबंधी विवादों सहित अन्य सुलह योग्य मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा।

**लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण समाधान निकलताः** उन्होंने संबंधित विभागों से अपील की कि वे अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में भेजें, ताकि लंबित विवादों का शीघ्र समाधान हो सके। आम जनता से भी आग्रह किया गया है कि जिन लोगों को अभी तक नोटिस नहीं मिला है, लेकिन उनके पास कोई सुलह योग्य मामला लंबित है, वे भी इस लोक अदालत में भाग लेकर अपने विवादों का निपटारा करा सकते हैं।




**बिहार सरकार**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**
**निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 में औरंगाबाद जिलाबल के वाहनों की आतंरिक एवं बाह्य स्थिति में सुधार एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु सीट कभर, फुट मैट, स्टेयरिंग कभर, फॉग लाईट, कॉशन बार लाईट, वी0आई0पी0 लाईट एवं पुलिस स्टीकर क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। जो कोई भी निबंधित संवेदक/फर्म/कम्पनियॉ/प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा उच्च गुणवता वाली निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति करना चाहते है। वे अपना निविदा बंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के कार्यालय अवधि में दिनांक–15.05.2026 तक परिवहन शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद में जमा कर सकते है। सामग्रियों का विवरणी निम्नलिखित हैः–

01. सीट कभर
02. फुट मैट,
03. स्टेयरिंग कभर,
04. फॉग लाईट,
05. कॉशन बार लाईट एवं
06. वी0आई0पी0 लाईट
07. पुलिस स्टीकर

निविदाकर्त्ता उपरोक्त लिखे गये वाहनों की एशोसिरिज के अनुसार प्रति युनिट की दर से निविदा देगें। निविदाकर्त्ता निम्नांकित शर्तों के साथ अपना निविदा बंद लिफाफा में जमा कर दें:–

01. फर्म का निबंधन एवं जी0एस0टी0 का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
02. निविदादात्ता को चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
03. स्थानीय स्तर पर निबंधित फर्म को प्राथमिकता दी जाएगी।
04. निविदादात्ता को जमानत के तौर पर 10,000/–(दस हजार) रूपये का डिमांड ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के नाम से निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
05. असफल निविदादात्ता को जमानत की राशि 10,000/–(दस हजार) रूपये का डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा।
06. दर का अनुमोदन सामग्री की उच्च गुणवत्ता एवं न्यूनतम दर(जी0एस0टी0 सहित) के आधार पर किया जायेगा।
07. पत्र निर्गत होने के उपरान्त सामग्री की आपूर्ति 02(दो) दिनों के अन्दर कर देनी होगी, अन्यथा स–समय आपूर्ति नहीं होने के स्थिति में सफल निविदादात्ता की निविदा निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
08. किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–15.05.2026
निविदा खोलने की तिथि–18.05.2026

पुलिस अधीक्षक,
औरंगाबाद

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
**PR. No. 001700 (Police) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

**बिहार सरकार**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**
**(निविदा आमंत्रण)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 में औरंगाबाद जिला के सभी थानों/प्रतिष्ठानों में प्रतिनियुक्त वाहनों में जी0पी0एस0 अधिष्ठापन, माईग्रेशन एवं रिचार्ज कराने के लिए निविदा आमंत्रण की जानी है। जो कोई भी निबंधित संवेदक/फर्म/कम्पनियॉ/प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा उच्च गुणवता वाली जी0पी0एस0 का सेवा उपलब्ध कराना चाहते है, वे अपना निविदा बंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद कार्यालय के परिवहन शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद में कार्यालय अवधि में दिनांक–15.05.2026 तक जमा कर सकते है।

आवश्यकता आधारित विवरणी निम्न प्रकार है:–

| GPS | | | |
|---|---|---|---|
| New Device Installation | Software Migration | Sim Data Renewal (Recharge) | Warranty Time |
| | | | |

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–15.05.2026
निविदा खोलने की तिथि–18.05.2026

पुलिस अधीक्षक,
औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.001739 (Police) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

**योजना एवं विकास विभाग**
बिहार सरकार
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**
**पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/SBD/2026-27**
**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

बिहार के राज्यपाल महोदय की ओर से बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम/अन्य राज्य सरकार /केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय ख्याति के किसी भी एजेंसी में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से प्रतिशत दर निविदा दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य के किसी कार्य विभाग/निगम में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निम्नलिखित कार्य का स्वीकार पत्र (लेटर ऑफ एक्सेपटेंस) प्राप्त होने के बाद बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम (जिसमें निबंधन की प्रक्रिया लागू हो) में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।

**1. कार्यों की विवरणी : –**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि / परिमाण–विपत्र की राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (ऑन लाईन मोड या ऑफ लाईन मोड में केवल B.G. के रूप में) (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | औरंगाबाद जिला मुख्यालय में योजना भवन का निर्माण कार्य। | 1488.00 | 29.76 | 10000.00 | eproc2 website के अनुसार | 14 |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 21.04.2026.2012
3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक की तिथि एवं समय : दिनांक 07.05.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक 05.05.2026 समय 3.30 बजे अपराह्न, मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विरवेश्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0–423, बेली रोड, पटना–800015
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 14.05.2026 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.05.2026 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (कंडिका 5 में उल्लेखित तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
8. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन( निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद )
10. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन प्रमण्डल, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 001752 (Planning) 2026-27
विस्तृत सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मना कुंवर सिंह विजयोत्सव

**आरा।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता और बलिदान की स्मृति में गुरुवार को जिले में कुंवर सिंह विजयोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा शहीद भवन, आरा में जिलाध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संबोधित करते हुए डॉ. तिवारी ने कहा कि 80 वर्ष की आयु में बाबू कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर अदम्य साहस का परिचय दिया और जगदीशपुर में विजय पताका फहराई। उन्होंने गंगा पार करते समय घायल होने पर अपनी बांह काटकर त्याग और स्वाभिमान का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन पूरे समाज के लिए प्रेरणा है और आज भी आत्मगौरव जगाता है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कई स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग, भोजपुर द्वारा वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव के तहत शहर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय एवं अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली वीर कुंवर सिंह स्टेडियम से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः वहीं समाप्त हुई। प्रभात फेरी में एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर देशभक्ति का संदेश दिया।

### खराब हाई मास्ट लाइट की गयी दुरुस्त

**आरा।** रमना मैदान में लंबे समय से खराब पड़े हाई मास्ट लाइट की मरम्मत कर दी गई है। अब मैदान शाम होते ही फिर से रोशनी से जगमगाने लगा है। मेयर इंदु देवी ने बताया कि स्थानीय नागरिकों द्वारा हाई मास्ट लाइट एवं ओपन जिम की खराब स्थिति को लेकर शिकायतें की गई थीं। लाइट की मरम्मत करा दी गई। रमना मैदान में ओपन जिम के खराब उपकरणों की मरम्मत और पुनर्स्थापना का कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। इसके लिए भी निर्देश दिया गया है।

### बिजली जांच के नाम पर छेड़खानी

**बक्सर।** कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र के एक गांव में बिजली जांच के नाम पर घर में घुसकर महिला से छेड़खानी और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने महिला थाने में लिखित आवेदन देकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि 22 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे अचानक 7-8 लोग उनके घर में घुस आए। उन लोगों ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताया और मीटर दिखाने की बात कही। जब महिला ने उनसे पहचान पूछी, तो उनलोगों ने धक्का-मुक्की की।

### सात दिवसीय भागवत कथा तीन से नौ तक, दोपहर में होगी कथा

**बक्सर।** नगर में एक परिवार ने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए धार्मिक आयोजन की मिसाल पेश की है। मिश्रा परिवार द्वारा 03 से 09 मई 2026 तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम देखने को मिलेगा। शहर के न्यू बस स्टैंड रेलवे ओवरब्रिज के समीप स्थित सुविधा मेडिकल एजेंसी परिसर इन दिनों धार्मिक रंग में रंगने को तैयार है। यहां 03 मई से 09 मई 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विवाह की 25वीं वर्षगांठ जैसे विशेष अवसर को आध्यात्मिक स्वरूप देने की एक अनूठी पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से रात्रि 08 बजे तक होगा, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इसमें शामिल होकर कथा का रसपान कर सकें। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है और भक्तों के बैठने, पेयजल तथा अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, कथा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहेगा। इस सात दिवसीय कथा में जीयर स्वामी जी महाराज का सान्निध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। उनके आशीर्वचन और मार्गदर्शन से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ेगी। वहीं, कथा व्यास के रूप में पीताम्बर जी महाराज अपने मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगे। उनके प्रवचनों में धर्म, कर्म, भक्ति और जीवन के गूढ़ रहस्यों की सरल व्याख्या सुनने को मिलेगी, जिससे श्रोता आध्यात्मिक रूप से समृद्ध होंगे। आयोजकों द्वारा विभिन्न माध्यमों से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ाने और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी संदेश दिया जा रहा है। आयोजन से जुड़े लोगों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल व्यक्ति को आध्यात्मिक रूप से मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव को भी बढ़ावा देते हैं।

### लू से बचने के लिए मौसमी फलों का सेवन फायदेमंद

**ब्रह्मपुर।** आयुर्वेदाचार्य डॉ. हरिशंकर चौबे ने गर्मी के दिन में लू से बचने और शरीर में पानी की कमी नहीं होने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्याप्त मात्रा में पेयजल,हरी सब्जियों का सेवन गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने के लिए पेय पदार्थ एवं फलों के सेवन करना चाहिए। ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ सूर्य की किरणें तिक्ष्ट एवं आग्नेय हो जाती है ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में वृद्धि हो जाती है सभी मौसम से गर्मी का मौसम अत्यधिक कष्टप्रद होता है अतः हमें इस मौसम में अत्यंत सावधान रहना चाहिए विशेषकर गर्मी के दिनों में खानपान का विशेष ख्याल रखना चाहिए। गर्मी के मौसम आते ही बाजार में नाना प्रकार की खाद्य पदार्थ देखने को मिलने लगता है जैसे गन्ने का रस, अंगूर, तरबूज, खीरा, आम, जलजीरा, नींबू, पानी, सत्तू,बेल का शरबत, गुलकंद, पेठा,गुड़,और मौसमी फल पर्याप्त मात्रा में सेवन करना चाहिए। गर्मी के मौसम में क्या ना खाएं : गर्मी के मौसम में बासी पदार्थ तेल मसाला चटपटा अत्यधिक भोजन मांस मदिरा तला हुआ भोजन खाली पेट चाय कॉफी डिब्बे बंद मिठाई मसाला और उपवास कम करें।गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक से बचकर रहे। गर्मी के मौसम में शरीर से खूब पसीना निकलता है और मूत्र विसर्जन कम होने लगता है जिससे डिहाइड्रेशन और मूत्र रोग की संभावना बढ़ जाती है शरीर में खून की कमी हो जाती है इसलिए हीट स्ट्रोक लू लगने की संभावना रहती है इस मौसम में हमारे शरीर से आयरन का संतुलन भी बिगड़ जाता है गर्मी में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है इस मौसम में टाइफाइड मलेरिया उदर रोग मूत्र किडनी रोग की संभावना प्रबल होती है।

### प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम 1857 के नायक थे बाबू वीर कुंवर सिंह

**बक्सर।** वीर कुंवर सिंह का 168वां विजय दिवस जन सुराज ने पुलिस चौकी स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा स्मारक तथा कुंवर सिंह कॉलोनी स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा माल्यार्पण कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन सुराज के जिलाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रत्याशी तथागत हर्षवर्धन एवं पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा ने कहा कि 80 वर्षीय वीर कुंवर सिंह ने अपने समय में सिमित साधनो में अंग्रेजी हुकूमतों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी वह अद्भुत एवं अकल्पनीय थी। 80 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के खिलाफ वीरता से संघर्ष किया था। प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम 1857 नायकों के कृतित्व आज भी प्रासांगिक है और वर्तमान एवं भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम में धनजी पांडेय, बिजय कुमार पाठक, अजित सम्राट, विजयानंद वर्मा, छोटू पांडेय, श्रीमन राय, दीपक राय, प्रभात कुमार, राजीव शर्मा, प्रिंस कुमार, प्रशांत राय, आशुतोष उपाध्याय, आनंद मिश्रा, विनय कुशवाहा, अभिषेक कुमार मौर्य, संतोष प्रजापति, हरेंद्र प्रताप सिंह, मिंटू सिंह, गणेश पांडेय, संजय ओझा, धनजी उपाध्याय, अजीत यादव, सुभाष राम, अमरेंद्र मिश्रा चंचल पाण्डेय बिटू मिश्रा दीपक सिंह एवं जन सुराज पार्टी के अन्य साथियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# 700 गाड़ियां-3500 लोग, धूमधाम से निकाली दादी की शवयात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के शाहपुर प्रखंड में शुक्रवार को 95 साल की बुजुर्ग महिला के निधन के बाद धूमधाम से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। शवयात्रा में 700 से अधिक गाड़ियां और 3500 लोगों की भीड़ चल रही थी। 80 से ज्यादा ड्रोन कैमरों से हर एक मूवमेंट की शूटिंग की जा रही थी। शव यात्रा में 10 से अधिक लौंडा डांसर डांस कर रहे थे। 30 से अधिक अलग-अलग बैंड को बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थी। उनके निधन के बाद अंतिम यात्रा में शामिल उनके पोतों ने कहा कि वो हमारे घर की छत थीं। दादा हमें पहले ही छोड़कर जा चुके हैं। दादी बची थी, उनका प्यार हमारे लिए अनमोल था। हमने दादी खोई और पापा ने अपनी मां। घर से लेकर श्मशान घाट तक करीब 4 किलोमीटर की दूरी के बीच 30 पिकअप वैन पर लाउडस्पीकर बांधे गए थे। इन लाउडस्पीकर पर 'हम आंखि देखनी, सुंदर शरीरिया अगिया में जरेला ये राम...' और 'माटी के ई बनल शरीरिया, माटी में मिल जाई...' जैसे निर्गुण बज रहे थे। शवयात्रा की हर दृश्य को कैद करने के लिए बुजुर्ग महिला के पोते ने 80 से अधिक ड्रोन कर्मियों को वीडियो बनाने का ठेका दिया था।





**अब जानिए 95 साल की बुजुर्ग महिला कौन थी, जिनकी धूमधाम से अंतिम यात्रा निकाली गईः** बुजुर्ग महिला कौशल्या देवी शाहपुर प्रखंड के दिलमनपुर गांव की रहने वाली थी, जो पिछले तीन साल से कैंसर से जूझ रही थीं। उनके पति डॉक्टर जनार्दन पांडे का करीब 7 साल पहले निधन हो चुका है। कौशल्या और जनार्दन पांडे के दो बेटे हैं, जिनमें बड़े बेटे वृंदानंद पांडे पेशे से वकील हैं, जबकि छोटे बेटे नारद पांडे घर पर ही रहते हैं। कौशल्या और जर्नादन पांडे के कुल 6 पोते हैं, जिनमें वृंदानंद पांडे के बेटे अजय और अमर पांडेय धनबाद में कोयला कारोबारी हैं, जबकि नारद पांडे के चार बेटों में गणेश पांडेय कोयला व्यवसाय करते हैं, जबकि मंटू पांडेय का कोक इंडस्ट्री का कारोबार है। वहीं रमेश पांडेय एक सैटेलाइट चैनल TV 45 के मालिक हैं। दिनेश पांडेय ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनके पास 50 से 60 गाड़ियां है।

**कौशल्या के पति धनबाद में पेशे से होमियोपैथिक डॉक्टर थेः** जनार्दन पांडे धनबाद में होमियोपैथिक डॉक्टर थे, जो डॉक्टरी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों के लिए शाहपुर प्रखंड में जाने जाते थे। गरीबों की बेटियों की शादी करनी हो, गरीबों के बच्चों की पढ़ाई करानी हो, हर तरह से जनार्दन पांडे मदद करते थे। उनके तरह ही बेटे और पोते भी सामाजिक कार्यों में जुटे रहते हैं। कौशल्या देवी की अंतिम यात्रा में न सिर्फ उनके गांव के लोग, बल्कि आसपास के प्रखंड के लोग भी शामिल हुए।

**धूमधाम से निकाली गई अंतिम यात्राः** कौशल्या देवी की ख्वाहिश थी कि मैं जिस घर में 80 साल पहले दुल्हन बनकर आई थीं, उस घर से मेरी आखिरी विदाई धूमधाम से हो। दादी की इसी इच्छा को उनके दोनों बेटों और 6 पोतों ने पूरा किया है। कौशल्या देवी के पोते रमेश पांडेय ने कहा कि हमने एक अनमोल खजाना खोया है, परिवार ने एक छत खो दी है। आज गम तो है, लेकिन हम चाहते हैं कि दादी को ऐसी विदाई दें, जिसे लोग याद रखें। आज के बाद दादी हमसे कुछ लेने नहीं आएगी। रमेश ने बताया कि दादी का जाना परिवार के लिए बड़ी क्षति है।

## भीम हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। भीम राम हत्याकांड में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रणधीर कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, उसकी निशानदेही पर घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर झाड़ी से हत्या में इस्तेमाल कुदाल बरामद किया गया। मृतक के पिता रामदुलार राम ने प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें तीन लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। नाढ़ी गांव निवासी धर्मवीर राम, उसकी पत्नी रिंकी देवी और रंजन राम शामिल है। प्राथमिकी में बताया गया है कि पारिवारिक और प्रेम-प्रसंग से जुड़े विवाद के कारण हत्या की साजिश रची गई।

**शादी करने का दबाव बना रहा थाः** भीम राम एक लड़की से संपर्क था, जबकि उसकी शादी कहीं और तय हो चुकी थी। इसी बात को लेकर आरोपी पक्ष उस पर अपनी संबंधी लड़की से शादी करने का दबाव बना रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी धर्मवीर राम की पत्नी रिंकी देवी इस मामले में मुख्य भूमिका में थी। उसने फोन करके नाढ़ी बुलाया। रास्ते में ही उसे बहला-फुसलाकर ननउर पुल के पास लेकर गए। खाना खिलाने के बाद धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने शव को बधार में फेंक दिया, जहां से अगले दिन सुबह पुलिस ने उसे बरामद किया।

**जांच के लिए टीम का गठनः** बता दें, मंगलवार की रात करीब आठ बजे भीम राम अपने घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह उसका शव मिला। पुलिस अधीक्षक राज के निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जार ही है।

## करंट लगने से छात्र की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में करंट लगने से एक छात्र की मौत हो गई। बेटे को बचाने के चक्कर में पिता झुलस गए। ग्रामीणों की मदद से घायल को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना तियर थाना क्षेत्र के उत्तरदहां गांव की है। मृतक की पहचान राजेंद्र यादव के पुत्र विकास कुमार(20) के तौर पर हुई है। ग्रेजुएशन में पढ़ता था। साथ ही डिफेंस की तैयारी कर रहा था। सेना में जाने का सपना था पिता पेशे से किसान हैं।



**ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचायाः** बड़े चाचा सीताराम यादव ने बताया कि तेज हवा के कारण घर से 500 मीटर दूर पोल से अर्थिंग टूटकर लटका हुआ था। विकास अपने खेत की ओर घूमने के लिए जा रहा था। टूटे अर्थिंग की चपेट में आकर वो छटपटाने लगा। पड़ोसियों से जानकारी मिलते ही राजेंद्र मौके पर पहुंचे। बिना कुछ सोचे-समझे बेटे को बचाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान वो भी करंट की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए किसी तरह दोनों को तार से अलग किया। तत्काल जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद विकास को मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** परिवार में मां प्रभावती देवी, भाई सुनील कुमार, दो बहन लालझारो कुमारी और मनीषा है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। मां और परिवार के सदस्यों रो-रोकर बुरा हाल है।

## 2 लाख का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने पटना एसटीएफ के सहयोग से बड़ी कार्रवाई की है। मर्डर केस में वांटेड दो लाख रुपए के इनामी अपराधी सलीम मियां उर्फ मुन्ना मियां को गिरफ्तार किया है। करीब चार साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी कायमनगर-धरहरा पुल के पास से हुई है। टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा मोहल्ला निवासी सलीम मियां की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी उपलब्धि मान रही है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि दो हत्या, एक रंगदारी समेत कुल सात आपराधिक मामलों में वांटेड था। वर्ष 2023 में उसके खिलाफ दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। सलीम मियां लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पटना एसटीएफ लगातार प्रयासरत थी। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कोईलवर-टाउन थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, जिससे कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।



**दो चर्चित हत्या केस में नाम सामने आया थाः** पहली घटना 2 जून 2022 की है। टाउन थाना क्षेत्र के जेल रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के मालिक सलील प्रसून जैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में यह बात सामने आई थी कि संपत्ति और पारिवारिक विवाद के चलते सुपारी देकर इस वारदात को अंजाम दिलाया गया था। इस मामले में मुख्य षड्यंत्रकारी मृतक के छोटे भाई संगत प्रसून जैन समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि शूटर सलीम हाशमी उर्फ टिमला उर्फ ब्रूस को उत्तर प्रदेश के चंदौली से पकड़ा गया था। पुलिस ने इस कांड में एक पिस्टल और पांच कारतूस भी बरामद किए थे।

**गोली मारकर हुई थी हत्याः** दूसरी घटना 11 नवंबर 2022 की है। नवादा थाना क्षेत्र के कनकपुरी निवासी शशिकांत सिंह उर्फ विक्की गीधा की आरा-पटना राजमार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक पूर्व पार्षद महेंद्र प्रसाद के पुत्र थे। इस मामले में भी सुपारी किलिंग की बात सामने आई थी और पुलिस ने सात से आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया था। इन दोनों घटनाओं के बाद से ही सलीम मियां फरार चल रहा था।

**वीडियो जारी कर कहा था कि सरेंडर करने जा रहे हैंः** गिरफ्तारी से ठीक पहले सलीम मियां का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें वह आत्मसमर्पण करने की बात कहता नजर आ रहा है। वीडियो में उसने दावा किया कि वह सरेंडर के लिए जा रहा था, इसी दौरान कायमनगर के पास एसटीएफ ने उसके पिता नईम मियां को पकड़ लिया। सरेंडर को लेकर उसकी जिला पुलिस से बातचीत हुई थी।

**नेटवर्क खंगाल रही पुलिसः** फिलहाल पुलिस सलीम मियां से गहन पूछताछ कर रही है।

## वीकेएसयू में विजयोत्सव पर कवि सम्मेलन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में वीर शिरोमणि बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार और उत्तर प्रदेश से आए कवियों ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने की, जबकि कवि सम्मेलन की अध्यक्षता एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के पूर्व प्राचार्य प्रो. गुरु चरण सिंह ने की। मंच संचालन पूर्व कुलसचिव प्रो. रणविजय कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले कुलपति डॉ. चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय के पुराने एवं नए परिसर में स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस आयोजन में भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कुलपति डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि वे किसी भी कार्य की शुरुआत से पहले बाबू वीर कुंवर सिंह को याद करते हैं, जिससे उन्हें ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में बिहार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है और आज की पीढ़ी को वीर कुंवर सिंह की वीरता और त्याग को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ रामकृष्ण ठाकुर, डीएसडब्ल्यू प्रो ओपी राय, एमवी कॉलेज, बक्सर के प्राचार्य डॉ. के.के. सिंह, एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार, महाराजा कॉलेज, आरा की प्राचार्य डॉ. कनकलता, महिला कॉलेज, आरा के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र पालित, जगजीवन कॉलेज आरा की प्राचार्य डॉ. आभा सिंह, एसबी कॉलेज आरा की प्राचार्य डॉ. मीना कुमारी, जेएलएन कॉलेज डेहरी-ऑन-सोन के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र ओझा, श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय शाहपुर के प्राचार्य डॉ. गुलाब फलहारी, डॉ साधना रावत, डॉ संजय सिंह,डॉ तबस्सुम बानो, डॉ बलिराज ठाकुर, डॉ ललित सागर, डॉ नवीन शंकर पाठक, डॉ प्रियरंजन चौबे, डॉ विनोद कुमार सिंह सहित कई शिक्षाविद् उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में मिर्जापुर की कवयित्री पूनम श्रीवास्तव ने मिर्जापुरी कजरी एवं ठुमरी की मनमोहक प्रस्तुति दी। शंकर कैमूरी ने अपनी राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत कविताओं का पाठ करते हुए स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता गाथाओं का जीवंत वर्णन किया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति और वीर रस से ओतप्रोत वातावरण के साथ हुआ।



## दलित-पिछड़ी महिलाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर के डुमरांव शहर में शुक्रवार को भाकपा माले और महिला संगठन ऐपवा के नेतृत्व में एक विरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च महिला आरक्षण और जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के खिलाफ आयोजित किया गया था। यह विरोध मार्च भाकपा माले कार्यालय से शुरू हुआ और मुख्य पथ, गोला रोड तथा शहीद पार्क होते हुए नया थाना पहुंचा। यहां एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता खेग्रामस जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने की और संचालन माले नेता ललन राम ने किया। सभा को जिला सचिव नवीन कुमार, नगर सचिव कृष्णा राम और ऐपवा नेत्री पूजा कुमारी ने संबोधित किया। नेताओं ने केंद्र सरकार की महिला आरक्षण नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अब तक लागू नहीं किया गया है, जो महिलाओं के साथ अन्याय है।

**महिला आरक्षण को अनावश्यक टाल दियाः** वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर अनावश्यक रूप से टाल दिया है। उनका कहना था कि महिला आरक्षण 2024 के चुनाव से ही लागू किया जा सकता था, लेकिन सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। साथ ही, सीटों में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर भी चिंता व्यक्त की गई, जिससे दक्षिण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रतिनिधित्व पर असर पड़ सकता है और संघीय ढांचे को नुकसान पहुंच सकता है। सभा में यह भी मांग की गई कि महिला आरक्षण में दलित और पिछड़ी महिलाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। नेताओं ने केंद्र सरकार से अपील की कि जनगणना और परिसीमन की शर्तों को अलग करते हुए महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू किया जाए।

**'आरियांव पीड़ित को न्याय दो' के नारे लगेः** इसके अतिरिक्त, बक्सर जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर भी गहरी चिंता जताई गई। विशेष रूप से आरियांव गांव में एक किशोरी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना का जिक्र करते हुए प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय व सुरक्षा देने की मांग की गई। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने "महिला आरक्षण लागू करो", "दलित-पिछड़ी महिलाओं को अधिकार दो" और "आरियांव पीड़ित को न्याय दो" जैसे नारे लगाए। इस विरोध मार्च का नेतृत्व धर्मेंद्र सिंह यादव, भगवान दास, शंकर तिवारी, शैलेन्द्र पासवान, बाबूलाल राम, प्रभात कुमार, अरविंद यादव, सुरेन्द्र कुशवाहा, ऊषा देवी, मनोज राम और रिंकू कुरैशी सहित कई नेताओं ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम में चनकलिया देवी, राधेश्याम शर्मा, अनिल राय समेत कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## तीर्थयात्रियों के लिए डोरमेटरी -रिटायरिंग रूम की मांग तेज, स्थानीय लोगों ने उठाई आवाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन अच्छी आय के बावजूद बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। भीषण गर्मी और बढ़ती भीड़ के बीच यात्रियों को बिना एसी वेटिंग हॉल और लाउंज के इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। जिले का प्रमुख रेलवे स्टेशन आय के मामले में बेहतर स्थिति में होने के बावजूद यात्रियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। स्टेशन पर एसी वेटिंग हॉल और आधुनिक यात्री लाउंज की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर ही समय बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है। खासकर गर्मी के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब तेज धूप और उमस के बीच यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर भीड़ लगातार बढ़ रही है, लेकिन उसके अनुरूप सुविधाओं का विस्तार नहीं किया गया है। प्लेटफॉर्म पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। कई बार यात्रियों को फर्श पर बैठकर या खड़े होकर ही ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है, जो रेलवे की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। यात्रियों और स्थानीय लोगों ने बताई पीड़ा स्थानीय लोगों ने अलग-अलग समस्याओं को लेकर अपनी बातें रखी हैं। समाजसेवी दौलत चन्द गुप्ता ने कहा कि स्टेशन की आय के अनुरूप यहां एसी वेटिंग हॉल और लाउंज जैसी सुविधाएं तत्काल विकसित की जानी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्लेटफॉर्म पर बैठने और ठहरने की बेहतर व्यवस्था की जरूरत है, ताकि खासकर बुजुर्गों और महिलाओं को राहत मिल सके। महिला नेत्री कंचन देवी ने बताया कि बक्सर धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है, इसलिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए डॉर्मिटरी और रिटायरिंग रूम की व्यवस्था होनी चाहिए। व्यवसायी रेल यात्री संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान स्थिति में यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है, जो रेलवे की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध चुलाई शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, एक हजार किलो जावा महुआ नष्ट

**मसौढ़ी** ! लहसुना थाना क्षेत्र के चपौर बांध पर गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी एक हजार जावा महुआ विनिष्ट किया है।मिलते ही शराब के मामले में छापेमारी अभियान चलाया गया.लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि गुरुवार को शराब के मामले में छापेमारी किया गया.इस दौरान चपौर बांध पर छापेमारी के दौरान 1000 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया.वहीं शराब बनाने के उपकरण को विनष्ट किया गया.गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान के तहत संवेदनशील स्थानों पर छापेमारी की गई।इस दौरान अवैध चुलाई शराब बनाने वाली कई भट्टियों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया।हालांकि, इस अवैध कारोबार से जुड़े भट्ठी संचालक मौके से फरार होने में सफल रहे।प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### होमगार्ड जवान पर जानलेवा हमला और लूट का आरोप, वर्दी में रील वायरल, पटना के आलमगंज थाने में तैनात

**हाजीपुर**। बिहार में वर्दी पहनकर रील बनाने पर प्रतिबंध के बावजूद होमगार्ड जवान आनंद कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जवान पर एक युवक पर जानलेवा हमला करने और लूटपाट का भी गंभीर आरोप है। यह घटना वैशाली जिले की है। आरोप है कि 14 नवंबर 2024 की शाम करीब 5 बजे आनंद कुमार और उसके साथियों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया। युवक के बेहोश होने के बाद उसकी जेब से 30 हजार रुपये छीन लिए गए थे। इस संबंध में महनार थाने में कांड संख्या 433/24 दर्ज किया गया है। आरोप है कि नौकरी मिलने के बाद आनंद कुमार रील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर लोगों को धमका रहा है। आनंद कुमार मूल रूप से वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र के टारा चौरी का निवासी है और वर्तमान में पटना जिले के आलमगंज थाने में होमगार्ड जवान के पद पर तैनात है। वायरल वीडियो में आनंद कुमार वर्दी पहने गाड़ी में बैठकर एक भोजपुरी गीत पर झूमते हुए दिख रहा है। एक अन्य वायरल वीडियो में वह ड्यूटी के दौरान राइफल के साथ ओवरब्रिज पर खड़ा है। पुलिस मैनुअल का उल्लंघन कर वर्दी में वीडियो बनाने की यह प्रवृत्ति लगातार जारी है। ऐसे मामलों में वरीय अधिकारी कार्रवाई करते रहे हैं, लेकिन यह सिलसिला थम नहीं रहा। अब देखना होगा कि आलमगंज थाने में तैनात होमगार्ड जवान आनंद कुमार पर इस वायरल वीडियो और आरोपों को लेकर क्या कार्रवाई की जाती है।



### ऑपरेशन के बाद नवजात की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, परिजन ने किया हंगामा

**हाजीपुर**। वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र स्थित आलोक हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद एक नवजात की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने मंगरू चौक के पास करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम कर हंगामा किया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर महुआ थाने के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। महुआ थाना क्षेत्र के छितरौली गांव निवासी अमोद कुमार सिंह की बेटी नेहा कुमारी को डिलीवरी के लिए मंगरू चौक स्थित आलोक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सामान्य प्रसव न होने पर ऑपरेशन के जरिए बच्चे का जन्म हुआ था, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण जन्म के कुछ ही मिनट बाद नवजात की मौत हो गई। उनका कहना है कि डॉक्टर ने बच्चे का उचित उपचार नहीं किया और परिजनों को यह कहकर सौंप दिया कि बच्चे की स्थिति ठीक नहीं है, इसे दूसरे अस्पताल ले जाकर इलाज कराएं। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल ने उन्हें बच्चे को दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए न तो कोई साधन उपलब्ध कराया और न ही कोई कर्मी साथ भेजा। उल्लेखनीय है कि नवजात के पिता की दो महीने पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी, जिसके बाद नेहा कुमारी अपने मायके में रह रही थीं। विवाद बढ़ने पर अस्पताल संचालक मौके पर पहुंचे और कुछ रुपए देकर मामले को शांत कराया। आक्रोशित लोगों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे अस्पतालों में जानें जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले भर में अवैध अस्पतालों और बिना डिग्री वाले डॉक्टरों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई अब ठंडे बस्ते में पड़ गई है।

### गर्लफ्रेंड को घर में घुसकर मारी गोली, फिर खुद को शूट कर किया सुसाइड, लड़की की शादी तय होने से था नाराज

**हाजीपुर**। वैशाली में एक युवक ने घर में घुसकर पहले युवती को गोली मारी, फिर खुद को भी गोली मार ली। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती घायल है और हाजीपुर सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान पंकज सहनी (24) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवती गंगा कुमारी (19) की शादी तय हो गई थी, जिससे वह नाराज था। हालांकि, युवती के पिता ने दोनों के बीच किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि रुपए लूटने के लिए घर में घुसा था, जिसका मेरी बेटी ने विरोध किया था। फिलहाल पुलिस ने माले की जांच शुरू कर दी है। FSL की टीम को भी बुलाया गया है।घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव की है। गुरुवार शाम करीब 7 बजे गंगा कुमारी घर में अकेली थी। उसके पिता उपेंद्र सहनी किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान पंकज घर में घुसा और दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद पंकज ने गंगा को गोली मार दी। घटना के तुरंत बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने दोनों परिवारों को घटना की सूचना दी। लड़की के पिता उपेंद्र सहनी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी की शादी अगले महीने तय थी। घर में शादी के लिए करीब चार लाख रुपए रखे थे, जिसकी जानकारी पंकज को थी। उनके मुताबिक, वह रुपए लूटने के इरादे से घर में घुसा था। बेटी ने विरोध किया तो पंकज ने उसे गोली मार दी। पिता ने प्रेम प्रसंग की बात से इनकार करते हुए कहा कि पंकज आपराधिक प्रवृत्ति का था। वह हाल ही में जेल से बाहर आया था। परिजनों के अनुसार, पंकज ने घर के अंदर एक गोली चलाई और बाहर निकलते समय दूसरी गोली चलाई, जो मिसफायर होकर उसी को लग गई।

### नाबालिग से गैंगरेप, मुख्य आरोपी फरार, आयुष पहले भी छेड़खानी मामले में चार्जशीटेड रहा है

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर जिले के कथैया थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की(15) से गैंगरेप मामले में नामजद आरोपी कुमोद कुमार की गिरफ्तार हुई, जबकि मुख्य आरोपी आयुष कुमार यादव अभी भी फरार है। घटना 22 अप्रैल 2026 की की। जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने नाबालिग को उसके घर से जबरन अगवा कर लिया। इसके पास एक सुनसान बगीचे में ले जाकर गलत काम किया। पीड़िता की स्थिति और परिजनों की शिकायत पर पुलिस तुरंत हरकत में आई। SSP कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और संभावित ठिकानों पर दबिश देने के निर्देश दिए हैं। आयुष देवरिया थाना क्षेत्र में छेड़खानी के एक पुराने मामले में भी चार्जशीटेड है। पुलिस जांच में पता चला है कि आयुष का आपराधिक रिकॉर्ड पुराना है। वह आदतन छेड़खानी जैसी घटनाओं में संलिप्त रहा है। वर्ष 2022 में उसके खिलाफ मुजफ्फरपुर के ही देवरिया थाना में छेड़खानी का मामला (कांड संख्या 143/22) दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। बावजूद इसके, आरोपी के हौसले बुलंद थे, जिसने इस बार गैंगरेप जैसी गंभीर वारदात को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। फरार आरोपी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम छापेमारी कर रही है।

# पटना में मां की फटकार के बाद पुल से कूदी युवती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ मां बोली- मेरे कोर्ट जाते ही वो घूमने निकल जाती थी इसलिए डांटा

**पटना**। पटना के पिरबहोर इलाके के अशोक राजपथ स्थित डबल डेकर पुल से छलांग लगाने वाली युवती की पहचान शिवहर के तरियानी की रहने वाली ज्ञानति (24) के तौर पर हुई है। परिजन ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि गुरुवार सुबह वह घर से लापता हो गई थी। इस बारे में लोकल थाने पर शिकायत करने वाले थे। तब तक पटना से उसके अटैंप्ट टू सुसाइड की जानकारी मिल गई।

**कोर्ट में अधिकार मित्र है मां**: ज्ञानती की मां शिवहर सिविल कोर्ट में अधिकार मित्र हैं। उनका कहना है कि वह कोर्ट चली जाती थी, तो ज्ञानती घूमने निकल जाती थी। इसी बात को लेकर डांट फटकार लगाई थी। इससे नाराज होकर ज्ञानती घर से निकल गई। मां मेनिका कुमारी ने बताया मैंने रिश्तेदारों की यहां पता किया, लेकिन कुछ भी खबर नहीं मिली। इसी बीच पटना से मेरे पास एक कॉल आया और बताया गया कि आपकी बेटी ने डबल डेकर पुल से छलांग लगा दी है। इसी सूचना के आधार पर पटना पहुंची हूं। फिलहाल उसका इलाज जारी है।

**होश में आई है युवती**: पुलिस के मुताबिक, युवती होश में आ गई है। हालांकि अभी कुछ बात नहीं पा रही है। उसे पूछने की कोशिश की जा रही है। जैसे वह बताने की स्थिति में आती है। उसके बयान के आधार पर आगे की छानबीन की जाएगी। पटना सेंट्रल SP दीक्षा ने बताया कि लड़की इलाजरत है। पूछताछ की जा रही है। अगर गंभीर अपराध की जानकारी मिलेगी, तो FIR दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, गुरुवार को युवती 55 फीट ऊंचे डबल डेकर पुल की रेलिंग पर काफी देर तक बैठी रही। वो इधर-उधर देख रही थी। पुल के नीचे काफी संख्या में भीड़ जुटी थी। अचानक पुल पर युवती ने किसी को देखा। जिसके बाद उसने पुल नीचे छलांग लगा दी। पुल के नीचे मौजूद लोगों ने युवती को जमीन पर गिरने नहीं दिया। लोगों ने उसे हवा में पकड़ लिया। इस वजह से उसकी जान बच गई।

## रैंप वॉक प्रतियोगिता में RPS रेसिडेंशियल स्कूल की छात्राओं का जलवा, प्रथम स्थान पर कब्जा

**श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र में 25 स्कूलों के बीच मुकाबला, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल से जीता दिल**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। शहर के प्रतिष्ठित श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र में एमिटी संस्थान द्वारा आयोजित भव्य रैंप वॉक प्रतियोगिता में RPS Residential School की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में पटना के 25 नामी विद्यालयों ने हिस्सा लिया, जहां प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने रैंप पर आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रस्तुति कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसने निर्णायकों के साथ-साथ दर्शकों को भी प्रभावित किया। उनकी सधी हुई चाल, अभिव्यक्ति और मंच पर पकड़ ने उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग पहचान दिलाई। इस सफल आयोजन में समन्वयक रूबी गहराना और दीप्ति गुप्ता की अहम भूमिका रही। उनके कुशल मार्गदर्शन और समर्पित प्रयासों के कारण कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। प्रतियोगिता के उपरांत विद्यालय प्रबंधन की ओर से विजेता छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. कुमार पुष्पंजय, प्रबंध निदेशक कुमार पृतंजय, प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह एवं उप-प्राचार्या उषा सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## श्री राम-जानकी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भक्ति की धारा, 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**मसौढ़ी (पटना)**: धनरूआ प्रखंड के सांडा पंचायत अंतर्गत सांडा गांव स्थित श्री राम-जानकी हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ धूमधाम से प्रारंभ हुआ। गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है, जहां चारों ओर भजन-कीर्तन और जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। इसके बाद 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जिसमें जहानाबाद और दरियापुर गांव की कीर्तन मंडलियों ने भाग लेकर भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कीर्तन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु उपस्थित होकर भक्ति में लीन दिखे।

मंदिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है और आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि वार्षिकोत्सव को लेकर गांव में कई दिनों से तैयारी चल रही थी, जिसमें सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

समारोह के समापन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

इस मौके पर समाजसेवी राजेश कुमार बिंद, ओम प्रकाश, जय प्रकाश, संतोष मुखिया, पूर्व उपमुखिया धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अमरेश कुमार, सतीश बिंद, प्रवीण कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे का बड़ा फैसलाः बिहार से दिल्ली और गुजरात के लिए कई स्पेशल ट्रेनें

**सहरसा, पूर्णिया कोर्ट, दानापुर और जयनगर से आनंद विहार व उधना के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन, यात्रियों को बड़ी राहत**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर**। यात्रियों की लगातार बढ़ रही भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने बिहार से दिल्ली और गुजरात की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए कई स्पेशल ट्रेनों के संचालन का फैसला किया है। इन ट्रेनों के शुरू होने से खासकर गर्मी के मौसम में यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। पूर्व मध्य रेल ने सहरसा और पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार टर्मिनल के बीच स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है।

**सहरसा-आनंद विहार स्पेशल (05575/05576)**: यह ट्रेन 28 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक हर मंगलवार को सहरसा से खुलेगी और सुपौल, झंझारपुर, सकरी, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, रक्सौल और नरकटियागंज जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से होते हुए आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन हर गुरुवार को आनंद विहार से सहरसा के लिए चलेगी।

**पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार स्पेशल (05579/05580)**: यह ट्रेन 26 अप्रैल से 12 जुलाई 2026 तक हर शुक्रवार और रविवार को पूर्णिया कोर्ट से रवाना होगी। रास्ते में सहरसा, सुपौल, निर्मली, झंझारपुर, सकरी, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, रक्सौल और नरकटियागंज जैसे स्टेशनों पर ठहराव होगा। वापसी सेवा रविवार और मंगलवार को उपलब्ध रहेगी। इन दोनों ट्रेनों में एसी इकोनॉमी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच लगाए गए हैं, जिससे हर वर्ग के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके अलावा गुजरात के उधना से दानापुर और जयनगर के लिए भी अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

**उधना-दानापुर स्पेशल (09007/09008 और 09021/09022)**: दो जोड़ी अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जो डीडीयू (पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन) और आरा के रास्ते चलेंगी। ये ट्रेनें 26 और 27 अप्रैल को अलग-अलग समय पर उधना और दानापुर के बीच चलाई जाएंगी, जिससे यात्रियों को विकल्प मिल सके।

**उधना-जयनगर स्पेशल (09003/09004)**: यह ट्रेन उधना से जयनगर के बीच चलेगी और रास्ते में डीडीयू, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करेगी। वापसी में भी यही मार्ग रहेगा।

**यात्रियों को मिलेगा बड़ा फायदा**: रेलवे के इस फैसले से बिहार के विभिन्न जिलों—जैसे सहरसा, पूर्णिया, दरभंगा, समस्तीपुर और पटना क्षेत्र—के यात्रियों को दिल्ली और गुजरात की यात्रा में राहत मिलेगी। खासकर कामकाजी लोगों, छात्रों और प्रवासी मजदूरों के लिए यह सुविधा काफी उपयोगी साबित होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आगे भी यात्रियों की मांग के अनुसार अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन पर विचार किया जाएगा, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और यात्रा को सुगम बनाया जा सके।

## बिहार के आदिम जनजातीय समूहों की स्थिति'' पुस्तक का लोकार्पण, जनजातीय विकास पर गहन अध्ययन प्रस्तुत

**ए. एन. सिन्हा संस्थान में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान विमोचन, नीति निर्माण में उपयोगी होगी पुस्तक**




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। सशक्तिकरण के लिए समाज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान ए. एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान में "बिहार के आदिम जनजातीय समूहों की स्थिति" शीर्षक पुस्तक का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक प्रख्यात मानवशास्त्री प्रोफेसर सचिंद्र नारायण द्वारा लिखी गई है। यह पुस्तक बिहार के आदिम जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, सांस्कृतिक पहचान और विकास से जुड़ी चुनौतियों का विस्तृत एवं शोधपरक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इसमें इन समुदायों के समावेशी विकास के लिए नीतिगत हस्तक्षेप, लक्षित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत विकास की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रोफेसर सचिंद्र नारायण मानवशास्त्र, ग्रामीण विकास और मानवाधिकार के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाने जाते हैं। वे ए. एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान में वरिष्ठ प्रोफेसर रह चुके हैं और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा वे पंचायती राज और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे हैं, जिनमें उनके शोध कार्यों का उपयोग नीति निर्माण में किया गया है।

भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग द्वारा सम्मानित प्रो. नारायण ने 100 से अधिक शोध पत्रों के साथ कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का लेखन किया है। उनके अध्ययन के प्रमुख विषयों में जनजातीय विकास, आपदा प्रबंधन, गांधीवादी विचारधारा और सतत विकास शामिल रहे हैं। इस पुस्तक का लोकार्पण न केवल संगोष्ठी की अकादमिक गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि यह नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और विकास क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ के रूप में भी स्थापित होने की संभावना रखती है।

## 'बिहार पर सिर्फ 35% जीएसडीपी कर्ज, बेहतर आर्थिक स्थिति'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार के ऊपर कर्ज और आर्थिक स्थिति को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान के बाद भाजपा प्रवक्ताओं ने आज पार्टी कार्यालय में इस विषय पर एक दूसरे के साथ चर्चा की। सोशल मीडिया पर एक चार्ट जारी किया गया। चार्ट में बताया कि बिहार अपने GSDP के मात्र 35% के करीब कर्ज में है, जो बिहार की मजबूत आर्थिक स्थिती को दर्शाती है। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, तेजस्वी यादव इन दिनों गला फाड़-फाड़ बोल रहे हैं कि बिहार के ऊपर चार लाख दस हजार करोड़ का कर्ज है। आज इसी विषय पर हमलोगों ने मीडिया कार्यालय में चर्चा की और बताया कि बिहार से बहुत ज्यादा कर्ज अन्य दूसरे राज्यों ने लिया है, जिनकी आबादी बिहार से बहुत कम है।

**तेजस्वी का आरोप- खजाना खाली, विकास पर संकट**: आज सदन में तेजस्वी यादव ने बिहार की आर्थिक स्थिति और कर्ज को लेकर सवाल उठाए। तेजस्वी ने कहा कि बिहार पर करीब 4 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। सरकार का खजाना खाली हो चुका है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार के पास पैसे ही नहीं होंगे, तो विकास कार्य कैसे होंगे। तेजस्वी ने यह भी कहा कि पेंशन जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी संसाधनों की कमी बताई जा रही है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने सरकार से स्पष्ट दृष्टि और कार्ययोजना बताने की मांग की। तेजस्वी यादव ने राजनीतिक स्थिरता को विकास के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि बिहार में पिछले पांच साल में पांच सरकारें बनीं।

## पटना में बीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी, चिट के पुर्जे बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना में बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा आयोजित सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इस दौरान एक महिला बायोमेट्रिक कर्मी और एक अभ्यर्थी को पकड़कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला कर्मी की पहचान वैशाली निवासी अंशुप्रिया, जबकि अभ्यर्थी की पहचान नालंदा के रौशन कुमार के रूप में हुई है।

**एएन कॉलेज सेंटर पर पकड़ा गया मामला**: घटना एएन कॉलेज पटना स्थित परीक्षा केंद्र की है। इस मामले में सेंटर सुपरीटेंडेंट शैलेश कुमार सिंह की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। उनके आवेदन के मुताबिक, 23 अप्रैल को AN कॉलेज स्थित परीक्षा भवन के हॉल नम्बर 4, सीट नम्बर 59 पर रोशन कुमार नाम का परीक्षार्थी बैठा था, जिसका रोल नंबर 217939 है।

परीक्षा के दौरान वीक्षक को अभ्यर्थी की गतिविधि संदिग्ध लगी। तलाशी लेने पर उसके पास से 'G' सीरीज प्रश्न पत्र के उत्तर के चिट बरामद हुए। तलाशी के दौरान रोशन कुमार के पास से G सीरीज प्रश्न पत्र के उत्तर के पुर्जे मिले। वीक्षक प्रमोद कुमार और राजेश्वरी प्रसाद सिंह की ओर से बताया गया कि उत्तर के पुर्जे बायोमेट्रिक मशीन की महिला कर्मी अंशु प्रिया ने उपलब्ध कराया गया था। अभ्यर्थी के पास से चिट के पुर्जे, OMR शीट, प्रवेश पत्र, आईडी कार्ड और आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## आईजीआईएमएस में अल्ट्रासाउंड के लिए 3 महीने की वेटिंग, व्यवस्था पर सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) में मरीजों को इलाज और जांच के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैंसर, किडनी समेत गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को साधारण जांच के लिए भी घंटों दौड़-भाग करनी पड़ रही है, जबकि कई जांचों के लिए महीनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल में जांच प्रक्रियाएं जटिल हैं, जिसके कारण मरीजों को कई चरणों से गुजरना पड़ता है। अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण जांच के लिए मरीजों को तीन महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है।

**एक जांच के लिए 5 घंटे, कई विभागों के चक्कर**: एक मरीज के परिजन ने बताया कि FNAC (फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी) जांच कराने में करीब पांच घंटे लग गए। सबसे पहले सैंपल स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (SCI) में लिया गया, फिर उसे जमा करने के लिए रेडियोलॉजी विभाग भेजा गया, जो करीब 200 मीटर दूर है। वहां बिल की फोटोकॉपी मांगी गई, जिसके लिए उन्हें अस्पताल से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद सैंपल को पुरानी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल स्थित माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जमा करने को कहा गया, जो कैंसर विभाग से लगभग 200 मीटर की दूरी पर है। इस तरह एक ही जांच के लिए मरीजों और उनके परिजनों को अलग-अलग भवनों के कई चक्कर लगाने पड़े। परिजनों ने बताया कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए इतनी भागदौड़ करना उनकी शारीरिक स्थिति को और अधिक प्रभावित कर रहा है।

**मरीज खुद ढो रहे सैंपल, बढ़ रही परेशानी**: अस्पताल की व्यवस्था का बड़ा सवाल यह है कि कई मामलों में मरीजों या उनके परिजनों को खुद ही सैंपल लेकर एक विभाग से दूसरे विभाग जाना पड़ता है। कागजी औपचारिकताएं—बिल की कॉपी, अलग-अलग काउंटर पर जमा, बार-बार लाइन लगना, इससे परेशानी और बढ़ जाती है। इस पूरी प्रक्रिया में न सिर्फ समय बर्बाद होता है, बल्कि प्रक्रिया में लंबा वक्त बीतने से मरीज की स्थिति खतरनाक हो जाती है। खासकर तब, जब वह कैंसर या अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित हो।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### अनिल कुमार महतो ने स्टेट बार काउंसिल में तीसरी बार जीत कर चुनाव में रचा इतिहास



**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार महतो ने लगातार तीसरी बार भारी मतों से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। उनकी इस हैट्रिक जीत की खुशी में जिला बार एसोसिएशन, चाईबासा के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार परिसर में आतिशबाजी कर जश्न मनाया। बार परिसर में अनिल कुमार महतो के पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनिल कुमार महतो ने कहा कि वे पहले की तरह अधिवक्ताओं के जनकल्याणकारी कार्यों के लिए लगातार काम करते रहेंगे और उनके अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के महासचिव फादर अगस्तिन कुल्लू, निरंजन प्रसाद साव, अंकुर कुमार चौधरी, सतीश चंद्र महतो, नीरज कुमार, रमेश चौबे, सुभाष चंद्र मिश्रा, किशोर महतो, कैसर परवेज, राजाराम गुप्ता, सुकुमार दरिपा, प्रणव दरिपा, राकेश पांडे, बसंत केसरी, धरणीधर नाग, विक्रम मुंडा, सरफराज खान, अली हैदर, प्रमोद प्रसाद, राजेश कुमार नाग, अरुण प्रजापति, नंदा सिन्हा सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### झारखंड शराब घोटालाः हाई कोर्ट ने अरुण पति त्रिपाठी-अरविंद कुमार की अग्रिम जमानत याचिकाएं कीं खारिज




**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपित अरुण पति त्रिपाठी और अरविंद कुमार को झारखंड उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। इस फैसले के बाद दोनों आरोपितों की कानूनी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इस मामले में पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए दोनों की अग्रिम जमानत याचिका को अस्वीकार कर दिया। इससे पहले अरुण पति त्रिपाठी और अरविंद कुमार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। एसीबी की विशेष अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद दोनों आरोपितों ने निचली अदालत के आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड में हुए शराब घोटाले की जांच के दौरान अरुण पति त्रिपाठी की संलिप्तता सामने आई है। वह राज्य सरकार की उत्पादन नीति के सलाहकार रह चुके हैं। झारखंड में नई शराब नीति के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। जांच एजेंसियों के अनुसार, अरुण पति त्रिपाठी ने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ की कई प्लेसमेंट एजेंसियों को झारखंड में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। आरोप है कि इस प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई और इससे बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितताएं हुईं। शराब घोटाले को लेकर जांच एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं और कई अहम दस्तावेजों व लेन-देन की जांच की जा रही है। उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद अब दोनों आरोपितों पर गिरफ्तारी की आशंका भी बढ़ गई है।

### जमशेदपुर में जेपीएससी परीक्षा को लेकर 26 को भारी वाहनों की नो-एंट्री




**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। परीक्षा रविवार को शहर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसके मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक शहर में बसों को छोड़कर सभी प्रकार के भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इस दौरान नो-एंट्री लागू रहेगी ताकि परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़भाड़ और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। यह आदेश शुक्रवार को ट्रैफिक डीएसपी, वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और उपायुक्त के संयुक्त निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) कार्यालय से जारी किया गया है। परीक्षा को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों और परीक्षा केंद्रों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस संवेदनशील चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखेगी, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर अपने केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही यातायात कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा अवधि के दौरान एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं के लिए मार्ग पूरी तरह सुगम रखें।

### विधायक की मौजूदगी में विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कमड़ा पंचायत के कमड़ा मोड़ में शुक्रवार को नव स्थापित ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक सुदीप गुड़िया की मौजूदगी में पूर्व सैनिक ज्वाखीम कंडुलना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ट्रांसफार्मर की स्थापना क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी और किसानों, विद्यार्थियों, दुकानदारों सहित आम नागरिकों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल विद्युत सुविधा के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विकास, जनसुविधा और ग्रामीण जीवन में नए उजाले का प्रतीक है। मौके पर लोगों ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश की सेवा कर राष्ट्र की रक्षा की है और आज समाज के विकास कार्यों में उनकी सहभागिता हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

### वर्षों से किराए के मकान में चल रहा है आंगनबाड़ी केंद्र



**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के जिउरी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन नहीं होने के कारण केंद्र का संचालन वर्षों से किराए के मकान में हो रहा है। वर्षों तक आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सरकारी विद्यालय के एक कमरे में होता था, लेकिन कमरे के जर्जर होने के कारण केंद्र को अब किराए के मकान में ले जाया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन निर्माण की मांग को लेकर पारंपरिक ग्राम सभा जिउरी की ओर से गत छह जनवरी को खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन सौंपा गया है। ग्रामीणों का भी कहना है कि केंद्र में बच्चों की संख्या अधिक है, लेकिन भवन की कमी के कारण उन्हें उचित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में बच्चों के बेहतर भविष्य और उनके समुचित विकास के लिए जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जाना जरूरी है। ग्राम सभा ने आंगनबाड़ी केंद्र के के लिए 10 डिसमिल जमीन भी चिह्नित कर दी है, जिसका खाता नंबर 101 और प्लॉट नंबर 1269 है। इसकी जानकारी भी जनप्रतिनिधि और प्रशासन की दे दी गई है। ग्रामसभा ने विधायक और प्रशासन से आग्रह किया है कि बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए जिउरी में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण शीघ्र कराया जाए।

# रांची के जगन्नाथ मंदिर में तैनात गार्ड की हत्या, चोरी की आशंका, चार लोग हिरासत में

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में तैनात गार्ड बिरसा मुंडा की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ चोर चोरी के इरादे से मंदिर परिसर में घुसे थे। इसी दौरान गार्ड बिरसा मुंडा ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस को मंदिर की एक दानपेटी से पैसे चोरी होने के संकेत भी मिले हैं, जिससे वारदात के पीछे चोरी की मंशा और मजबूत होती दिख रही है। हालांकि, हत्या के वास्तविक कारणों का अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। मंदिर के सेवक मनोज कुमार ने बताया कि पूरे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। सीसीटीवी जांच में एक संदिग्ध व्यक्ति की तस्वीर भी सामने आई है, जिसे पुलिस जांच का महत्वपूर्ण आधार मान रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच और आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। मौके पर डॉग स्क्वायड टीम और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया, जो विभिन्न साक्ष्यों को जुटाने में लगी है। फिलहाल पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। संदिग्धों से मिली जानकारी और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि रांची का जगन्नाथ मंदिर शहर की आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रमुख केंद्र माना जाता है। पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अपनी विशिष्ट स्थापत्य शैली के लिए प्रसिद्ध है, जो पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। यहां हर वर्ष भव्य रथ यात्रा का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# आजसू ने किया मैट्रिक टॉपर को सम्मानित



**एजेंसी। रांची**

मैट्रिक टॉपर सूची में संयुक्त तौर पर पहले स्थान पर आने वाली हजारीबाग की बेटी प्रियांशु कुमारी को आजसू ने सम्मानित किया। शुक्रवार को पार्टी के महासचिव संजय मेहता और पार्टी के चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के अध्यक्ष सिकंदर मेहता प्रियांशु के घर पहुंचे। वहां उन्होंने टॉपर छात्रा को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर टॉपर छात्रा का उत्साहवर्धन किया। मौके पर पार्टी के महासचिव संजय मेहता ने कहा कि प्रियांशु जहां पढ़ना चाहेगी, जिस प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करना चाहेगी हमलोग मदद करेंगे। वहीं प्रियांशु ने बताया कि वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई पीसीएम (फिजिक्स, केमेस्त्रीवां,मैथ) स्ट्रीम से करना चाहती है। उसके बाद स्नातक की पढ़ाई के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी करेगी। प्रियांशु कुमारी हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत लुपुंग गांव की निवासी है। पिता दिनेश्वर मेहता किसान हैं और मां गृहणी हैं। इस दौरान प्रियांशु के पिता दिनेश्वर मेहता, माता, दादी, चाची, चाचा, विनय मेहता, आर्यकांत मेहता पूरा परिवार मौजूद था।

# चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन से 06 नाबालिग बच्चियां बरामद, मानव तस्कर फरार

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



जिले के चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को मानव तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में छह नाबालिग बच्चियों को संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरे राज्यों में ले जाए जाने से पहले ही सुरक्षित बचा लिया गया। यह कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रम विभाग, महिला थाना चक्रधरपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चाईबासा की संयुक्त टीम की ओर से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई। हालांकि इस दौरान तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। जानकारी के अनुसार, सभी बच्चियां 14 से 16 वर्ष आयु वर्ग की हैं और प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि उन्हें बेहतर नौकरी, शहर में सुखद जीवन और अधिक पैसे का लालच देकर झारखंड से बाहर ले जाया जा रहा था। जैसे ही इस संदिग्ध गतिविधि की सूचना संबंधित एजेंसियों को मिली, तुरंत संयुक्त टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चक्रधरपुर स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध हालात में मौजूद बच्चियों को रोककर सुरक्षित अपने संरक्षण में ले लिया। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने किया, जिसमें विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। रांची की एक सामाजिक संस्था ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग दिया, जिससे समय रहते बच्चियों को बचाया जा सका। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पूर्व सूचना और सतर्क निगरानी का परिणाम है।

# जगन्नाथपुर मंदिर प्रहरी हत्याकांड पर गरमाई सियासत, बाबूलाल मरांडी ने सरकार और पुलिस पर उठाए सवाल

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर के गर्भगृह की सुरक्षा में तैनात प्रहरी की हत्या के बाद राज्य की सियासत तेज हो गई है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस घटना की सूचना से वे स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में यह वारदात हुई है, वहां विधानसभा और उच्च न्यायालय जैसे अत्यंत संवेदनशील संस्थान स्थित हैं। ऐसे हाई सिक्योरिटी जोन में मंदिर परिसर के भीतर घुसकर हत्या हो जाना पुलिस की कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों के भीतर मंदिर के आसपास दो हत्याएं हो चुकी हैं, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि रांची पुलिस अपराध रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। मरांडी ने पुलिस की कार्यप्रणाली की तुलना "सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटने" वाली स्थिति से करते हुए कहा कि पुलिस केवल घटना के बाद सक्रिय होती है, जबकि अपराध रोकने की जिम्मेदारी पहले की होती है। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले पर चुप्पी तोड़ने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की खामोशी अपराधियों और अयोग्य पुलिस अधिकारियों का मनोबल बढ़ा रही है। यदि सरकार समय रहते सख्त कदम नहीं उठाती है, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति और बिगड़ सकती है। मरांडी ने मांग की कि इस मामले में दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए और एसपी व एसएसपी स्तर के अधिकारियों से जवाब लिया जाए। साथ ही अयोग्य अधिकारियों को तत्काल हटाकर पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि राजधानी में लगातार बढ़ रहे अपराधों पर लगाम लगाई जा सके।

# झारखंड के कई जिलों में 25 से बारिश की संभावना, तीन दिनों तक ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में 25 अप्रैल से गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की बारिश या हल्के दर्जे के छींटा पड़ने की संभावना है। विभाग ने 26, 27 और 28 अप्रैल को राज्य के विभिन्न जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस दौरान गर्जन के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि एवं 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 43.2 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इधर, शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 42.8 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 43.2 और न्यूनतम 23.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 42.1 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# गंगा नारायण सिंह जयंती पर विशाल सांस्कृतिक समागम 25 को

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पोटका विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक संजीव सरदार ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एवं भूमिज विद्रोह (1832-33) के महानायक वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर 25 अप्रैल 2026 (शनिवार) को एक भव्य सांस्कृतिक समागम सह विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम विष्टुपुर स्थित रीगल (गोपाल) मैदान में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। शुक्रवार को परिसदन में सरदार ने प्रेस वार्ता में बताया कि गंगा नारायण सिंह आदिवासी समाज के गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक रहे हैं। उनका संघर्ष अंग्रेजी हुकूमत और अन्याय के खिलाफ था, जिसे आज भी समाज प्रेरणा के रूप में याद करता है। इस आयोजन का उद्देश्य उनके बलिदान को स्मरण करना और नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ना है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सुबह 11 बजे से 12 बजे तक पूजाअर्चना एवं माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक समाज के सरदारों और पारंपरिक नेतृत्वकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा आवश्यक सामग्री का वितरण होगा। 1 बजे से 2 बजे तक विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों और इतिहास पर चर्चा होगी। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक बुद्धिजीवियों द्वारा संबोधन होगा, जिसमें सामाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण और अधिकारों पर प्रकाश डाला जाएगा। विधायक संजीव सरदार, जो इस आयोजन के संरक्षक हैं, ने क्षेत्र के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि "हम सभी को एकजुट होकर अपने इतिहास, संस्कृति और वीर शहीदों के बलिदान को याद करना चाहिए। आपकी उपस्थिति ही इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करेगी। इस आयोजन का जिम्मा हातु सरदार, मुंडा, नाया, डाकुवा एवं पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से जुड़े प्रतिनिधियों की ओर से संयुक्त रूप से संभाला जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का अवसर है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का भी माध्यम बनेगा।

# नीमडीह विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से गठित हुई बाल संसद

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नीमडीह में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही बाल संसद का गठन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। यह प्रक्रिया पूर्णतः लोकतांत्रिक और सर्वसम्मति के आधार पर शिक्षक-शिक्षिकाओं की देखरेख में संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी की भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना है, ताकि वे विद्यालय के संचालन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। रामसिंह कुंटिया को अध्यक्ष, मंगल सिंह देवगम को उपाध्यक्ष, सुमित्रा बारी को प्रधानमंत्री और सानिया कालुंडिया को उप-प्रधानमंत्री चुना गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग मंत्रियों और उप-मंत्रियों की जिम्मेदारी तय की गई, ताकि विद्यालय के हर क्षेत्र—शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, संस्कृति और पर्यावरण—का समुचित संचालन हो सके। शिक्षा मंत्री के रूप में सुखमती कालुंडिया और उप-शिक्षा मंत्री के रूप में शबनम तांती को जिम्मेदारी दी गई, वहीं वित्त व्यवस्था के लिए अलका तांती और मनाचि खंडाइत को क्रमशः वित्त मंत्री और उप-वित्त मंत्री बनाया गया। अनुशासन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, बागवानी और खेल जैसे महत्वपूर्ण विभागों में भी विद्यार्थियों को जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्णा देवगम ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं—गंगाराम लागुरी, एलिस बेक, कुंती बोदरा, सुशील कुमार सरदार, कल्पना गोराई, सुकांति गोप और अंजिता सिंकू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# टाटा स्टील प्लांट में बड़ी चोरी की कोशिश नाकाम, तीन आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



टाटा स्टील प्लांट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की मुस्तैदी एक बार फिर देखने को मिली, जब कंपनी की सुरक्षा टीम ने बड़ी चोरी की कोशिश को विफल करते हुए तीनआरोपितों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह घटना 24 अप्रैल 2026 की तड़के करीब एक बजे की बताई जा रही है, जब संदिग्ध गतिविधि पर नजर पड़ते ही सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों आरोपी सकची क्षेत्र स्थित केबल गैलरी के रास्ते प्लांट परिसर में अवैध रूप से प्रवेश कर चुके थे और तांबे के केबल को काटकर बाहर ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान गश्त कर रही सुरक्षा टीम की नजर उन पर पड़ गई। सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पूरे इलाके को घेर लिया और थोड़ी मशक्कत के बाद तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से लगभग 75 किलो तांबे का केबल बरामद किया गया, जिसकी बाजार में अच्छी कीमत बताई जा रही है। अगर यह चोरी सफल हो जाती तो कंपनी को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता था। सुरक्षा टीम की सतर्कता के कारण इस नुकसान को समय रहते टाल दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विकाश चिन्ना (ओल्ड सीतारामडेरा थाना क्षेत्र), दीपक लोहार (बिरसानगर रोड नंबर 7) और अविनाश मुखी (केबल टाउन बस्ती रोड नंबर 5) के रूप में हुई है। तीनों स्थानीय क्षेत्र के रहने वाले हैं और प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि वे पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल हो सकते हैं। घटना के बाद टाटा स्टील के सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी आरोपियों को बिष्टुपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## मालेगांव विस्फोट मामले में एनआईए ने सुबूतों की अनदेखी की

**मुंबई, एजेंसी।** बांबे हाई कोर्ट ने 2006 के मालेगांव बम धमाकों के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए उसे कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि एनआईए ने मामले की पूर्व की जांच एजेंसियों (एटीएस और सीबीआई) द्वारा जुटाए गए महत्वपूर्ण तथ्यों और सुबूतों की पूरी तरह अनदेखी की। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस श्याम चांडक की खंडपीठ ने अंतिम चार आरोपितों को सभी आरोपों से मुक्त करते हुए बरी कर दिया है। अदालत ने अपने विस्तृत आदेश में टिप्पणी की है कि एनआइए ने जांच का जिम्मा संभालने के बाद नए सिरे से ठोस साक्ष्य जुटाने के बजाय केवल सुनी-सुनाई बातों और बाद में वापस लिए गए बयानों पर भरोसा किया। हाई कोर्ट ने इसे एक 'रहस्य' बताया कि एनआईए ने एटीएस और सीबीआइ द्वारा पेश की गई 'थ्योरी' और सुबूतों की अनदेखी क्यों की। खंडपीठ ने स्पष्ट कहा कि दो अलग-अलग एजेंसियों द्वारा पेश की गई एक-दूसरे की विपरीत कहानियों के कारण यह मामला अब 'डेड एंड' (बंद गली) पर पहुंच गया है, जहां 37 लोगों की जान लेने वाले दोषियों का पता लगाना अब लगभग असंभव हो गया है। हाई कोर्ट ने इस मामले के चारों आरोपितों-राजेंद्र चौधरी, धन सिंह, मनोहर राम सिंह नरवारिया और लोकेश शर्मा को इस आधार पर बरी कर दिया है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सुबूत नहीं थे। चारों पर हत्या और आपराधिक साजिश के साथ भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप लगाए गए थे। हाई कोर्ट ने सितंबर 2025 के विशेष न्यायालय के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें चारों आरोपितों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। बता दें कि आठ सितंबर, 2006 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव कस्बे में चार बम विस्फोट हुए थे, जिनमें से तीन शुक्रवार की नमाज के तुरंत बाद हमीदिया मस्जिद और बड़ा कब्रिस्तान परिसर के अंदर हुए। चौथा विस्फोट मुशावरत चौक पर हुआ। इन धमाकों में 31 लोग मारे गए और 312 अन्य घायल हो गए थे। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और जस्टिस श्याम चांडक की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि एनआईए ने आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) की जांच और आरोपपत्र को 'पूरी तरह से नजरअंदाज' कर दिया, जिसमें इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए नौ मुस्लिम युवकों द्वारा की गई पूरी साजिश का विस्तृत विवरण दिया गया है। बाद में मामले की जांच करने वाली एनआइए ने आरोप लगाया कि शक्तिशाली विस्फोटों के पीछे दक्षिणपंथी चरमपंथी थे।

## जीएसटी फर्जीवाड़े में क्राइम ब्रांच सुस्तः 6 महीने में 10 केस में से सिर्फ 3 की जांच पूरी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** जीएसटी में फर्जी पंजीकरण कर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े की जांच में क्राइम ब्रांच की रफ्तार सुस्त पड़ती दिख रही है। पुलिस आयुक्त द्वारा करीब छह माह पूर्व सौंपे गए 10 मामलों में से अब तक केवल तीन की जांच पूरी हो सकी है, जबकि बाकी केस लंबित हैं। इन फर्जीवाड़ों में आरोपितों ने सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति पहुंचाई है। अन्य 10 मामलों की जांच संबंधित थानों में चल रही है। बीते वर्ष जिले के विभिन्न थानों में जीएसटी फर्जीवाड़े के 20 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए थे। इनमें से 10 मामलों को गहन जांच के लिए क्राइम ब्रांच में सीबीआईटी (क्राइम ब्रांच इंवेस्टीगेशन टीम) को ट्रांसफर किया गया। हालांकि, अब तक सिर्फ तीन मामलों में ही जांच पूरी हुई है। एक मामले में आरोपित की मृत्यु हो चुकी है, जबकि दो मामलों में जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है। बाकी मामलों में दस्तावेजी जांच, बैंक खातों की पड़ताल और फर्जी कंपनियों के नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने का काम अभी जारी है। जांच में सामने आया है कि अधिकांश मामलों में आरोपितों ने सरकार से फर्जीवाड़ा कर इनपुट टैक्स क्रेडिट की धनराशि लेने के लिए फर्जी दस्तावेजों पर आइटीसी क्लेम लिया।

# भीषण जलसंकट के बीच छत्तीसगढ़ में एक तोते के लिए बहा दिया पूरा टैंकर

**नारायणपुर, एजेंसी।** देशभर में पड़ रही भयानक गर्मी के बीच एक तरफ छत्तीसगढ़ का नारायणपुर जिला जहां भीषण जलसंकट का सामना कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ यहां से पानी की बर्बादी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे जानने के बाद हर आम इंसान को गुस्सा आ रहा है। दरअसल यहां पर एक शख्स का पालतू तोता पिंजरे से उड़कर एक पेड़ पर काफी ऊंचाई पर जाकर बैठ गया था, जिसके बाद उसे नीचे उतारने के लिए पानी का पूरा टैंकर बहाते हुए हजारों लीटर पानी बर्बाद कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना शहर में ओबीसी बॉयज हॉस्टल के पास हुई, जब एक शख्स का पालतू तोता पेड़ पर जाकर बहुत ज्यादा ऊंचाई पर बैठ गया। जब काफी मशक्कत के बाद भी वह नीचे नहीं उतरा तो उसे पालने वाले शख्स ने फायर ब्रिगेड को बुला लिया। हैरानी की बात यह है कि उसके बुलावे पर फायर ब्रिगेड वाले लोग पहुंच भी गए और तोते को नीचे उतारने के लिए वाटर कैनन चलाते हुए पेड़ पर पानी की तेज धार मारने लगे। पानी की लगातार बौछारों से परेशान होकर वह तोता उस पेड़ से उड़



जाता है और एक अन्य इमारत की छत पर बैठ जाता है, जिसके बाद उसे पकड़ लिया जाता है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके सामने आने के बाद लोगों में इस घटना को लेकर काफी नाराजगी भी देखी जा रही है। उनका सवाल यही है कि जो फायर ब्रिगेड केवल गंभीर परिस्थितियों के वक्त ही आम लोगों के बुलाने पर आती है, तो वह एक तोते को उतारने के लिए वहां कैसे पहुंच गई। और भीषण गर्मी के मौसम में जहां लोगों को पीने का पानी भी मुश्किल से मिल रहा है, ऐसे में एक तोते को उतारने के लिए हजारों लीटर पानी बहा देना कहां तक ठीक है। इसके अलावा लोगों का सवाल यह भी है कि अगर उसी दौरान शहर में कहीं आग लगने की घटना हो जाती तो उसे बुझाने में होने वाली देरी के लिए कौन जिम्मेदार होता। अधिकारी का था, और उसी के प्रभाव की वजह से फायर ब्रिगेड का वाहन वहां पहुंचा था। इस घटना के विरोध में स्थानीय कांग्रेसी पार्षद जय वट्टी ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए अपनी नाराजगी जताई।

## तेलंगाना में मंत्रियों की पगार पर चली कैंची, रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलेगी बकाया पेंशन

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना सरकार ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए मंत्रियों के वेतन में 50% की कटौती करने का निर्णय लिया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य रिटायर्ड (सेवानिवृत्त) सरकारी कर्मचारियों के लंबे समय से पेंडिंग बकाये को चुकाने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना है। यह फैसला हिमाचल प्रदेश सरकार के उस हालिया कदम के बाद आया है, जिसमें वित्तीय संकट के कारण मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों के वेतन में कटौती की गई थी। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद, तेलंगाना के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी मंत्रियों ने अपनी मर्जी से यानी स्वेच्छा से अपने वेतन में 50% की कटौती करने का संकल्प लिया है। अगर जरूरत पड़ी, तो रिटायर्ड कर्मचारियों का पैसा चुकाने के लिए राज्य के सभी जनप्रतिनिधि भी अपनी सैलरी का आधा हिस्सा छोड़ देंगे।

## हिमाचल भवनों में कमरे महंगे, फिलहाल पुरानी दरें ही रहेंगी लागू; लेकिन कब तक?

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने दिल्ली और चंडीगढ़ स्थित हिमाचल भवन व हिमाचल सदन और शिमला में विली पार्क सर्किट हाउस में कमरों के किराए बढ़ाने के फैसले पर आंशिक रोक जैसी स्थिति स्पष्ट की है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने कहा है कि संशोधित दरें लागू तो की गई हैं, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल अपडेट होने तक पुराने किराए ही प्रभावी रहेंगे।

बुधवार शाम जारी अधिसूचना के अनुसार, हिमाचल भवनों, हिमाचल सदन और विली पार्क सर्किट हाउस में 24 कमरों को आम जनता के लिए 'हिमातिथि पोर्टल' के जरिए ऑनलाइन बुकिंग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि, इस पोर्टल में नई दरों को लागू करने की प्रक्रिया अभी जारी है। ऐसे में जब तक यह तकनीकी अपडेट पूरा नहीं हो जाता, तब तक सभी कमरों के लिए पुरानी दरें ही लागू रहेंगी।

इससे पहले की अधिसूचना में सरकार ने हिमाचल भवन/सदन (नई दिल्ली), हिमाचल भवन (चंडीगढ़) और विली पार्क सर्किट हाउस, शिमला के चयनित कमरों का किराया बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रति रात (सभी कर सहित) तय किया था। यह बढ़ोतरी 2025 की अधिसूचना में आंशिक संशोधन के रूप में की गई थी।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि कमरों के 30% और 50% आवंटन की पुष्टि क्रमशः रात 12 बजे और शाम 5 बजे तक की जाएगी। साथ ही, केवल उसी व्यक्ति को कमरे में ठहरने की अनुमति होगी, जिसके नाम पर बुकिंग की गई है- प्रॉक्सी ठहराव पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम को भी अतिथियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

18 अप्रैल 2026 की अधिसूचना में जिन 24 कमरों का किराया बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रति रात (सभी कर सहित) तय किया गया था, उनमें नई दिल्ली स्थित हिमाचल भवन के कमरे नंबर 405, 406, 407, 307, 308, 309 और 310 शामिल हैं। हिमाचल सदन, नई दिल्ली के कमरे नंबर 303,



304, 101 और 102 भी इस सूची में हैं।

वहीं, चंडीगढ़ स्थित हिमाचल भवन के कमरे नंबर 202, 203, 204, 107, 108 और 109 तथा शिमला के विली पार्क सर्किट हाउस के कमरे नंबर 512, 514, 522, 523, 411, 412 और 414 के लिए भी यही नई दर तय की गई थी। हालांकि, 22 अप्रैल को जारी पत्र के अनुसार, इन कमरों को आम जनता के लिए ऑनलाइन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है और पोर्टल में बदलाव होने तक इन पर पुरानी दरें ही लागू रहेंगी। हिमाचल भवन नई दिल्ली और चंडीगढ़ में स्थित हैं, जबकि हिमाचल सदन भी नई दिल्ली में ही है। ये भवन हिमाचल प्रदेश से बाहर जाने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण ठहराव स्थल हैं। यहां हिमाचल से आने वाले आम लोगों के साथ-साथ सरकारी अधिकारी, नेता, विधायक, मंत्री और कर्मचारी भी ठहरते हैं। इन भवनों का संचालन हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम करता है।

## बच्चियों से अपराध में सख्त हुई यूपी पुलिस, हफ्ते भर में चार्जशीट फिर सजा

**गोरखपुर, एजेंसी।** यूपी के गोरखपुर में बच्चियों के साथ हो रहे अपराध में पुलिस ने आरोपितों पर सख्त शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस तरह के हैवानों को गिरफ्तार कर जेल से बाहर न निकलने देने के लिए पुलिस जी तोड़ कोशिश कर रही है। इसके लिए हफ्ते भर के अंदर चार्जशीट और फिर ट्रायल शुरू करा कर सजा दिलाने का प्रयास कर रही है। पीपीगंज में बच्ची के साथ हैवानियत में 17 दिन में सजा दिलाने के बाद गीडा की बच्ची के साथ हुई घटना में भी पुलिस अपनी रफ्तार बढ़ा दी है।

गीडा थाना क्षेत्र में नौ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महज सात दिन में चार्जशीट दाखिल कर दी है। मामले में आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने फॉरेंसिक साक्ष्य और एफएसएल रिपोर्ट को शामिल कर केस को मजबूत बनाया है। एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र इस पूरे प्रकरण की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं और आरोपी को कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए हैं। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का एक दंपती अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ गीडा क्षेत्र के एक गांव में किराए के कमरे में





रहकर मजदूरी करता है। उनके कमरे के ठीक सामने ही पीपीगंज निवासी सत्य प्रकाश पासवान भी किराए पर रहता था, जो मजदूरी करता है। आरोप है कि 15 अप्रैल की शाम को जब दंपति काम पर गए हुए थे और बच्ची घर पर अकेली थी, तभी आरोपी युवक ने उसे बहला-फुसलाकर अपने कमरे में बुला लिया। आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म का किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गीडा अश्वनी पांडेय ने बताया कि जांच को प्राथमिकता देकर सभी साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने मेडिकल जांच, फॉरेंसिक जांच और एफएसएल रिपोर्ट को केस में शामिल करते हुए सात दिनों के भीतर ही चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दी। मोहद्दीपुर चौकी के इंचार्ज रहे अरविंद सिंह ने महिला की तहरीर पर महज तीन घंटे में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और अगले ही दिन मेडिकल कराने के साथ मजिस्ट्रेट के सामने 164 बयान दर्ज कराने के बाद तीन दिन के अंदर ही चार्जशीट दाखिल की थी। इस दरोगा ने 72 घंटे के भीतर चार्जशीट लगाने का यह कारनामा दूसरी बार किया था।

## योगी की शेर वाली फोटो पर अखिलेश का तंज; बोले- कोरोना काल का लगता है, इटावा की लायन सफारी...

**गोरखपुर, एजेंसी।** सीएम योगी ने गुरुवार को गोरखपुर में राप्ती नदी के एकला बंधे पर कूड़े (लिगेसी वेस्ट) का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने ईको पार्क का भ्रमण किया। ईको पार्क में वेस्ट से बनी कलाकृतियों को देखकर सीएम ने प्रसन्नता जताई और वेस्ट से ही बने शेर की कलाकृति के सामने फोटो खिंचवाई। शेर का ढांचा वेस्ट मटेरियल से बना है।

जिस पर अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होने एक्स पर लिखा- नकली शेर के साथ मुस्कान, असली देखें तो हो जाए धड़ाम। लगता है कोरोना काल का शेर है। तभी बाल-अयाल इतने लंबे हैं। शेर बनाना ही था तो कायदे से बनाते और इसके लिए सपाकाल में बनी इटावा की लायन सफारी ही देख आते। वहीं





लोकार्पण समारोह में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने रवि किशन के पत्नी के पैर छूने वाले बयान पर चुटकी ली। योगी ने कहा कि आपने गोरखपुर के सांसद का भाषण तो सुना ही होगा, लेकिन क्या आप उनके बताए आचरण को अपना रहे हैं या नहीं? संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए रविकिशन ने कहा था कि लोकसभा चुनाव में मुझे लाखों वोट मिलते हैं। उनमें से 1 से 1.5 लाख वोट मेरी पत्नी लेकर आती हैं। मैं उनके पैर छूता हूं। पीठासीन डुमरियांगज के सांसद जगदंबिका पाल ने भी चुटकी लेते हुए कहा था,'आज आपका संदेश दूर तक चला गया कि कोई ऐसा पत्नी व्रता है। सीएम योगी का विजन अद्वितीय है। वह कचरा में हीरा खोज लेते हैं। उनकी सोच से एकला बांध पर जहां गटर था, वहां अब रोजगार मिलेगा। यहां फिल्मों की शूटिंग भी होगी। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में गोरखपुर विकास की नजीर पेश कर रहा है। जहां बीमारी पहचान बन गई थी, वहां अब विकास का विश्वास है। इससे पहले सांसद रवि किशन ने लोकार्पण समारोह के मंच से लोगों से पूछा,' मेरा संसद में दिया गया भाषण किस-किस ने सुना था? आपको कैसा लगा? इस पर वहां मौजूद लोगों ने हां में जवाब दिया और जोरदार तालियां बजाई।

## गुरुग्राम में अब घर-घर से कूड़ा उठेगा, हर गली-मोहल्ले तक 700 नए वाहनों का बेड़ा तैनात किया जाएगा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के लाखों निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। शहर में पिछले करीब दो वर्षों से चरमराई कूड़ा उठान व्यवस्था अब जल्द ही पटरी पर लौटने वाली है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था को पूरी तरह से सुदृढ़ करने के लिए भेजे गए 607 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को राज्य सरकार ने अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। नगर निगम अधिकारियों ने इसी महीने के पहले सप्ताह में यह प्रस्ताव सरकार को भेजा था। इस बड़े फैसले के बाद शहर में कचरा प्रबंधन को लेकर चल रही भारी अव्यवस्था के जल्द खत्म होने की पूरी उम्मीद जग गई है और अब कूड़े को लेकर होने वाली परेशानियां कुछ ही दिनों में दूर हो जाएंगी। नई टेंडर प्रक्रिया के तहत कचरा संग्रहण प्रणाली को पूरी तरह से आधुनिक और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है। शहर के हर कोने, हर गली और मोहल्ले तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 700 नए वाहनों का एक बड़ा बेड़ा तैनात किया जाएगा। पिछले काफी समय से सौ फीसदी घरों से कूड़ा नहीं उठ पा रहा था। गुरुग्राम नगर निगम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि निगम की तरफ से भेजे गए नए आरएफपी को मुख्यालय से अनुमति मिल गई है। इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# रासुका खत्म, लेकिन जेल से नहीं मिलेगी रिहाई! अब दूसरे मामले में गिरफ्तार हुआ अमृतपाल सिंह

**अमृतसर, एजेंसी।** अमृतसर पुलिस ने गुरुवार को खडूर साहिब से निर्दलीय लोकसभा सांसद अमृतपाल सिंह को असम की डिब्रूगढ़ जेल से औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी उसके खिलाफ लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (ह्रू) की मियाद पूरी होने के बाद, अजनाला पुलिस स्टेशन में हुई हिंसा के मामले में की गई है।

गिरफ्तारी के बाद अमृतपाल सिंह को डिब्रूगढ़ से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अजनाला की सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने मामले की आगे की जांच के लिए कोर्ट से 15 दिन की रिमांड मांगी थी। लेकिन, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जज ने केवल 2 दिन की पुलिस कस्टडी मंजूर की। इस अवधि के दौरान अमृतपाल डिब्रूगढ़ पुलिस स्टेशन में ही रहेगा।

पंजाब सरकार ने अदालत को बताया था कि अगर अमृतपाल को अमृतसर लाया गया, तो सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। इसे देखते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह अनुमति दी थी कि एनएसए की अवधि खत्म होने और अजनाला मामले में गिरफ्तारी के बाद भी उसे डिब्रूगढ़ जेल में ही रखा जाए। साथ ही, पुलिस और न्यायिक रिमांड जैसी सभी कानूनी कार्यवाही ऑनलाइन पूरी की जाएं।

गुरुवार को हुई सुनवाई में अमृतपाल के वकील हरपाल सिंह खैरा और ऋतुराज सिंह ने अदालत के सामने अपना पक्ष रखा। वकीलों ने बताया कि पुलिस कथित हथियारों और वाहनों की बरामदगी के लिए पूछताछ करना चाहती है। इन वाहनों में वह वैन भी शामिल है जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी ले जाई गई थी। इसके अलावा पुलिस इस बात की भी जांच करना चाहती है कि क्या 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख रहते हुए अमृतपाल ने कोई बड़ी साजिश रची थी या 'आनंदपुर खालसा फोर्स' का गठन किया था।

बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि यह मामला अजनाला अदालत में पहले से ही चल रहा है और वर्तमान में सबूतों के चरण में है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले तीन सालों की जांच या सुनवाई के दौरान पुलिस ने



कभी भी उस वैन का कोई जिक्र नहीं किया था। सभी दलीलों पर विचार करने के बाद कोर्ट ने केवल दो दिन की रिमांड दी और अब इस मामले की अगली सुनवाई शनिवार को तय की गई है।

अमृतपाल सिंह 23 अप्रैल, 2023 से डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में एनएसए के तहत बंद थे। यह कार्रवाई अजनाला थाने में हुए बवाल के लगभग दो महीने बाद की गई थी। 23 फरवरी 2023 को अमृतपाल और उसके हथियारबंद समर्थकों ने अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया था। वह अपने एक साथी लवप्रीत सिंह उर्फ ??तूफान की गिरफ्तारी का विरोध कर रहा था। लवप्रीत पर रूपनगर जिले के एक व्यक्ति का अपहरण करने और उसके साथ मारपीट करने का आरोप था, जिसके लिए स्न्रढ्डक्र दर्ज की गई थी।

**पुलिस पर हमला और बचाव:** भीड़ ने पुलिस स्टेशन को घेर लिया, बैरिकेड्स तोड़ दिए और पुलिस के साथ हिंसक झड़प की। इस हमले में तत्कालीन एसपी जुगराज सिंह सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारी अपने साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी लेकर आए थे। धार्मिक ग्रंथ की पवित्रता और सम्मान को बनाए रखने के लिए पुलिस को मजबूरी में अत्यधिक संयम बरतना पड़ा और दबाव में आकर लवप्रीत को रिहा करना पड़ा। इस घटना की देशभर में कड़ी निंदा हुई थी।

## पवन खेड़ा को हाई कोर्ट से झटका, अग्रिम जमानत से इनकार, लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**गुवाहटी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी की तरफ से दर्ज करवाई गई एफआईआर के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उनकी अग्रिम जमानत की याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। पवन खेड़ा ने एफआईआर से जुड़े मामले में हाई कोर्ट का रुख किया। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि सीएम सरमा कीपत्नी के पास कई पासपोर्ट हैं। इससे पहले अदालत ने उन्हें ट्रांजिट बेल देने से इनकार किया था। पवन खेड़ा ने कोर्ट में मांग की थी कि उन्हें कुछ दिनों का समय दिया जाए ताकि वह असम की अदालत में नियमित जमानत के लिए याचिका फाइल कर सकें।

**क्या थी पवन खेड़ा की दलील:** पवन खेड़ा के वकील ने गुवाहाटी हाई कोर्ट में दलील दी कि कांग्रेस नेता के देश से भागने का कोई खतरा नहीं है और उन्हें गिरफ्तार करने की कोई जरूरत नहीं है। न्यायमूर्ति पार्थिव ज्योति सैकिया की एकल पीठ ने दोनों पक्षों को तीन घंटे से ज़्यादा समय तक सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेड़ा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि कांग्रेस नेता के आरोपों के जवाब में मुख्यमंत्री शर्मा की टिप्पणी, खासकर राज्य में विधानसभा चुनावों के संदर्भ में राजनीतिक बदले की भावना की ओर इशारा करती है। सिंघवी ने कहा कि याचिकाकर्ता के देश से भागने का कोई खतरा नहीं है और उनकी गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं है।

असम के महाधिवक्ता देवजीत लोन सैकिया ने खेड़ा को कोई भी राहत देने का विरोध करते हुए कहा था कि यह कोई साधारण मानहानि का मामला नहीं है, क्योंकि यह मामला दस्तावेजों की जालसाजी से जुड़ा



है। सैकिया ने बताया कि मुख्य अपराध धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़े हैं। उन्होंने दलील दी कि खेड़ा अंतरिम सुरक्षा के हकदार नहीं हैं क्योंकि उनके ''देश से भागने का खतरा'' है। सीएम सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा ने गुवाहाटी अपराध शाखा थाने में खेड़ा और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामले दर्ज कराए हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## रफ्तार पर भारी पड़ती मौत की राह...

देश में सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो फीसदी राष्ट्रीय राजमार्ग है, लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब तीस फीसदी तक पहुंच गई है।इसमें दोराय नहीं कि देश के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का विस्तार बेहद जरूरी होता है। आम लोगों के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली सड़कों का निर्माण भी इसी श्रेणी में आता है। देश में पिछले कुछ वर्षों में नई सड़कें बनाने की गति निश्चित रूप से तेज हुई है, लेकिन इसके साथ ही हादसों का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है। विशेषकर उच्च तकनीक की मदद से तैयार किए जा रहे एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग चमकदार एवं सुविधाजनक जरूर दिखते हैं, मगर ये सुरक्षित सफर की कसौटी पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं।देश में सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो फीसदी राष्ट्रीय राजमार्ग है, लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब तीस फीसदी तक पहुंच गई है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित प्राधिकरणों को सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेस-वे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।गौरतलब है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के सरकार के दावों के बावजूद इनमें साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें लगभग 1.59 लाख लोगों की मौत हो गई। वर्ष 2020 के कोरोनाकाल में पूर्णबंदी के कारण सड़क हादसों में कुछ कमी आई, लेकिन उसके बाद वर्ष 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं। यानी पांच वर्षों में 21 लाख से ज्यादा सड़क हादसों में करीब आठ लाख लोगों की मौत हो गई। यह आंकड़ा वास्तव में चिंताजनक है, लेकिन इसमें कमी लाने के प्रयास सरकारी कागजों से बाहर निकलकर धरातल पर प्रभावी रूप से अमल में आते नजर नहीं आ रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण की चेतना और मानव अस्तित्व का आधार

विश्व पर्यावरण दिवस भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के लिए चेतावनी और संकल्प का प्रतीक है। यह दिन हमें यह समझाने का प्रयास करता है कि जिस पृथ्वी पर हम अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं, उसकी सुरक्षा और संतुलन बनाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक के विकास ने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन इसके साथ ही हमने प्रकृति का अत्यधिक दोहन भी किया है, जिसके कारण आज पर्यावरण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। पृथ्वी दिवस की शुरुआत वर्ष 1970 में अमेरिकी सीनेटर गैलॉर्ड नेल्सन द्वारा की गई थी। 1969 में कैलिफ़ोर्निया के सांता बारबरा में हुए भीषण तेल रिसाव ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया और उन्होंने महसूस किया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से उन्होंने 22 अप्रैल 1970 को एक बड़े स्तर पर टीच-इन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें लाखों लोगों ने भाग लिया। इस आंदोलन को सफल बनाने में डेनिस हेज़ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह आयोजन इतना प्रभावशाली सिद्ध हुआ कि यह एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और इसके परिणामस्वरूप पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। पृथ्वी दिवस मनाने का विशेष कारण आज की पर्यावरणीय परिस्थितियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वर्तमान समय में पृथ्वी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई, जैव विविधता का ह्रास और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन प्रमुख हैं। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण ने जहां एक ओर विकास को गति दी है।

*अल्पसंख्यकों के धार्मिक और सांस्कृतिक कलाप उसे प्रगतिशीलता की निशानी लगने लगते हैं। इस तरह समाज के बीच वे अपनी वैचारिक धारा को बनाए रखने के जतन में जुटे रहते हैं। जंगलों, खेतों-खलिहानों और आदिवासी इलाकों में खून की होली खेलने, कूलों को उड़ाने वाली खूनी नक्सली और माओवादी विचारधारा के समर्थक और नेतृत्वकर्ता भले ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई और समानांतर चलाई गई विकास योजनाओं के चलते खत्म हो गए।*

# लेकिन शहरी माओवाद पर कैसे लगे लगाम

(उमेश चतुर्वेदी)

मोदी सरकार के बाद राष्ट्रवादी विचारधारा को उम्मीद थी कि सत्ता केंद्रों और संस्थानों से इस विचारधारा की विदाई हो जाएगी। लेकिन अब भी यह विचारधारा प्रभावी तौर पर उपस्थित है। इस विचारधारा के कतिपय क्रांतिकारियों ने तो अब चोला तक बदल लिया है और मौजूदा सत्ता तंत्र में भागीदार भी बन चुके हैं। बीते तीस मार्च को गृहमंत्री अमित शाह ने लाल आतंक के रूप में कुख्यात रहे माओवादी और नक्सली आतंकवाद के खात्मे का औपचारिक अंत की घोषणा कर दी है। चाहे माओवाद हो या नक्सलवाद, दोनों ही धाराएं उग्रपंथी वामपंथ से प्रभावित रही हैं। इनका मानना रहा है कि सत्ता बंदूक की नली या बारूद से निकलती है। इसी विचारधारा के तहत इस वैचारिकी ने भारत के तकरीबन एक तिहाई जिलों पर अरसे तक कब्जा जमाए रखा। इस विचारधारा से प्रभावित लाल आतंक एक दौर में पशुपति से लेकर तिरूपति तक फैला हुआ था। लेकिन अब यह निस्तेज हो चुका है। ज्यादातर नक्सली या माओवादी लड़ाके या तो हथियार डाल कर मुख्यधारा की जिंदगी में वापस लौट गए हैं या फिर सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारे गए हैं। लेकिन अब भी इस विचारधारा से प्रभावित एक वर्ग बचा हुआ है। जिसका सत्ता के प्रतिष्ठानों पर भले ही प्रभाव ना हो, लेकिन तंत्र पर उसका प्रभाव अब भी है। मार्च 2022 में जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद और कश्मीरी पंडितों के घाटी छोड़ने की पृष्ठभूमि पर एक फिल्म आई थी। 'द कश्मीर फाइल्स' नामक इस फिल्म में एक संवाद है, सत्ता भले ही उनकी है, लेकिन सिस्टम अपना है। इस संवाद में जिस सिस्टम की ओर इशारा है, दरअसल तंत्र पर उसका ही प्रभाव है। कहना न होगा कि यह प्रभावी तबका वैसी ही उग्र वामपंथी विचारधारा से प्रभावित है, जिसके बारूदी रूख के अंत का ऐलान गृहमंत्री अमित शाह ने किया है। कभी दिल्ली विश्वविद्यालय में सक्रिय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिज्ञासु कार्यकर्ताओं ने इसे 'अर्बन नक्सल' कहा था। अर्बन यानी शहरी नक्सल। याद कीजिए, छह अप्रैल 2010 की घटना, जब बस्तर में सीआरपीएफ के 74 जवानों को घेरकर नक्सलियों ने बारूदी सुरंगों के जरिए उड़ाकर मार डाला था। इस लोमहर्षक कार्रवाई भारतीय राष्ट्र राज्य पर अर्बन नक्सल समुदाय ने बड़ी जीत के रूप में देखा था। राजधानी दिल्ली में लाल गढ़ के रूप में विख्यात जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह ने इस कार्रवाई पर खुलेआम खुशियां जताई थीं। तमाम विश्वविद्यालयों के वामपंथी प्रोफेसरों और छात्रों के एक समूह ने इस लोमहर्षक हत्या कांड को भारतीय राज व्यवस्था पर नक्सली जीत के रूप में लिया था। बस्तर की इस घटना के बाद तत्कालीन मनमोहन सरकार सकते में थी। उसने समानांतर सत्ता चला रहे नक्सली और माओवादी आतंकियों पर हवाई कार्रवाई करने का विचार शुरू कर दिया था। लेकिन शहरी इलाकों के वामपंथी बुद्धिजीवियों ने इसका विरोध शुरू किया। तंत्र में इनकी उपस्थिति कितनी प्रभावी है, इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मनमोहन सरकार ने नक्सली हिंसा का प्रभावी जवाब देने का विचार त्याग दिया था। नक्सलवाद कहें या माओवाद या फिर वामपंथ की कोई अन्य धारा, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, पत्रकारिता, स्वयंसेवी संगठनों, वकालत, अस्पतालों, प्रशासनिक व्यवस्था और कर्मचारीतंत्र में भी इनके प्रभावी लोग अब भी मिल जाएंगे। अरूंधती रॉय, हर्ष मंदर, प्रशांत भूषण जैसे प्रसिद्ध बुद्धिजीवी तो खुद ही मानते हैं कि वे इस विचारधारा से हैं। तंत्र में इस विचारधारा के प्रभावी होने की शुरूआत 1969 में कांग्रेस के विभाजन से होती है। तब अपनी केंद्रीय सत्ता को बचाने के लिए इंदिरा गांधी को वामपंथी दलों के सहयोग की जरूरत थी। उन्होंने सहयोग किया भी, बदले में शैक्षिक संस्थानों पर उनका प्रभाव बढ़ा। इसकी वजह यह रही कि इंदिरा सरकार ने शोध और शैक्षिक संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को इन्हीं के हवाले कर दिया। इस विचारधारा ने अपने ही लोगों को इन संस्थानों में खूब भरा। 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई तो यह वैचारिकी पहले सकते में रही। बाद में इसने रणनीति और पैंतरा बदला। शुरू में तो इस विचारधारा ने कभी पश्चिम बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय में वैचारिकी आधारित आंदोलन छेड़ा तो कभी काशी हिंदू विश्वविद्यालय में लड़कियों से छेड़खानी के बहाने राष्ट्रवादी विचाराधारा को निशाने पर लेकर आंदोलन चलाया। हैदराबाद विश्वविद्यालय में रोहित बेमुला के बहाने राष्ट्रवादी शासन व्यवस्था के दौरान कथित तौर पर दलितों और पिछड़ों के उत्पीड़न का आरोप लगाकर वैचारिक आंदोलन खड़ा किया। दो कृषि कानूनों के बदलाव के विरोध में लंबे समय तक चले किसान आंदोलन को भी इस वैचारिकी का खुला समर्थन रहा। टूल किट गिरोह इसी दौरान बेपर्दा हुए। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देशभर के अल्पसंख्यकों को भड़काने और उन्हें आंदोलन में लाने के पीछे भी यही विचारधारा रही। इन आंदोलनों के लंबे समय तक चलने, इनके लिए लोगों के एकत्रित होने की वजह से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहरी नक्सलियों का कितना बड़ा नेटवर्क है और कितनी गहराई तक उनकी पहुंच है। मोदी सरकार के बाद राष्ट्रवादी विचारधारा को उम्मीद थी कि सत्ता केंद्रों और संस्थानों से इस विचारधारा की विदाई हो जाएगी। लेकिन अब भी यह विचारधारा प्रभावी तौर पर उपस्थित है। इस विचारधारा के कतिपय क्रांतिकारियों ने तो अब चोला तक बदल लिया है और मौजूदा सत्ता तंत्र में भागीदार भी बन चुके हैं। पत्रकारिता में अब भी इस विचारधारा के लोगों की भारी संख्या है। इसकी वजह से अब भी नैरेटिव का मायाजाल रचने में यह विचारधारा प्रभावी हो जाती है। नागरिक समाज में इस विचारधारा के लोग तभी पहचान में आते हैं, जब वे बहसों में हिस्सा लेते हैं या आंदोलनों में खुली भागीदारी करते हैं। अन्यथा समाज के सभी वर्गों की तरह इनको भी आसानी से सामान्य जन पहचान नहीं पाता। शहरी नक्सलवादियों की एक खासियत यह है कि वे खासा पढ़ते लिखते हैं। इसलिए बहसों में उनकी भागीदारी प्रभावी रहती है। लेकिन भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का माखौल उड़ाना उन्हें सबसे प्रिय है। वैसे भारतीय शैक्षिक संस्थानों में एक सोच गहरे तक पैठी हुई है कि युवावस्था में जो वामपंथी नहीं हुआ, इसका अभिप्राय है कि उसमें कोई न कोई कमी है। इस सोच की बुनियाद और संस्थानों में अपनी प्रभावी उपस्थिति के चलते यह विचारधारा अक्सर युवाओं को प्रभावित कर लेती है। उसके आगोश में आने के बाद युवा भारतीयता, भारतीय मूल्य और सांस्कृतिक परंपराओं का माखौल उड़ाने लगता है।

## तेल, गैस...भारत का दिल देखो, मुसीबत में एक नहीं अनेक देशों को कर रहा मदद

(अभिनय आकाश)

बात भूटान की हो, नेपाल की हो, श्रीलंका की हो, मॉरिसिस की हो, हर जगह भारत ने उनकी ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने का काम किया है। पड़ोसी कई एक पड़ोसी मुल्क से हमारे पास उनकी तरफ से अनुरोध आया है कि हम उनको ऊर्जा सामग्री उनको उपलब्ध कराएं। कई एक देशों को भारत ऊर्जा सामग्री उपलब्ध करा रहा है। लेकिन इस दरमियान भारत की अपनी जरूरतें हैं उसको मद्देनजर रखते हुए और किस प्रकार की यहां पर उपलब्धि है उसको मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को 22,000 मेट्रिक टन हाई स्पीड डीज़ल मार्च के महीने में मुहैया कराया था और साथ ही साथ इस महीने भी हमारे जो उनको ऊर्जा सामग्री और डीजल दी जाती है वह भी उनको दिया जा रहा है। पूरी दुनिया के सामने ऊर्जा संकट है। यूरोप से लेकर अफ्रीका और अफ्रीका से लेकर एशियाई देश हर कोई ऊर्जा संकट के लिए परेशान है। वजह साफ है अमेरिका ईरान जंग के कारण स्टेट ऑफ हार्मोस बंद और फिर इससे पूरे दुनिया के ग्लोबल सप्लाई चेन पर असर। ऐसे में भारत के पड़ोसी देश मुसीबत में हैं तो क्या भारत इनका साथ छोड़ देगा? जवाब है नहीं। यही जानकारी भारत के विदेश मंत्रालय से सामने आई है। बात भूटान की हो, नेपाल की हो, श्रीलंका की हो, मॉरिसिस की हो, हर जगह भारत ने उनकी ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने का काम किया है। पड़ोसी कई एक पड़ोसी मुल्क से हमारे पास उनकी तरफ से अनुरोध आया है कि हम उनको ऊर्जा सामग्री उनको उपलब्ध कराएं। कई एक देशों को भारत ऊर्जा सामग्री उपलब्ध करा रहा है। लेकिन इस दरमियान भारत की अपनी जरूरतें हैं उसको मद्देनजर रखते हुए और किस प्रकार की यहां पर उपलब्धि है उसको मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को 22,000 मेट्रिक टन हाई स्पीड डीज़ल मार्च के महीने में मुहैया कराया था और साथ ही साथ इस महीने भी हमारे जो उनको ऊर्जा सामग्री और डीजल दी जाती है वह भी उनको दिया जा रहा है। श्रीलंका के संदर्भ में आपको पता है कि 38,000 मेट्रिक टन के पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स भारत ने पिछले महीने उनको भेजा था। एक सप्ताह पहले हमारे विदेश मंत्री मॉरिशस के दौरे पर गए थे। उस दौरान दोनों देशों के बीच में बातचीत हुई इस मुद्दे पर और अभी हम लोग इस प्रक्रिया में हैं कि दोनों देशों के बीच में गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट के स्तर पर एक एग्रीमेंट को रूप फाइनल रूप देने की प्रयास कर रहे हैं ताकि मॉरिशस की जो ऊर्जा स्थिति है वह बेहतर हो और भारत उनको ऑयल और गैस प्रदान करें। जहां तक नेपाल का सवाल है, नेपाल और भारत के बीच जो पहले से चल रहे जो जो एग्रीमेंट हैं, एक तो एग्रीमेंट इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और नेपाल के बीच में है जिसके तहत हम उनको पेट्रोलियम पदार्थ उसको उनको उपलब्ध कराते हैं। और यह उनकी जरूरतों के मुताबिक उनको मुहैया कराया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बिना कोई इंटरप्शन के, बिना कोई बाधा के उनको दिया जा रहा है। उसी तरह भूटान के साथ भी हमारे दोनों देशों के बीच में एक समझ है, एक साझेदारी है। ऊर्जा पदार्थ को लेके उनको भी ऊर्जा हम मुहैया करा रहे हैं। जहां तक मालदीव और सेशल्स की बात है, उनसे भी कुछ हमारे पास अनुरोध आया है और अह उनसे उनसे हमारी लगातार इस मामले में बातचीत चल रही है। मैं साथ-साथ यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे पड़ोसी देशों की तरफ से उनके सरकार की तरफ से उन्होंने इस बात की सराहना की है कि हम लोग भारत की तरफ से उनको ऊर्जा सामग्री उनको इस दौरान जब पश्चिम एशिया में संघर्ष चल रहा है इस दरमियान उनको मुहैया कराया जा रहा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-6072

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 6072

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | 9 | ■ | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 13 | 14 | 15 | 16 | | 17 | 18 | ■ |
| | | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | 21 | | 22 | ■ | | ■ |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1513 को यशस्वी मुगल सम्राट अकबर ने मध्यप्रदेश के इस पडौसी राज्य को फतह किया था (4)
5. यह लेबनान देश की राजधानी है (3)
8. चुनौती देना, आह्वान करना, बदना (5)
10. तौल की एक प्राचीन इकाई, हृदय, चित्त, जी (2)
11. निकलना, अतीत होना, बिदा होना (2)
12. अभिमुख, सामने उपस्थित (3)
13. अंतर्राष्टीय टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाला भारतीय क्रिकेटर (1933 में इंग्लेंड के विरूद्ध 118)(7)
19. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
20. दक्षिण पवन, मलयानिल (3)
21. रचना कर्म, अभिनव सृष्टि (3)
23. परिक्रमणशील (3)
24. सदृश, समान, मिस्ल, उदाहरण (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. यह भारत के दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे (27 मई 1984 से 9 जून 1964 व 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966) (8)
2. दग्ध होना, उष्ण लगना (3)
3. पूर्णमासी (2)
4. दया, करूणा, रहम (3)
6. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. वेतन, पगार, उजरत (4)
9. मशहूर, प्रसिद्ध, ख्याति प्राप्त (4)
14. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
15. इस मुगल सम्राट ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था (4)
16. मन्नत मानना, फुसलाना (3)
17. उपाधि, इस्म (3)
18. पृथ्वी पर विचरण करने वाली प्राणी (4)
22. अरण्य, जंगल (2)

### वर्ग पहेली 6071 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ही | मा | सू | म | र | जा | ■ |
| ह | रा | र | त | ■ | वा | त | ज |
| त | ■ | को | ■ | मौ | न | ■ | क |
| इं | सा | नी | ■ | ■ | गी | द | ड़ |
| दौ | र | ■ | आ | ला | प | ■ | ना |
| री | ना | रा | य | ■ | त्र | य | ■ |
| ■ | थ | का | ■ | जां | ■ | की | ना |
| ■ | ■ | ■ | आ | च | म | न | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
कार्यक्षेत्र में नये तरीकों को अपना सकते हैं। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक सम्बन्ध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। व्यावसायिक रिश्ते काफी मजबूत हो सकते हैं। विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा। घर के लिये नयी वस्तुयें खरीद सकते हैं।

### वृष
कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा। घर के लिये नयी वस्तुयें खरीद सकते हैं। व्यापार में विस्तार करने का विचार बना सकते हैं।

### कर्क
आपकी दिनचर्या अत्यधिक सन्तुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। नये सम्पर्कों को लेकर उत्साहित रहेंगे। विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा। घर के लिये नयी वस्तुयें खरीद सकते हैं।

### सिंह
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नये कार्यों को आरम्भ कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। स्वास्थ्य को लेकर समस्या दूर होगी। नये क्लाइन्ट्स के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

### मिथुन
व्यापारिक सम्बन्धों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी खुशियों को परिवार वालों के साथ बाँटेंगे। सम्पत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी।

### कन्या
कारोबार के विस्तार को लेकर आपको उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग करेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। नशे का सेवन करने से बचें। विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा। घर के लिये नयी वस्तुयें खरीद सकते हैं।

### तुला
दाम्पत्य सम्बन्धों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। मन में वैचारिक उथल-पुथल चलती रहेगी। महिलाओं को सार्वजनिक क्षेत्रों में सावधानी रखनी चाहिये। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें। रिलेशनशिप को लेकर अत्यधिक सचेत रहेंगे।

### वृश्चिक
परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिन्ता हो सकती है। आज आपके काम धीमी गति से होंगे। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ आज बाहर जा सकते हैं। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें। रिलेशनशिप को लेकर अत्यधिक सचेत रहेंगे। मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा।

### मकर
अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिये। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है। धन सम्बन्धी मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। सम्पत्ति के मामले अटक सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियाँ आपको परेशान कर सकती हैं।

### कुंभ
सन्तान की शिक्षा पर अत्यधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमीजन के साथ घनिष्ठता का आनन्द लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें। रिलेशनशिप को लेकर अत्यधिक सचेत रहेंगे। शक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

### धनु
नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है। आज खाली समय में पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें। रिलेशनशिप को लेकर अत्यधिक सचेत रहेंगे।वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग भी आपसे सलाह लेने को उत्सुक रहेंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें, इससे आपको बहुत अच्छा लगेगा।

### मीन
कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को प्रसिद्धि मिलेगी। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिये दिन राहत भरा रहेगा। प्रेमीजन से पूर्व में किये गये वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें। रिलेशनशिप को लेकर अत्यधिक सचेत रहेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# 53 साल के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, आज भी कायम हैं ये रिकॉर्ड्स



**मुंबई (एजेंसी)।** गॉड ऑफ क्रिकेट से जाने जाते सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को मुंबई स्थित अपने आवास पर अपने परिवार के साथ अपना 53वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में केक काटा और उन प्रशंसकों का धन्यवाद किया जो इस अवसर पर उन्हें बधाई देने के लिए बड़ी संख्या में उनके घर के सामने आए थे। केक काटने के बाद उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी ली और भारी पुलिस सुरक्षा के बीच ऑटोग्राफ भी दिए। आइए इस खास मौके पर उनके कुछ ऐसे रिकॉर्ड्स पर भी नजर डाल लेते हैं जिन्हें तोड़ने की कोशिश तो हुई लेकिन वह आज भी कायम है -

- सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे अधिक 664 इंटरनेशनल मैच खेलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। श्रीलंका के महेला जयवर्धने (652) इस रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंचे लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।
- तेंदुलकर के नाम सबसे अधिक 18,426 वनडे रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वह 50 ओवर फॉर्मेट में 15 हजार से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं। विराट कोहली 14797 रनों के साथ दूसरे पायदान पर हैं। तेंदुलकर ने 463 वनडे मैचों में 18426 रन बनाए थे जिसमें 49 शतक शामिल है। सचिन ने अपनी बॉलिंग के दम पर भी भारत को कई मैच जिताए। उनके नाम इस फॉर्मेट में 154 विकेट दर्ज हैं।
- सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 51 टेस्ट शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। एक्टिव खिलाड़ियों में जो रूट 41 शतकों के साथ उनके पीछ हैं। रूट इस समय 35 वर्ष के हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि यह रिकॉर्ड टूटता है या नहीं।
- तेंदुलकर के नाम सर्वाधिक 200 टेस्ट मैच खेलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन (188) उनके नजदीक पहुंचे, मगर इसे तोड़ नहीं पाए।
- सचिन तेंदुलकर ही एकमात्र ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके नाम वर्ल्ड कप में 2000 से अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। 6 वर्ल्ड कप में उनके बल्ले से कुल 2278 रन निकले। एक वर्ल्ड कप एडिशन में सबसे अधिक 673 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तेंदुलकर के नाम है।
- इस बारे में तो सभी जानते हैं कि तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन करने का भी वर्ल्ड रिकॉर्ड है। लेकिन क्या आप सही आंकड़ा जानते हैं। यह आंकड़ा है 34357 रन। सचिन के बाद सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने वाले खिलाड़ी विराट कोहली (28215 रन) हैं जबकि कुमार संगकारा 28016 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# चेन्नई की आईपीएल में 103 रन से सबसे बड़ी जीत

## संजू ने रोहित की बराबरी की, सीएसके ने मुंबई को सबसे ज्यादा 19 बार हराया

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में संजू सैमसन ने पहली पारी की आखिरी गेंद पर चौका जड़कर इस सीजन दूसरा शतक लगाया। उन्होंने टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। मुकाबले के दौरान जेमी ओवरटन और तिलक वर्मा के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली।

**सीएसके ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की** - चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हरा दिया। यह टूर्नामेंट के इतिहास में टीम की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2014 के सीजन में अबू धाबी में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ मिली 93 रन विक्ट्री उसकी सबसे बड़ी जीत थी।

**मुंबई को सबसे बड़ी हार मिली** - मुंबई को आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी हार मिली। इससे पहले 2013 में उसे जयपुर में राजस्थान के खिलाफ 87 रन की हार झेलनी पड़ी थी। वहीं 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद ने 85 रन से हराया था।




### चेन्नई ने मुंबई को सबसे ज्यादा बार हराया

चेन्नई ने मुंबई को आईपीएल में 19वीं बार हराया। इसके साथ ही सीएसके मुंबई को सबसे ज्यादा मैच हराने वाली टीम बन गई है। उसने मुंबई के खिलाफ कुल 40 में से 19 मुकाबले जीते हैं। इसके बाद पंजाब किंग्स है, जिन्होंने 35 मैचों में से 18 जीत हासिल की हैं। दिल्ली कैपिटल्स 38 मैचों में 17 जीत के साथ तीसरे नंबर पर है।

### संजू ने 8वां टी-20 शतक लगाया

संजू सैमसन ने टी-20 क्रिकेट में 8वां शतक लगाया। सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में विराट कोहली और अभिषेक शर्मा सबसे आगे हैं। दोनों के नाम 9-9 शतक दर्ज हैं। इसके बाद रोहित शर्मा का नाम आता है, जिन्होंने टी-20 में अब तक 8 शतक लगाए हैं।

### आईपीएल में संजू ने 5वां शतक लगाया

संजू आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ नाबाद 101 रन की पारी खेली। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतक विराट कोहली के नाम पर है। उन्होंने आईपीएल में अब तक 8 शतक लगाए हैं। दूसरे नंबर पर जोस बटलर हैं, जिनके 7 शतक हैं।

### सीएसके के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने की बराबरी की

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पहला सीजन खेल रहे संजू सैमसन ने दो शतक लगा दिए हैं। चेन्नई के लिए अब तक चार खिलाड़ी 2 शतक लगा चुके हैं। संजू से पहले शेन वॉटसन, मुरली विजय, ऋतुराज गायकवाड भी दो-दो शतक लगा चुके हैं।

## कुंबले और हरभजन ने संजू सैमसन की शतकीय पारी की सराहना की

अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गज स्पिनरों ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ संजू सैमसन के शतक की जमकर सराहना करते हुए इसे परिस्थिति के हिसाब से सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। सैमसन की 54 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को 104 रन पर आउट कर बड़ी जीत दर्ज की। मौजूदा सत्र में यह सैमसन का दूसरा शतक है। पूर्व स्पिनर कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, सीएसके की सफलता अक्सर उनके सलामी बल्लेबाजों की मजबूत शुरुआत पर टिकी रही है लेकिन पिछले कुछ सत्र में टीम को इस मामले में निराशा मिली है। सैमसन ने इस जिम्मेदारी को उठाने की कोशिश की है। सिर्फ 7 मैचों में दो नाबाद शतक बनाकर टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई है। इस महान लेग स्पिनर ने कहा, यह उस भूमिका की तरह है जो जोस बटलर ने राजस्थान की फाइनल तक की यात्रा में निभाई थी और आप साफ देख सकते हैं कि संजू ने अपने खेल में उसी तरह का प्रभाव अपनाया है। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस शतक को सैमसन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा, संजू सैमसन इसलिए अलग नजर आए क्योंकि उनकी खेल की समझ बहुत मजबूत थी। बहुत से खिलाड़ियों में प्रतिभा होती है, लेकिन बहुत कम खिलाड़ी यह समझ पाते हैं कि अलग-अलग परिस्थितियों में पारी को कैसे गति देनी है।

## यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है, सीएसके से हार के बाद बोले मुख्य कोच महेला जयवर्धने

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप में खेलने के कारण लेकर थकान की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि टीम लय और आत्मविश्वास हासिल करने पर ध्यान दे रही है। मुंबई इंडियंस की टीम में सूर्यकुमार और हार्दिक के अलावा जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा पिछले महीने आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि मिचेल सैंटेनर ने इस विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुवाई की थी और अनुभवी क्विंटन डिकॉक दक्षिण अफ्रीका टीम के अहम सदस्य थे। मुंबई इंडियंस को बृहस्पतिवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 103 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। यह टीम की सात मैचों में पांचवीं हार थी। कप्तान हार्दिक पांड्या ने छह मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं और 97 रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव सात मैचों में 156 रन ही बना सके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह (2 विकेट) और तिलक वर्मा (181 रन) भी एक पारी को छोड़ दें तो खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। जयवर्धने ने मैच के बाद कहा, मौजूदा दौर में सभी खिलाड़ी पेशेवर हैं। विश्व कप खेलने वाले कई खिलाड़ी ब्रेक के बाद आईपीएल में लौटे हैं। मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ी खुद भी थकान को कारण मानेंगे। हमें लय और निरंतरता हासिल करनी है। यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है। गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, लेकिन बल्लेबाजी भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। हमें वह संतुलन ढूंढना होगा जहां हम मुकाबला कर सकें। हम अगर अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें तो हमारे पास अच्छा मौका है, लेकिन अगले सात मैचों के लिए आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन जरूरी है।



## गायकवाड ने मुंबई के खिलाफ जीत मुकेश को समर्पित की

### मां के निधन के बावजूद मैदान पर उतरे थे गेंदबाज; टीम ने भी काली पट्टी बांधी



**मुंबई (एजेंसी)।** वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की 103 रनों की शानदार जीत एक भावुक मोड़ पर खत्म हुई। जीत के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने इस प्रदर्शन को अपने साथी खिलाड़ी मुकेश चौधरी को समर्पित किया। मुकेश हाल ही में अपनी मां को खोने के बावजूद टीम के लिए खेलने मैदान पर उतरे थे।

**टीम ने बांधी काली पट्टी, मुकेश ने झटके विकेट** - मुकेश चौधरी के प्रति सम्मान और एकजुटता दिखाने के लिए चेन्नई के सभी खिलाड़ियों ने हाथ पर काली पट्टी बांधी थी। पारिवारिक दुख के बीच मुकेश ने न केवल वापसी की, बल्कि मैदान पर शानदार जज्बा भी दिखाया। उन्होंने अपने स्पैल (1/31) के दौरान मुंबई के ओपनर क्विंटन डी कॉक को जल्दी आउट कर मैच की दिशा तय कर दी।

**कप्तान बोले- मुकेश की हिम्मत को सलाम** - मैच के बाद गायकवाड काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, मुकेश जानते थे कि टीम को उनकी जरूरत है, इसलिए वे फ्रेंचाइजी और टीम के लिए वापस आए।

# केरला ब्लास्टर्स ने ओडिशा एफसी को 2-1 से हराया

**कोच्चि, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2025-26 में केरला ब्लास्टर्स एफसी ने रोमांचक मुकाबले में ओडिशा एफसी को 2-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया। मैच की शुरुआत से ही केरला ब्लास्टर्स ने आक्रामक खेल दिखाया। टीम के खिलाड़ी केविन योक ने लेफ्ट साइड से कई अच्छे मूव बनाए और ओडिशा के डिफेंस को परेशान किया। इसी दबाव का फायदा उठाते हुए मुकाबले के 12वें मिनट में विक्टर बर्टोमेउ ने पहला गोल दागा। एक ड्राइविंग रन और हितेश शर्मा के ब्लॉक किए गए शॉट के



बॉक्स में जाने के बाद विक्टर ने शानदार अंदाज में गेंद को कंट्रोल किया और फिर बॉल को गोल पोस्ट में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले गोल के बाद भी केरला का दबदबा बना रहा, लेकिन धीरे-धीरे ओडिशा एफसी ने मैच में वापसी की। 27वें मिनट में रहीम अली ने शानदार गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने मौके बनाए, लेकिन हाफ टाइम तक कोई और गोल नहीं हुआ।दूसरे हाफ में ओडिशा एफसी ने बेहतर शुरुआत की और लगातार अटैक किए। हालांकि, केरला के गोलकीपर और डिफेंस ने मजबूती से खेलते हुए गोल नहीं होने दिया। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, और मैच के आखिरी समय तक स्कोर बराबरी पर ही बना रहा। मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था, तभी इंजरी टाइम में केरला ब्लास्टर्स को कॉर्नर मिला। इस मौके का फायदा उठाते हुए सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मैटियास हर्नांडेज ने शानदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। 90+3वें मिनट में आए इस गोल ने मैच का रुख बदल दिया और केरला को रोमांचक जीत दिलाई। मैच के अंत में ओडिशा एफसी ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस तरह केरला ब्लास्टर्स ने कड़ी मेहनत से तीन अहम अंक हासिल कर लिए। इस जीत के बाद केरला ब्लास्टर्स 11 अंकों के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं ओडिशा एफसी आठ मैचों में सिर्फ छह अंक के साथ 13वें स्थान पर बना हुआ है।

# ओलिंपिक-कॉमनवेल्थ के बाद अब 2038 एशियन गेम्स की तैयारी

## भारत ने प्रस्ताव भेजा, अहमदाबाद होगा मुख्य सेंटर, ओसीए की टीम जल्द करेगी दौरा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 2036 ओलिंपिक की मजबूत दावेदारी और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स (जीडब्ल्यूजी) की मेजबानी हासिल करने के बाद अब भारत की नजरें 2038 के एशियन गेम्स पर हैं। भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) ने आधिकारिक तौर पर इसके लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। गुरुवार को चीन के सान्या में ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया की एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक हुई। इसमें भारत के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बोर्ड ने फैसला लिया है कि भारत की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जल्द ही एक इवैल्यूएशन टीम देश का दौरा करेगी। 2038 के स्लॉट के लिए भारत के अलावा साउथ कोरिया और मंगोलिया ने भी अपनी रुचि दिखाई है।

**अहमदाबाद बनेगा खेलों का हब** - 2036 ओलिंपिक और 2030 सीडब्ल्यूसी की तरह 2038 एशियन गेम्स का केंद्र भी अहमदाबाद ही रहेगा। गुजरात सरकार ने इसके लिए बड़े स्तर पर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण शुरू कर दिया है। - सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव- नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास 355 एकड़ में फैला यह इलाका मुख्य केंद्र होगा। यहां एक्वेटिक्स, टेनिस सेंटर और इंडोर एरेना बनाए जा रहे हैं। कराई स्पोर्ट्स हब- गांधीनगर में 143 एकड़ में एथलेटिक्स स्टेडियम, शूटिंग कॉम्प्लेक्स और अन्य वेन्यू तैयार किए जा रहे हैं।




**56 साल बाद भारत में वापसी की कोशिश** - भारत ने 1951 में पहले एशियन गेम्स की मेजबानी की थी। इसके बाद आखिरी बार 1982 में ये खेल भारत में हुए थे। दोनों ही बार मेजबानी दिल्ली ने की थी। अगर भारत 2038 की बिड जीतता है, तो यह 56 साल बाद देश में एशियन गेम्स की वापसी होगी।

**कम लागत में होगा बड़ा आयोजन** - आईओए के अधिकारियों का मानना है कि 2038 एशियन गेम्स की मेजबानी भारत के लिए लॉजिकल स्टेप है। 2030 सीडब्ल्यूजी और 2036 ओलिंपिक के लिए अहमदाबाद में इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से ही तैयार होगा, ऐसे में एशियन गेम्स के आयोजन की लागत काफी कम हो जाएगी। यदि भारत को 2036 ओलिंपिक की मेजबानी मिलती है, तो एशियन गेम्स के लिए वही वेन्यू इस्तेमाल हो सकेंगे।

# खेल में राजनीति कर रहा पाकिस्तान

## भारत में होने वाले टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

### अब छह टीमें खेलती दिखेंगी

**कराची, एजेंसी।** दक्षिण एशिया के बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट सैफ विमेंस चैंपियनशिप 2026 से पाकिस्तान ने अपना नाम वापस ले लिया है। पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच बिगड़ते रिश्तों के चलते यह फैसला लिया गया है। यह टूर्नामेंट 25 मई से छह जून तक गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाना है।

**टूर्नामेंट अब छह टीमों के साथ** - पाकिस्तान के हटने के बाद अब इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव शामिल हैं। ढाका में हुए ड्रॉ में इन टीमों को दो समूहों में बांटा गया है, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच बरकरार रहेगा।



**पाकिस्तान महिला फुटबॉल को बड़ा झटका** - यह फैसला पाकिस्तान महिला फुटबॉल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हाल के वर्षों में टीम धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही थी और इस टूर्नामेंट को खुद को साबित करने का बड़ा मौका माना जा रहा था। लेकिन एक बार फिर राजनीतिक तनाव ने खेल पर असर डाला और खिलाड़ियों का यह मंच छिन गया।

- **पहले भी खेलों से पीछे हट चुका है पाकिस्तान** - यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने भारत में होने वाले किसी खेल आयोजन से दूरी बनाई हो। इससे पहले भी पाकिस्तान ने पुरुष जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप और एशिया कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी। यह लगातार बढ़ती प्रवृत्ति दर्शाती है कि खेल और राजनीति का टकराव दक्षिण एशिया में अभी भी जारी है।
- **भारत और बांग्लादेश पर रहेंगी नजरें** - भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है, जिसने पांच बार खिताब जीता है। वहीं बांग्लादेश ने पिछले दो संस्करण (2022 और 2024) अपने नाम किए हैं। ऐसे में इस बार भी इन दोनों टीमों पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

# मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा की कमी खल रही है: आकाश चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के निराशाजनक प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। गुरुवार को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ एमआई को 103 रन के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल में रनों के लिहाज से एमआई की ये सबसे बड़ी हार है। पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा की कमी खल रही है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियोस्टार एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा, 'मुंबई को रोहित शर्मा की कमी जरूर खली है। अच्छी शुरुआत के बिना, 210-220 के लक्ष्य का पीछा करना बहुत मुश्किल हो जाता है। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने अब तक ज्यादा योगदान नहीं दिया है। तिलक वर्मा ने पिछले मैच में जरूर शतक लगाया था, लेकिन बाकी बल्लेबाजों को बेहतर करने की जरूरत है। गेंदबाजी में भी जसप्रीत बुमराह और गजनफर अच्छा कर रहे हैं। उन्हें बाकी लोगों से बेहतर सपोर्ट की जरूरत है।' रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी और केकेआर के खिलाफ पहले मैच में 38 गेंदों पर 78 रन बनाए थे। सीजन के चौथे मैच में रोहित इंजर्ड हो गए थे। इसके बाद से प्लेइंग इलेवन से बाहर चल रहे हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### बतकही परिवार के संयोजक पुरुषोत्तम पाठक का निधन

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद जिले की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था बतकही परिवार के संयोजक पुरुषोत्तम पाठक जी के आकस्मिक निधन पर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दवीणा औरंगाबाद द्वारा शोक संवाद किया गया।संस्था के जिला संरक्षक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय प्रवक्ता सह जिलाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,उपाध्यक्ष श्वेता सिंह,सचिव सतीश कुमार पांडेय, संगठन मंत्री अमित कुमार मिश्र,साहित्य मंत्री सुबोध कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, प्रचार मंत्री गायक अमित कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने शोक संवाद के क्रम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कहा कि इस संकट की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करें। पुरुषोत्तम पाठक जी औरंगाबाद जिले में पिछले एक दशक से बतकही का आयोजन कराकर एक नवीन साहित्यिक परंपरा को मूर्त रूप प्रदान किया था। साहित्यिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे।समकालीन जवाबदेही पत्रिका को निकालने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के संरक्षक मंडल रहते हुए हमेशा साहित्यिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज किया करते थे।शब्द के चितेरे पत्रिका निकालने में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके आकस्मिक निधन से साहित्यिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

### पुलिस की कार्रवाई, 11.4 लीटर देशी शराब जब्त

**जम्होर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गुप्त सूचना के आधार पर औरंगाबाद पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जम्होर थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने तेंदुआ मोड़ के पास छापेमारी कर कुल 11.4 लीटर देशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई जम्होर थाना की पुलिस द्वारा की गई, जहां संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद तत्काल टीम गठित कर मौके पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही अवैध कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए, हालांकि शराब जब्त कर ली गई। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और फरार आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि इस पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

### पंचायती राज स्थापना दिवस : ग्राम स्तर से विकास को मजबूत करने पर जोर

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड की चरकावां पंचायत स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को पंचायती राज स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया मोहम्मद सेराज अंसारी ने की, जबकि संचालन सरपंच दयानंद प्रसाद ने किया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच दयानंद प्रसाद ने पंचायती राज व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश में यह व्यवस्था 24 अप्रैल 1993 को लागू की गई थी, जबकि वर्ष 2010 से इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

जिले में निजी स्कूलों की मनमानी पर जिला प्रशासन ने अपनाया कड़ा रुख

# फीस वसूली पर डीएम सख्त, लॉर्ड बुद्धा, डीएवी समेत नौ निजी स्कूलों की जांच शुरू

- री-एडमिशन, फीस और किताब-यूनिफॉर्म में 'लूट' की शिकायत पर प्रशासन एक्शन मोड में, अनियमितता मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में निजी स्कूलों की मनमानी पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के दौरान अभिभावकों से मिल रही लगातार शिकायतों के बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर जांच दल गठित कर दिया गया है, जिसने गुरुवार को कई प्रमुख स्कूलों का भौतिक निरीक्षण भी किया। प्रशासन की इस कार्रवाई के दायरे में जिले के 9 बड़े निजी विद्यालय आए हैं, जिनमें लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल (जसोईया व कर्मा रोड), बी.एल. इंडो अम्बिका पब्लिक स्कूल, अम्बिका पब्लिक स्कूल, महेश एकेडमी, सरस्वती शिशु मंदिर, डीएवी पब्लिक स्कूल (दानी बिगहा व मुख्य शाखा), बिरला ओपन माइंड (बराटपुर) और नरायणा मिशन स्कूल (नागा बिगहा) शामिल हैं। प्रशासन ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

जिला प्रशासन के अनुसार, अभिभावकों ने शिकायत की है कि कई निजी स्कूल नियमों के विरुद्ध री-एडमिशन फीस वसूल रहे हैं, वार्षिक शुल्क और अन्य मदों में मनमानी राशि ली जा रही है, साथ ही अभिभावकों को तय दुकानों से ही महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। प्रशासन ने इन शिकायतों को गंभीर मानते हुए इसे अभिभावकों का आर्थिक शोषण करार दिया है।

जांच दल को निर्देश दिया गया है कि वह सभी संबंधित स्कूलों का संयुक्त निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन उसी दिन जिला पदाधिकारी को सौंपे। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता या शोषण की पुष्टि होती है, तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ कड़ी और विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने अभिभावकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी स्कूल में अवैध फीस वसूली, री-एडमिशन के नाम पर दबाव या किताब-ड्रेस में मनमानी की जानकारी मिले, तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करें। शिकायत समाहरणालय स्थित जिला शिक्षा कार्यालय या जिला जनसंपर्क कार्यालय में लिखित रूप से दर्ज कराई जा सकती है, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस कार्रवाई से जिले के निजी स्कूलों में हड़कंप मच गया है और अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## हाइवा की चपेट में आकर जेसीबी ऑपरेटर की मौत, परिजनों ने उठाई मुआवजे की मांग

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)


मृतक का फाइल फोटो

जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना बसन बिगहा मोड़ के पास की है, जहां तेज रफ्तार हाइवा ने सड़क पार कर रहे एक युवक को कुचल दिया। मृतक की पहचान पोखराहा निवासी युगल सिंह के पुत्र ओमप्रकाश कुमार के रूप में हुई है, जो पेशे से जेसीबी ऑपरेटर था और अपने परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था। बताया जाता है कि ओमप्रकाश सुबह घर से दूध लाने के लिए निकला था, तभी सड़क पार करने के दौरान तेज गति से आ रहे हाइवा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल अवस्था में उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्र महज 5 और 7 वर्ष बताई जा रही है।

हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने बताया कि उसे झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और पूर्व विधायक सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। साथ ही प्रशासन से मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई। जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त संकेतक और निगरानी व्यवस्था नहीं होने के कारण ऐसे हादसे बार-बार हो रहे हैं। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं पीड़ित परिवार के सामने अब जीविकोपार्जन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

### वाहन जांच में पुलिस की कार्रवाई, 4.22 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 4 किलो 220 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरूवार की देर शाम ओबरा बाजार स्थित देवी मंदिर के समीप सघन वाहन जांच के दौरान की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इस्लामिया मोहल्ला निवासी मोहम्मद साकिब उर्फ छोटन के रूप में हुई है। पुलिस को पूर्व में गुप्त सूचना मिली थी कि शंकरपुर की ओर से एक युवक मोटरसाइकिल पर झोले में गांजा लेकर ओबरा बाजार की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर तत्काल विशेष टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम और थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने देवी मंदिर के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया।

## कैटरर्स पर चाकू से हमला, हालत गंभीर



- मजदूरी विवाद में धमकी की आशंका, मुंह ढककर आए हमलावर ने किया वार; सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नगर थाना क्षेत्र के महुआ शहीद मोहल्ले में शुक्रवार को एक कैटरर्स पर अज्ञात बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान 40 वर्षीय सूरज कुमार के रूप में हुई है, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल गंभीर बनी हुई है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। घायल सूरज कुमार ने बताया कि वह मांगलिक कार्यक्रमों में कैटरिंग का काम करता है और शुक्रवार को उसकी एक बुकिंग रतनुआ गांव में थी। उसी सिलसिले में वह मजदूर की तलाश में दलित बस्ती की ओर गया था। इसी दौरान वह अपने मामा से फोन पर बात कर रहा था, तभी गमछे से मुंह ढके एक युवक ने अचानक उस पर हमला कर दिया और चाकू मारकर मौके से फरार हो गया।

हमलावर का चेहरा ढका होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि घायल ने आशंका जताई है कि इस घटना के पीछे किसी परिचित व्यक्ति का हाथ हो सकता है। उसने बताया कि हाल के दिनों में कुछ मजदूरों की मजदूरी बकाया थी, जिसे लेकर उसे धमकियां भी मिली थीं, ऐसे में संदेह उन्हीं लोगों पर जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। नगर थाना के थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि घायल का बयान दर्ज करने के लिए पुलिस पदाधिकारी को अस्पताल भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही हमलावर की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

## औरंगाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, रोजाना सात हजार के करीब सिलेंडर की डिलीवरी

- डीएम ने एजेंसियों को दिए पारदर्शिता और समय पर आपूर्ति के निर्देश, 203 पीएनजी कनेक्शन भी लगाए गए

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया है कि फिलहाल आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। शुक्रवार को हुई समीक्षा में पाया गया कि विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है और लंबित बुकिंग का भी लगातार निष्पादन किया जा रहा है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, जिले में संचालित कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध करीब 6979 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित नहीं हो रहा है।

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, लंबित बुकिंग का शीघ्र निपटारा करें और वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखें। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाए। प्रशासन ने संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण की नियमित निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला मुख्यालय को देने का निर्देश दिया है, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

वहीं, जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार पर भी काम जारी है। आज तक कुल 203 नए पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके हैं, जबकि 6 व्यावसायिक संस्थानों—शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क और होटल स्काई व्यू सहित अन्य—में भी पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है, जिसका दूरभाष नंबर 06186-295027 जारी किया गया है। 24 अप्रैल को प्राप्त 15 शिकायतों में से 13 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 2 मामलों पर कार्रवाई जारी है।

जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी एवं औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं, हालांकि अब तक किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि गैस आपूर्ति से जुड़ी किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सीएम से की मुलाकात, विकास मुद्दों पर हुई चर्चा



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने शुक्रवार को पटना में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके नए दायित्व के लिए बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। मुलाकात के दौरान प्रदेश के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक ने क्षेत्र की जरूरतों और प्राथमिकताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। प्रमोद कुमार सिंह ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा और सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक तेजी से पहुंचेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन में रफीगंज क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मुलाकात को राजनीतिक समन्वय और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जनता दरबार में डीडीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

- दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली, भूमि विवाद सहित कई मामलों की सुनवाई

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार औरंगाबाद समाहरणालय सभाकक्ष में 'सात निश्चय-3' अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे परिवादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त मामलों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान जैसे जनहित से जुड़े विषय प्रमुख रहे।

सभी प्राप्त परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रत्येक मामले में त्वरित और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और न्यायसंगत निपटारा सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए, ताकि प्रशासनिक जवाबदेही बनी रहे और जनता को प्रभावी सेवाएं मिल सकें।

### पंचायती राज दिवस पर योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** ओबरा प्रखंड के ग्राम पंचायत सरकार भवन रतनपुर (अतरौली) में शुक्रवार को पंचायती राज दिवस के अवसर पर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी ने की। यह बैठक जिला पंचायत राज पदाधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को पीएआई, एलएसडीजी और ओएसआर (जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के उद्देश्यों और उनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की गई और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता, पारदर्शिता और जनभागीदारी के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के सफल संचालन के लिए आम जनता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## औरंगाबाद नगर परिषद ने जारी किया नया रेट चार्ट, शहर में प्रवेश पर लगेगा शुल्क

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद


कार्यालय नगर परिषद, औरंगाबाद
कार्यालय आदेश

औरंगाबाद नगर परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शहर में प्रवेश करने वाले व्यावसायिक वाहनों और पार्किंग शुल्क की नई दरें तय कर दी हैं। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा एक अप्रैल 2026 को जारी कार्यालय आदेश के तहत अब नगर सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों से चुंगी एवं पार्किंग शुल्क वसूला जाएगा।

नगर परिषद के अनुसार, जनवरी और मार्च 2026 में चुंगी-पार्किंग शुल्क की बंदोबस्ती के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन किसी भी ठेकेदार ने इसमें भाग नहीं लिया। इसके बाद विभाग ने स्वयं ही वसूली करने का निर्णय लिया है, जो अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। इस व्यवस्था के तहत कर संग्रहकर्ता कन्हैया भगत को वसूली का प्रभारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए योजना सहायक रंजीत कुमार, एमटीएस मुकेश कुमार गुप्ता और कर्मी सुदामा कुमार सोनी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी कर्मियों को पहचान पत्र के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। नई दर सूची के अनुसार मालवाहक टेंपू से 20 रुपये, ट्रैक्टर या चार चक्का टेंपू से 40 रुपये, छोटी बस (407/709) और ट्रक से 60 रुपये, बड़ी बस से 80 रुपये तथा दस चक्का ट्रक से 100 रुपये शुल्क लिया जाएगा। वहीं, चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए 20 रुपये और दो पहिया वाहनों के लिए 5 रुपये निर्धारित किए गए हैं। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) से गुजरने वाले व्यावसायिक वाहनों से किसी भी स्थिति में शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह शुल्क केवल उन्हीं वाहनों से वसूला जाएगा जो शहर में प्रवेश करेंगे या निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़े होंगे।

नगर परिषद के अनुसार, यह निर्णय राजस्व बढ़ाने और शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या तथा अवैध पार्किंग पर नियंत्रण के उद्देश्य से लिया गया है। आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों और नगर थाना को भेज दी गई है, ताकि नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन ने व्यापारियों और वाहन चालकों से अपील की है कि शुल्क देते समय रसीद अवश्य लें और किसी भी प्रकार की अवैध वसूली की शिकायत तत्काल नगर परिषद या संबंधित थाना में करें।

## अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ देव बिजली कार्यालय का घेराव

निज सवांददाता | देव (औरंगाबाद)



देव में अनियमित बिजली आपूर्ति और लोड शेडिंग के विरोध में भाजपा नेता पूर्व जिलामंत्री सह सभापति प्रतिनिधि बिहार विधान परिषद आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लगातार कटौती से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देव एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं, लेकिन बिजली संकट से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

उन्होंने बताया कि बिजली नहीं रहने से छात्रों की पढ़ाई, महिलाओं के घरेलू कार्य और पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के नाम एक मांग पत्र सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल एवं कनीय अभियंता को सौंपा गया, जिसमें निर्बाध बिजली आपूर्ति, शाम 6 से 11 बजे तक नियमित आपूर्ति, अधिकारियों का देव में आवासन तथा अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की गई। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## टास्क फोर्स बैठक : गेहूं खरीद लक्ष्य बढ़ा, सुस्त राइस मिलों से जवाब-तलब, मसूर अधिप्राप्ति की तैयारी तेज करने पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें धान, गेहूं और मसूर अधिप्राप्ति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान धान अधिप्राप्ति से जुड़े कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) की धीमी आपूर्ति पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कम सीएमआर जमा करने वाली राइस मिलों से कारण स्पष्ट करने का निर्देश दिया और सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को आपूर्ति प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा, ताकि खरीद प्रक्रिया बाधित न हो। इस अवसर पर डीएम ने बताया कि जिले में गेहूं अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ा दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि बढ़े हुए लक्ष्य का आवंटन उन पैक्स और समितियों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिन्होंने अब तक बेहतर प्रदर्शन करते हुए सीएमआर जमा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इससे उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों को प्रोत्साहन मिलेगा और अन्य को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी।

रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत मसूर अधिप्राप्ति की तैयारियों पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि समितियों के चयन सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी की जाएं, ताकि समय पर खरीद शुरू हो सके।

बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरौली में भव्य यज्ञ का आज से शुभारंभ जलभरी के साथ शुरू होगा आयोजन

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के बरौली गांव में आयोजित होने वाले श्री राम-लखन-जानकी प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार से जलभरी के साथ होने जा रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। यज्ञ को लेकर बरौली गांव को आकर्षक ढंग से सजाया-संवारा गया है। राम-लखन-जानकी मंदिर और यज्ञ मंडप की भव्य सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। गांव के हर हिस्से में धार्मिक वातावरण और उत्साह स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है, जहां स्थानीय लोग इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

इस पावन अवसर पर काशी, विश्वनाथ मंदिर, हरिद्वार, वृंदावन और अयोध्या से कई विद्वान संत-महात्माओं के आगमन की भी सूचना है। ये संत अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगे। ग्रामीणों द्वारा अतिथियों और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे बरौली गांव में इस धार्मिक आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और ग्रामीण एकजुट होकर इसे सफल बनाने में जुटे हैं।